आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 24 जून 2024
वर्ष-34, अंक-147, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित 13

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर 14

नक्सली हमले में कानपुर का लाल बलिदान

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर के रहने वाले थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित नौगवां गौतम गांव के रहने वाले थे। बेटे के शहीद होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घर पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

पुलिस ट्रक को उड़ाया

शैलेंद्र

- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आईईडी से किया गया धमाका
- बम धमाके में कांस्टेबल शैलेंद्र और चालक विष्णु आर बलिदान

मुख्यमंत्री साय ने जवानों के बलिदान होने पर जताया शोक

रायपुर/जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो कोबरा जवानों के बलिदान होने पर गहरा दु:ख व शोक व्यक्त किया है। साय ने रविवार को ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं, विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

इसरो ने बनाया एक और कीर्तिमान : 4.5 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया आरएलवी पुष्पक

आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स-03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया,यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में टेस्ट रेंज पर लैंडिंग करता पुष्पक। ● एजेंसी

केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत की अर्जी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार सुबह सुनवाई की अपील की है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी थी। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को संघीय धनशोधन निरोधक एजेंसी को अंतरिम राहत नहीं दी होती तो वह (मुख्यमंत्री) शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते थे।

नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने दर्ज की रिपोर्ट

पेपर लीक के दावों की जांच के लिए बिहार और गुजरात भेजे गए विशेष दल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एजेंसी को दी गई एक शिकायत में आरोप लगाया है कि परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं। यह शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने विशेष दल गठित किए हैं जो गोधरा और पटना रवाना हो गए हैं, जहां पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज किए हैं। केंद्रीय एजेंसी गुजरात और बिहार में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की योजना बना रही है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से अभ्यर्थियों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा कथित अनियमितताओं के सम्पूर्ण पहलुओं की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षड्यंत्र, धोखाधड़ी, अभ्यर्थी की जगह किसी और के परीक्षा में बैठने, विश्वासघात और साक्ष्यों को नष्ट करना शामिल है।

कृपांक पाने वाले 1,563 अभ्यर्थियों में 813 ने दोबारा दी परीक्षा : नीट-स्नातक में जिन 1,563 अभ्यर्थियों को पहले कृपांक दिए गए थे, उनमें से 813 अभ्यर्थी रविवार को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सात केंद्रों पर दोबारा परीक्षा आयोजित की गई।

बिहार में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार

सीबीआई टीम से मारपीट में गिरफ्तार आरोपी।

नवादा। यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अम्बरीष राहुल ने बताया कि सीबीआई टीम से शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव में मारपीट हुई थी। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में रविवार को पांच और संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इन्हें एक दिन पहले झारखंड के देवघर से हिरासत में लिया गया था। इस मामले में अब तक 18 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

एनटीए की वेबसाइट हैक नहीं हुईं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

एटीएस ने दो शिक्षकों से की पूछताछ

मुंबई। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में लातूर जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर चलाने वाले दो शिक्षकों से पूछताछ की। एटीएस की नांदेड़ इकाई ने शनिवार रात दोनों को हिरासत में लिया और कुछ घंटों तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इनमें से एक शिक्षक लातूर जिले के एक सरकारी स्कूल में काम करता है।

परीक्षा सुधारों पर उच्च स्तरीय समिति की बैठक आज

नई दिल्ली। परीक्षा सुधारों पर सुझाव देने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति की सोमवार को बैठक होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। एक सूत्र ने बताया कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए, समिति की पहली बैठक सोमवार को होगी। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिन सुधारों की सिफारिश की गई है, उन्हें अगले परीक्षा चक्र तक लागू किया जाएगा। समिति परीक्षा कैलेंडर पर भी गौर करेगी और सुझाव देगी।

समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली को लेकर सिफारिशें करेगी।

परीक्षा केंद्र और प्रेस से लीक हुआ था आरओ एआरओ का पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मामले में प्रयागराज से पकड़े गए छह अन्य आरोपी
- पूर्व में एक दर्जन से अधिक आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

अमृत विचार : एसटीएफ ने रविवार को आरओ-एआरओ परीक्षा (2023) का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के छह अन्य सदस्यों को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा का प्रश्नपत्र बीती 11 फरवरी को सुबह परीक्षा शुरू होने से पूर्व ही परीक्षा केन्द्र बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज से आउट कराया गया था।

एसटीएफ ने गिरोह का खुलासा करते हुए बिशप जॉनसन कॉलेज में परीक्षा संबंधी कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत (जिसने प्रश्नपत्र आउट कर गिरोह को उपलब्ध कराया था) के साथ-साथ गिरोह के अन्य सदस्यों को पूर्व में अलग-अलग दिनों में गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था। इस मामले में बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है।

एसटीएफ (वाराणसी) के इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव को जांच के दौरान जानकारी मिली कि प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र से ही नहीं, प्रिन्टिग प्रेस से भी आउट कराया गया। इस संबंध में जानकारी करने पर पता चला कि प्रश्नपत्र लोक सेवा आयोग द्वारा प्रिंटिंग प्रेस भोपाल में छपवाया गया था। इस संबंध में जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुनील रघुवंशी (प्रिंटिंग प्रेस कर्मी) निवासी बिलखिरिया भोपाल, सुभाष प्रकाश निवासी जयनगर मधुबनी बिहार, विशाल दुबे निवासी मेजा प्रयागराज, संदीप पाण्डेय निवासी करछना प्रयागराज, अमरजीत शर्मा निवासी फतेहपुर, गया बिहार और विवेक उपाध्याय निवासी बैरिया बलिया शामिल हैं।

मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। उन्होंने आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर भी बहाल कर दिया है। ऐसे में आकाश आनंद फिर देश में पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मायावती ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भतीजे को लेकर निर्णय साझा करने के साथ आकाश को दूसरे राज्यों में भी बसपा को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अन्य प्रांत समेत उप्र. में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भी घोषणा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश के भाषण के दौरान आप लोग भीड़ लेकर मंच पर पहुंच गए थे। कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखने के लिए ही आकाश को पद से हटाया गया था।

- बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद भी सौंपा

प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज अप्राकृतिक यौनाचार में गिरफ्तार

होलेनरासीपुर (हासन)। कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए राजनीति से प्रेरित बताया है।

प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। 24 जून से 3 जुलाई तक के चलने वाले 10 दिन के इस सत्र में कुल आठ बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सदन में हंगामा होने के आसार हैं।

महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब प्रधानमंत्री से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे।

संसद सत्र आज से

- नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ सरकार साबित करेगी बहुमत

इन 10 दिनों के दौरान संसद में क्या-क्या होगा ?

- प्रधानमंत्री संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- प्रधानमंत्री कैबिनेट का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा
- प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे

नीट व यूजीसी नेट के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे

संसद संत्र के दौरान राहुल गांधी नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे, तो दूसरी तरफ सेना में अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस और टीएमसी ने तीन नए कानूनों पर भी मोदी सरकार को घेरने का संकेत दे दिया है।

एक हफ्ते में बिहार में एक और पुल गिरा

मोतिहारी। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद यह तीसरा पुल ढहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहा 18 मीटर लंबा पुल शनिवार रात अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद ढह गया। ढाका में तैनात आरईएस के कार्यपालक अभियंता एसएन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था, जिससे पुल ढह गया। जबकि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

कानपुर के वीआईपी रोड पर सींचपाल को कार से कुचलकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रविवार देर रात कोहना थाना क्षेत्र में एक सनसनी खेज वारदात हुई। गाड़ी में टक्कर लगने को लेकर हुए मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। उत्तर प्रदेश शासन लिखी कार के चालक ने गाड़ी के आगे खड़ा करके रोकने पर तेज रफ्तार में 200 मीटर तक गाड़ी भगा कर कुचल दिया। इस दौरान पीछे चल रहे वाहन सवार ने लाइव हत्या मोबाइल में कैद कर ली। आसपास के लोग नाजुक हालत में उसे लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे जहां कुछ देर में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

कोहना पुलिस के अनुसार एफ एम कालोनी निवासी 48 वर्षीय रविन्द्र कुमार तिवारी उर्फ भोला तिवारी कानपुर में सिंचाई में सींचपाल के पद पर कार्यरत थे। पत्नी मंजू ने बताया कि वह रात में कोहना वीआईपी रोड किसी काम से गए थे। इसी दौरान एक नामचीन मिठाई की दुकान के पास पीछे चल रही उत्तर प्रदेश शासन लिखी गाड़ी सवार लोगों से टक्कर मारने पर विवाद हो गया। विरोध करने पर कुचलकर मार डाला। इस वारदात से वीआईपी रोड से निकलने वालों में अफरातफरी मच गई। इधर नंबर और सीसीटीवी किए जा रहे ट्रेस वारदात का रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वैसे ही कुछ ही देर में वीआईपी पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने गाड़ी नम्बर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने ट्रेकिंग कर पहचान तलाशा तो वो किसी शुभम विमल निवासी पुराना कानपुर नवाबगंज लिखा है। पुलिस बोली- सीसीटीवी फुटेज से आरोपी को तलाशा जा रहा है।

- कोहना थाना क्षेत्र में देर रात हुई वारदात से हड़कंप

जुलाई से क्रियाशील होने लगेंगे नए थर्मल पॉवर स्टेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर अगले माह से ही नए थर्मल पॉवर प्लांट क्रियाशील होने लगेंगे। दरअसल, शासन की योजना इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारने की है। इसके बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए राज्य सरकार अगले तीन साल में 10 नए थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए लगभग 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं, 2030 तक तीन इकाइयों की क्षमता बढ़ाकर 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

660 मेगावॉट की जवाहरपुर-2, 561 की घाटमपुर-1 और 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट हो जाएंगी चालू

- 2027 तक 10 पॉवर प्लांट होंगे पूरे, बनेगी 5255 मेगावॉट बिजली
- 2030 तक और तीन बड़े बिजली घरों की क्षमता में भी होगी बढ़ोत्तरी

राज्य में जिन नए थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस साल जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई तक जबकि, 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस साल सितंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इनके शुरू होने से उप्र. में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। इसके अतिरिक्त 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट की बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके तहत मौजूदा तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-2 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है।

बिजली खपत और उत्पादन में बड़ा अंतर

राज्य में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए लगभग साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है। इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर बीते दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। इस साल गर्मियों में बिजली की मांग 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है।

एक नजर

ओडीएफ प्लस में शामिल हुए छूटे 274 गांव

अमृत विचार,लखनऊ : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस में 21 जिलों के 274 गांव शामिल किए गए हैं। जो पहले चरण में अभियान से छूट गए थे। अब इन गांवों को भी मॉडल बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को मॉडल बनाया जाना है। इस क्रम में अप्रैल में वर्ष 2024-25 के लिए 43,256 गांव चयनित हुए थे। जहां, स्वच्छता, जल संरक्षण, जलनिकासी, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि कार्य किए जाएंगे। जबकि इस अभियान से कई गांव छूट गए थे। जिनका चयन करने के निर्देश केंद्र सरकार ने दिए थे।

सत्तापक्ष और विपक्ष फिर होंगे आमने-सामने

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के बाद निकट भविष्य में एनडीए और इंडिया गठबंधन फिर आमने सामने आने की तैयारी में है। संपन्न लोकसभा चुनाव में वर्तमान विधायकों के सांसद बनने से विधानसभा की नौ सीट खाली हुईं है। जबकि एक सपा विधायक को सजा मिलने के कारण सीट रिक्त हुई है। ऐसे में, गाजियाबाद, करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, मीरापुर और खैर समेत राज्य की कुल 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। उप चुनाव को लेकर भाजपा और सपा के साथ-साथ उनके सहयोगी दलों ने भी अपनी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उप्र. में उपचुनाव 2027 विधानसभा चुनाव की नजर से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन सभी सीट पर 6 महीने के भीतर उपचुनाव होना है।

परीक्षा व्यवस्था नकल माफिया के हवाले की : अखिलेश

अमृत विचार,लखनऊ : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर नकल माफिया के हवाले कर दिया है। भाजपा ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है।उन्होंने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह सरकार एक भी परीक्षा पारदर्शिता से करने की क्षमता नहीं रखती है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में सराबोर है।

भरण-पोषण में करोड़ों खर्च का हिसाब नहीं

14 जिलों ने नहीं दिया गोशालाओं में खर्च का उपभोग प्रमाण, निदेशक ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में संचालित स्थाई व अस्थाई गोशालाओं में भरण-पोषण के लिए दी गई धनराशि का 14 जिलों ने हिसाब नहीं दिया है। कुछ जिलों ने प्रारूप में बदलाव करके उपभोग प्रमाण उपलब्ध कराए हैं। निदेशक प्रशासन पशुपालन ने ऐसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी देकर 25 जून तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

▸▸ मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों से 25 तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे

पिछले वर्ष गोशालाओं में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करने के लिए सभी जिलों को करोड़ों रुपये बजट जारी हुआ था। फरवरी से अलग-अलग माह का हाथरस, बदायूं, बहराइच. संतकबीरनगर, अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, बलरामपुर, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, मेरठ, शामली व झांसी ने 100 फीसद खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दिया है। जबकि करोड़ों रुपये गोशाला संचालन व गोवंशों के भरण-पोषण में खर्च हो चुके हैं। जिसके उपभोग प्रमाण पत्र तैयार नहीं हुए हैं। इस वजह से आगे का बजट रुका है। जो खर्च धनराशि का हिसाब मिलने पर ही आवंटित होगा। कुछ जिलों ने उपभोग प्रमाण पत्र के प्रारूप में बदलाव कर खर्च धनराशि दर्शाई है। यह गड़बड़ी पकड़े जाने पर निदेशक प्रशासन डॉ. आरएन सिंह से सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही 25 जून तक उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

इतनी है धनराशि

हाथरस 118 लाख, बदायूं 629 लाख, बहराइच 318 लाख, संतकबीरनगर 136 लाख, अयोध्या 282 लाख, अमेठी 339, बाराबंकी 442 लाख, बलरामपुर 163 लाख, उन्नाव 598, रायबरेली 108 लाख, सीतापुर 119 लाख, मेरठ 100 लाख, शामली 158 लाख, हमीरपुर 264 लाख।

35 करोड़ पौधे लगाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार ने इस साल के लिए भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य तय किया है। इस अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं इस प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान से जुड़ने वाले हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी करने के निर्देश हैं।

▸▸ लखनऊ को 4 करोड़, बरेली को 1.87 करोड़, कानपुर मंडल को 3.13 करोड़ का लक्ष्य

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

मानसून ने दी दस्तक, आज से तेज बारिश के आसार

प्री-मानसून से हल्की बारिश ने शनिवार को कई जिलों में दी राहत, 25 जून से पूरे प्रदेश में होगी बरसात

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में प्री-मानसून से शनिवार से रविवार के बीच कई जिलों में बरसात हुई। मौसम विभाग ने बांदा जिले में सबसे अधिक 27.2 मिलीमीटर बरसात दर्ज की। भीषण गर्मी की मार झेल रहे बुंदेलखंड में सबसे अधिक तापमान वाले उरई में भी 15 मिमी बारिश हुई। लेकिन झांसी में फुहारे पड़कर रह गईं। यहां केवल एक मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 24 जून से मानसून के सक्रिय होने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना पर अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून के साथ न्यूनतम तापमान में खास गिरावट न होने से रात में उमस बढ़ने के आसार हैं। प्रदेश में बारिश का औसत 1.8 मिमी दर्ज हुआ।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अधिकांश भाग को को पार करते हुए दक्षिणी सीमा (सोनभद्र) के काफी करीब पहुंच गया है। 2-3 दिन में कभी भी उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। 25 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश जबकि 26 जून से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफ़ल व तीव्रता में वृद्धि होगी। कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। लखनऊ में सोमवार को छिटपुट बारिश हो सकती है। 25 जून से वर्षा में वृद्धि होने की संभावना है। इस दौरान बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

लखनऊ के 1090 चौराहे पर तेज धूप से बचाव के लिए छाते का सहारा लेतीं महिलाएं।

22 जून को इन जिलों में हुई बारिश: शनिवार सुबह 8:30 से लेकर शाम 5:00 बजे तक बस्ती में 24, गोरखपुर में 4, वाराणसी 4.1, प्रयागराज 5.8, झांसी 1, उरई 15.2, और बरेली में 2 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। आगरा, कानपुर देहात, सोनभद्र, बहराइच में भी हल्की बारिश हुई। अंबेडकर नगर तड़के 3.30 बजे के करीब बारिश हुई।

इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी: बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा,झांसी, ललितपुर।

लखनऊ में बादलों की आवाजाही, उमस ने किया परेशान

लखनऊ में रविवार सुबह से ही बादलों की आवाजाही रही। वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, दिन में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। धूप निकलने पर लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। दिन का अधिकतम तापमान 39 .8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक था। रात का तापमान 29 .6 डिग्री रिकार्ड किया गया। रात का पारा सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

40-50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

अगले 24 घण्टों में पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। बारिश के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से चलेंगी।

इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, अंबेडकर नगर।

कानपुर रहा सबसे गर्म

रविवार को कानपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का पारा 41.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 30 .7 रहा। उरई 40 .8 रहा। प्रयागराज 40 .7 और 27 डिग्री रिकार्ड किया गया। फतेहगढ़ अधिकतम 40 .4 और न्यूनतम प्रदेश में सबसे अधिक 30 .7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

महिला एसआई की शिकायत पर एसएचओ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आगरा में एक प्रशिक्षु महिला एसआई ने एत्माद्दौला थाने के एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रशिक्षु महिला एसआई के आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपित एसएचओ को निलंबित कर दिया है। साथ ही सर्किल के एसीपी को मामले की जांच सौंप दी है। यह घटना से पुलिस महकमें में चर्चा का विषय बनी हुई है।

प्रशिक्षु महिला एसआई ने शनिवार को पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उन्होंने एत्माद्दौला थाने में आमद कराई थी। उनके थाने के इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अमर्यादित बातें करते थे। शिकायत में यह भी लिखा कि होली के दिन कार्यालय में जबरन बैठाकर रखा, गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकाया, मेरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने को भी कहा। नई नौकरी है छुड़वाने की भी धमकी दी। इंस्पेक्टर आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। थाने के बाहर कमरा न लेने को कहते है। प्रशिक्षु महिला दरोगा ने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि इंस्पेक्टर उससे कहते हैं कि घर पर शादी के लिए मना कर दो,वह उससे शादी करेंगे। उसकी जाति(अनुसूचित)को लेकर भी उल्टा-सीधा बोलते हैं। महिला दारोगा ने प्रार्थना पत्र पर उचित दंडात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उधर, शिकायत मिलते ही पुलिस आयुक्त ने एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा से मामले की जांच कराई तो प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही एत्माद्दौला थाने के एसएसआई अमित कुमार को भी निलंबित किया है। एसएसआई के खिलाफ भी अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी।

▸▸ एसीपी एत्मादपुर को दी गई मामले की जांच, पुलिस महकमे में खूब चर्चा

नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में एक बार फिर रवी अत्री चर्चा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में एक तरफ जहां जांच एजेंसियां महाराष्ट्र और बिहार में कनेक्शन खंगाल रही हैं, वहीं इस मामले में एक चिर परिचित नाम पुनः सामने आने से हड़कंप मच गया है। जांच एजेंसियों को एक बार फिर रवि अत्री के नाम की सूचना नीट प्रश्नपत्र लीक करने को लेकर मिली है। रवी अत्री को एसटीएफ ने आर-एआरओ तथा सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस समय रवी अत्री जेल में बंद है।

नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रतिदिन नए खुलासे हो रहे हैं। बिहार के बाद अब इस पेपर लीक के तार उप्र. से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। सिकंदर प्रसाद यादवेंदु, अमित आनंद और संजीव मुखिया के बाद पेपर लीक मामले में एक और नाम जुड़ा है, वह है रवि अत्री। रवि अत्री को यूपी सिपाही भर्ती पेपर लीक का मास्टरमाइंड बताया जाता है। उसे 10 अप्रैल को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था।

▸▸ आरओ-एआरओ एवं सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में मास्टर माइंड था रवी अत्री

एसटीएफ सतर्क

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में भी रवी अत्री का नाम सामने आने के बाद एसटीएफ सर्तक हो गई है। उधर, मिली जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस की आर्थिक आपराधिक इकाई को संदेह है कि रवि अत्री गिरोह ने ही नीट एग्जाम का पेपर लीक किया है। परीक्षा के एक दिन पहले प्रश्नपत्र सॉल्वर गैंग तक पहुंचाया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने झारखंड के रास्ते बिहार तक ये प्रश्नपत्र पहुंचाए थे।

मुख्यमंत्री का सचिव बन ठगी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ: मुख्यमंत्री के सचिव के नाम से फर्जी फोन काल करके प्रशासनिक अधिकारियों एवं आम जन से ठगी करने वाले आरोपी को एसटीएफ ने रविवार को बस्ती से गिरफ्तार किया है।

23 जून को सूचना प्राप्त हुई थी कि बस्ती में वांछित अपराधी विवेक चौधरी, जो कि सरकारी अधिकारियों एवं आम लोगों को के पास मुख्यमंत्री का सचिव बनकर फोन करके उनसे ठगी करता है। वह व्यक्ति इस समय थाना कोतवाली, बस्ती क्षेत्रांतर्गत अमहट पुल के पास खड़ा है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक लाल सिंह सहित एसटीएफ कार्मिक मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी का नाम विवेक उर्फ बन्टू चौधरी पता चला। वह ग्राम मढ़ेपुरा थाना बाह आगरा का रहने वाला है। विवेक चौधरी के खिलाफ बांदा, बलरामपुर और बस्ती में मिलाकर कुल 12 मामले दर्ज हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में परिवार नियोजन महत्वपूर्ण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में परिवार नियोजन के संसाधनों को उपलब्ध कराने में परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफपी - एलएमआईएस) की अहम भूमिका है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आशा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश प्रथम रहा है। इस डिजीटल प्रणाली से अस्पतालों में स्टॉक की स्थिति पता चलती है, और खत्म होने के पहले ही संसाधन पहुंच जाते हैं।

यह बात रविवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बैठक में कही। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण है। महाप्रबंधक परिवार नियोजन डॉ. सूर्यान्शु ओझा ने बताया की साल 2018 में लागू होने वाले पोर्टल 'एफपी-एलएमआईएस 'का उद्देश्य सही समय और सही स्थान पर परिवार नियोजन के आवश्यक साधनों की उपलब्धता करना है, इसके लॉन्च होने के बाद से, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य केंद्रों पर गर्भनिरोधक साधन आसानी से उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि इस प्रणाली की वजह से साल 2023-24 में कंडोम-41720949, माला-एन 5041470, छाया- 2175113, इजी पिल-2759655,आई. यू. सी. डी.375-1071838, आई. यू. सी. डी.380 A - 1090700, टुबल रिंग-355880, अंतरा-1245400,निश्चय किट-5416600 परिवार नियोजन साधनों का वितरण किया गया है।

▸▸ संसाधन उपलब्धता में एफपीएलएमआईएस की अहम भूमिका

विद्यालयों को जोड़ेंगे ऑनलाइन प्लेटफार्म से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में जल्द ही 400 से ज्यादा अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए छात्र व कर्मियों के आधार व अन्य जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का विकास किया जाएगा। यह ऐप जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों से लैस होगा। समाज कल्याण विभाग ने उप्र. इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को इसके विकास का जिम्मा सौंपा है। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए यूपीएलसी ने अपने यहां सूचीबद्ध कंपनियों के चयन और कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

इस ऑनलाइन मॉड्यूल बेस्ड मोबाइल ऐप को वास्ट डाटाबेस मैनेजमेंट के लिहाज से विकसित किया जा रहा है और इसके विकास के बाद 60 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रैक करने और उनके डाटाबेस को वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर एक्सेस करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो जाएगा। इस ऐप में स्टूडेंट्स के डेट ऑफ बर्थ, जेंडर, मोबाइल नंबर, पता, परिवारिक पृष्ठिभूमि, सोशल व फाइनेंशियल डिटेल, आधार वैलिडेशन व एकेडेमिक रिकॉर्ड्स शामिल होंगे। इसमें स्टाफ व टीचर्स की भी इसी प्रकार की जानकारियां अंकित होंगी। इसके साथ ही, विद्यालय का नाम व पूरा पता, मैनेजमेंट डीटेल्स, लैटीट्यूड-लॉन्गिट्यूड समेत विभिन्न प्रकार की जानकारियां अंकित होंगी।

▸▸ 400 से अधिक अनुदानित विद्यालयों की जानकारियों के लिए विकसित किया जाएगा मोबाइल एप

परिषदीय विद्यालयों में 12 तरह के रजिस्टर होंगे डिजिटल

अमृत विचार लखनऊ : परिषदीय विद्यालयों में अब छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम (चेहरा दिखाकर) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 15 जुलाई से यह प्रक्रिया पूरे राज्य में लागू हो जाएगी। इन स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल किए जाने के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल मॉड्यूल तैयार किया गया है। यही नहीं, डिजिटल अटेंडेंस के लिए भी स्कूलों को टैबलेट और सिम प्रदान किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार सभी अध्यापक 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक आगमन उपस्थिति प्रात : 7 .45 से 8 बजे तक और प्रस्थान दोपहर 2 .15 से 2 .30 बजे तक लगाएंगे। वहीं एक अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन उपस्थिति सुबह 8 .45 बजे से सुबह नौ बजे तक और प्रस्थान उपस्थिति 3 .15 बजे से 3 .30 बजे तक दर्ज कर सकेंगे। फिलहाल, अग्रिम आदेश तक शिक्षक सुबह 7 .15 बजे से 7 .30 बजे तक उपस्थिति लगाएंगे और प्रस्थान उपस्थिति दोपहर 1 .30 बजे से 1 .45 बजे तक लगा सकेंगे। निर्धारित समय के बाद उपस्थिति मान्य नहीं होगी। प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति प्रमाणित की जाएगी।

मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूरा: योगी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी।

स्मृति पार्क में निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ:

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया।

योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

▸▸ मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर चढ़ाए फूल

राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी

मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा का किया अनावरण

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बहराइच में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी मूर्ति का अनावरण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पार्क में हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि, डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रहित में किया गया अकल्पनीय कार्य एवं उनका आदर्श व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग और विचारो को आत्मसात करते हुए कार्य करें।

योग से फाइलेरिया रोगियों की कम हो रही सूजन

अमृत विचार, लखनऊ: फाइलेरिया रोगियों को योगाभ्यास और व्यायाम से खासा लाभ मिल रहा है। योग करने से उन्हें न केवल शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, बल्कि समाज की मुख्य धारा में जुड़ने से मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार आया है। इसके लिए इंदिरानगर स्तिथ क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी (आईएडी) सेंटर खोला गया है।

यह जानकारी रविवार को आईएडी के योग परामर्शदाता संदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया सेंटर में फाइलेरिया मरीजों को देखभाल के तरीके, योग व प्राणायाम सिखाया जाता है। योग परामर्शदाता ने बताया कि इलाज के साथ-साथ 14 दिनों तक नियमित योग और व्यायाम कराया जाता है। मरीजों सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा और शवासन कराया जाता है। आईएडी के विभु राज कुमार ने बताया कि फाइलेरिया ग्रसित होने पर शरीर का लसिका तंत्र ठीक से काम नहीं करता और लसिका एकत्र होने से अंग में सूजन हो जाती है। योग व व्यायाम से सूजन कम हो जाती है और लसिका तंत्र सुचारू रूप से कार्य करता है।

मिशनरी लोगों को आगे कर जनाधार बढ़ाएं : मायावती

बसपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: बसपा प्रमुख मायावती ने मिशनरी लोगों को आगे करके पार्टी के जनाधार को देश भर में निरंतर बढ़ाने का आह्वान किया। अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि केन्द्र में नवनिर्वाचित भाजपा व एनडीए सरकार स्थिर नहीं है, कभी भी अस्थिर होने की स्थिति बन सकती है।

वह, रविवार को पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा कर रही थी। आकाश के पिता व मायावती के भाई आनंद कुमार और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा की मौजूदगी में पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों को संबोधित भी किया। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव के दौरान बरती गई गलतियों के लिए फटकार भी लगाई , वहीं पार्टी हित के लिए सहज भाव से समझाया भी। मायावती ने कहा कि विरोधी पार्टियों द्वारा चुनाव में संविधान बचाओ जैसे अनेकों मुद्दों को लेकर किये गये गलत प्रचार से जनता गुमराह हुई है, जिसकी वजह से बसपा का जबरदस्त नुकसान हुआ है।

पीठ पर हाथ रखकर फोटो खिंचवाई

बैठक में भतीजे आकाश आनंद ने अपनी बुआ के पैर छूए तो मायावती न केवल खुश हुईं बल्कि सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद भी दिया। आकाश की पीठ पर हाथ रखकर फोटो भी खिंचवायी। आकाश की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि आकाश अपनी पार्टी व मूवमेंट के हित में हर स्तर पर पूरे तौर से एक परिपक्व नेता के रूप में जरूर उभरेंगे।

स्वास्थ्य महानिदेशालय में तबादलों के लिए 7 सदस्यीय कमेटी गठित

अमृत विचार,लखनऊ: स्वास्थ्य विभाग में कई संवर्ग के तबादले महानिदेशालय स्तर पर होने हैं। इसके लिए स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा निदेशक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की अध्यक्षता में सात सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है, जो विभागों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव पर रिपोर्ट देगी।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि महानिदेशालय स्तर पर होने वाले तबादले कमेटी की संस्तुति पर ही किये जाएंगे। इसके लिए निदेशक पीएचसी डॉ.साधना राठौर को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही अपर निदेशक सीएचसी डॉ.कल्पना चौहान चंदेल, डॉ.अभिलाषा मिश्रा, डॉ.सुशील कुमार, डॉ.सीएस बाजपेयी को बतौर सदस्य नामित किया गया है। इसके अलावा संबन्धित अनुभाग के संयुक्त निदेशक को संयोजक व प्रशासनिक अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है।

अनुभागों के प्रस्ताव पर समिति के समझ रखे जाएंगे, परीक्षोपरांत समिति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके बाद तबादले कार्रवाई की जाएगी।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

महिला- साइबर अपराध रोकेंगे, सुधारेंगे यातायात व्यवस्था

पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर ने गिनाईं प्राथमिकताएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पदभार संभालने के बाद नवागत पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता है। साइबर क्राइम में कमी लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे। ऐसे अपराधों में लिप्त गिरोहों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा सीमावर्ती जिलों से मिलकर राजधानी की यातायात व्यवस्था में सुधार करेंगे।

पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर पदभार संभालने के बाद रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में मीडिया से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी अपराध की शिकायतों और महिलाओं से जुड़ी प्रत्येक समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। महिलाओं के लिए चलाई जा रही प्रदेश सरकार की योजनाओं और अभियानों को बेहतर तरीके से लागू कराने का प्रयास भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम लगातार बढ़ रहा है। इस पर अंकुश लगाया जाएगा। इसके लिए बेहतर योजना बनाई जाएगी। विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर इसमें कमी लाया जाएगा।

9 जिलों की संभाल चुके हैं कमान

1995 बैच के यूपी कॉडर के आईपीएस नवागत पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर मूलरूप से बिहार के छपरा के रहने वाले हैं। वह प्रदेश में 9 जिलों की कमान संभाल चुके हैं। गोरखपुर, बस्ती, मुरादाबाद में डीआईजी रेंज, वाराणसी और लखनऊ जोन के अलावा आईजी कानून एवं व्यवस्था के पद पर भी काम कर चुके हैं।

पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर

ई-रिक्शा, वेंडिंग जोन से उत्पन्न समस्याएं दूर करेंगे

नए पुलिस कमिश्नर ने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए जिम्मेदार विभागों से समन्वय बनाकर काम होगा। सीमावर्ती जिलों के साथ विशेष योजना बनाकर काम किया जाएगा। ई-रिक्शा व वेंडिंग जोन के कारण आने वाली समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसके लिए जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जन समस्याओं के निस्तारण के लिए मीडिया व पुलिस मिलकर काम करेंगी। मीडिया जनता की समस्याओं को पुलिस के संज्ञान में लाती है और पुलिस की ओर से उन समस्याओं त्वरित व समुचित निवारण किया जाएगा।

उडान संस्था की ओर से उर्दू अकादमी के सभागार में भारत रत्न लतामगेंशकर और ऋषी कपूर की स्मृति में आयोजित तुम मुझे यूं ना भूला पाओगे संगीत कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

मौसम

बादल छाए रहेंगे, बारिश होने की संभावना है।

39.8° अधिकतम तापमान | 29.6° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में दृष्टिबाधित खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश व केरल के बीच मैच- 8:00 बजे।

एक नजर

गहरू पावर हाउस का सर्वर डाउन से उपभोक्ता परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर के गहरू पावर हाउस में 10 बजे अचानक सर्वर डाउन होने की वजह से काम रोक दिया गया। इस बीच लाइन लगे कई उपभोक्ताओं सर्वर के सामान्य होने का वही इंतजार करते रहें। इस बीच कई लोग सर्वर डाउन होने की शिकायत लेकर कार्यालय के चक्कर भी लगाए। अधिकारियों के न मिलने से मायूस होकर वापस लौट गए। वही डेढ़ घंटे बाद भी सर्वर के सही न होने से कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच बहसबाजी भी हुई। जयराजपुरी कॉलोनी के रामानुज सिंह ने बताया कि यहां आए दिन सर्वर के डाउन होने की बात बताकर काम रोक दिया जाता है। जिसके कारण बिल जमा करने से लेकर नयें कनेक्शन और रीचार्ज के लिए इंतजार करना पड़ता है। जब यहां के कर्मचारी चाहते है सर्वर सही हो जाता है। अधिकारियों से शिकायत करने जाने पर अधिकारी मिलते नही है। ऐसे में सिवाय सर्वर के सही होने के इंतजार के हमारे पास कोई विकल्प नही है। दोपहर 3बजे के बाद बिल जमा करने का काम फिर शुरू हुआ।

डीपीए का चुनाव 28 को

अमृत विचार : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उप्र. (डीपीए) का चुनाव 28 जून को बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में होगा। चुनाव अधिकारी कपिल वर्मा और मनमोहन मिश्रा ने बताया कि डीपीए के द्विवार्षिक चुनाव में रविवार को बलरामपुर अस्पताल के विज्ञान भवन में आठ पदों पर 16 नामांकन वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी ने बताया कि नाम वापसी 25 जून तक हो सकेंगे। चुनाव में प्रदेश भर से फार्मासिस्ट वोट डालने पहुंचेंगे।

10 घंटे बिजली गुल, फैजुल्लागंज उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं का हंगामा

कर्मियों को 3 घंटे में मिला केबिल का फाल्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ रात 10 बजे ठप हुई आपूर्ति सुबह 8 बजे शुरू की जा सकी

अमृत विचार: बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने शनिवार रात करीब 12 बजे फैजुल्लागंज उपकेंद्र का घेराव कर जमकर हंगामा किया। उपकेंद्र कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर भीड़ को शांत कराया। रात 10 बजे गुल हुई बिजली सुबह 8 बजे आई।

स्थानीय लोगों के अनुसार रात 10 बजे से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप थी। उपकेंद्र में शिकायत करने पर बताया गया कि केबल के खराब आ गई है। इसके 2 घंटे बाद भी फॉल्ट ठीक नहीं किया गया। बिजली न होने से परेशान 200 से ज्यादा लोगों ने उपकेंद्र का घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया। उपकेंद्र कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाकर भीड़ को शांत कराया। पूरी रात बिजली नहीं आने से इन्वर्टर भी बंद हो गए। सुबह 8 बजे के बाद आपूर्ति सामान्य हुई।

क्षेत्र के विशाल दुबे ने बताया कि 15 दिनों से लगातार बिजली कट रही है। कभी भी सप्लाई शेड्यूल के अनुसार नहीं मिलती है। उपकेंद्र पर फोन करने पर 15 मिनट में आपूर्ति शुरू होने का आश्वासन मिलता है, उसके बाद घंटों बिजली नहीं आती है। फैजुल्लागंज एसडीओ दीपेंद्र सिंह ने बताया कि 33केवी के बेक्रडाउन और 132 सहारा सिटी केबल में समस्या के कारण सप्लाई बाधित हुई थी। समाधान करने में 3 घंटे से ज्यादा का समय लगा। सुबह सप्लाई को सामान्य कर दिया गया।

लोड बढ़ने से फुंक रहे ट्रांसफार्मर

राजधानी में करीब 4000 से ज्यादा छोटे बड़े ट्रांसफार्मर पर ओवर लोड हैं। इससे ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 15 दिनों में 300 से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं।

पहले भी हुए हैं हंगामे

चौपटिया में पिछलें दिनों ट्रांसफार्मर खराब होने और फॉल्ट की वजह से करीब 17 घंटे तक सप्लाई बाधित रही। इस दौरान भी लोगो ने उपकेंद्र पर पंहुचकर जमकर हंगामा काटा। जिसके बाद इस इलाके की गली तक को बंद कर दिया गया था। चौक, सीतापुर रोड़, कश्मीरी मोहल्ला कई इलाकों में उपभोक्ता हंगामा कर चुके हैं।

सांप ने ठप कर दी पांच फीडरों की बिजली

▸▸ फाल्ट होने से करीब 18 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

अमृत विचार , लखनऊ : निगोहां सबस्टेशन में चूहों का शिकार करने सांप घुसने से कपलर बॉक्स होने से पांचों फीडर ठप हो गए। कुछ इलाकों की आपूर्ति वैकल्पिक व्यवस्था से शुरू की गई लेकिन 50 हजार से अधिक आबादी 18 घंटे बिजली न होने से परेशान रही। सुबह लोगों को पानी के लिए भी भटकना पड़ा। शाम करीब सात बजे बंद हुए सभी फीडरों की आपूर्ति दोपहर एक बजे सामान्य की जा सकी।

निगोहां विद्युत सबस्टेशन के निगोहां और मस्तीपुर फीडर में शनिवार शाम करीब 7 बजे ब्लास्ट हो गया। इसके साथ ही निगोहां, मस्तीपुर के साथ पांचों फीडर ठप हो गए। बिजली न होने से रात भर लोग गर्मी से बेहाल रहे और सुबह सबमर्सिबल पंप न चलने से पानी के लिए भटकना पड़ा। एसडीओ समेसी उपेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि रविवार सुबह 9 बजे शटडाउन लेकर फीडरों की जांच कराई गई। इसमें पता चला कि चूहों का शिकार करने कपलर बॉक्स में सांप घुसने से ब्लास्ट हुआ था।

फीडरों को ठीक करके दोपहर 1 बजे सभी फीडरों की आपूर्ति को सामान्य किया जा सका। कुछ इलाकों में वैकल्पिक व्यवस्था कर रात लगभग 2 बजे आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। सुबह फिर आपूर्ति के ठप हो गई। इसके बाद 1 बजे बहाल हुई।

लो वोल्टेज से परेशान रही 20 हजार की आबादी

अमृत विचार, लखनऊ : डालीगंज अहिबरनपुर क्षेत्र के मशालची टोला, शंकरनगर, मदेयगंज, गंगा कॉलोनी और कर्बला ढाल में रविवार सुबह सात बजे वोल्टेज लो हो गया। इससे करीब बीस हजार की आबादी परेशान रही। टुल्लू पंप न चलने से लोग पानी के लिए परेशान हुए। उपकेंद्र पर कई बार फोन के बाद भी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार आए दिन शार्ट सर्किट और ट्रांसफार्मर की खराबी से सप्लाई बाधित रहती है। फॉल्ट को ठीक करने के बाद वोल्टेज लो हो जाता है। इसका दिनभर समाधान नहीं किया जाता है। एसडीओ डालीगंज अहिबरनपुर प्रशांत सक्सेना ने कहा कि फॉल्ट के बाद कुछ जगह लो वोल्टेज की समस्या हुई, लेकिन शिकायत मिलने के बाद समस्या को दूर कर दिया गया।

भाजपा प्रवक्ता से अभद्रता पर टीएसआई निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एयरपोर्ट से परिवार के साथ घर जाते समय चेकिंग के नाम पर की थी अभद्रता

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ शहीद पथ पर तलाशी के नाम पर अभद्रता करने के आरोप में टीएसआई को निलंबित कर दिया गया है। मामले में विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने डीसीपी यातायात को लिखित शिकायत दी थी। इसमें उन्होंने बताया था कि शनिवार 22 जून परिवार के साथ एयरपोर्ट से घर लौट रहे थे। शहीद पथ पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी रुकवाई। आरोप लगाया कि ट्रैफिक इंस्पेक्टर (टीएसआई) आशुतोष त्रिपाठी ने चेकिंग के नाम पर मेरे और परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया। इससे मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंची है।

शिकायत पर डीजीपी मुख्यालय ने दखल दिया। शुरूआती जांच में यातायात इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी पर लगे आरोप सही पाए गए। इस पर डीसीपी यातायात ने उनको निलंबित कर दिया है। मामले में विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

एलडीए में संविदा पर तैनात किए जाएंगे जेई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ समिति की सहमति पर भेजा गया प्रस्ताव, शुरुआत में 18 से 20 पद भरे जाएंगे

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) संविदा पर अवर अभियंता (जेई) की भर्ती करेगा। समिति की सहमति पर क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र को प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलते ही जल्द मानदेय तय करने के साथ भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण कई वर्ष से अभियंताओं की कमी से जूझ रहा है। इससे योजनाओं के साथ प्रवर्तन के कार्य प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा कमी अवर अभियंताओं की है। करीब 160 पदों पर 30-35 ही बचे हैं। बाकी सेवानिवृत्त या फिर ट्रांसफर हो गए हैं। एक अवर अभियंता के पास कई चार्ज हैं। किसी तरह काम चल रहा है। जिसे देखते हुए समिति ने अवर अभियंताओं के पद संविदा पर भरने का फैसला लिया है। सहमति के बाद प्रस्ताव क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र को भेजा है। शुरुआत में सिविल और विद्युत यांत्रिक के 18 से 20 पद भरे जाएंगे। इसी तरह बाद में अन्य अवर अभियंता के पदों पर भर्ती की जाएगी। मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि सिर्फ अवर अभियंता संविदा पर रखेंगे। इसका प्रस्ताव भेजा है।

कल खुलेगा अकबर नगर का मलबा उठाने का टेंडर

अमृत विचार, लखनऊ : अकबर नगर में मलबा उठाने के लिए डाले गए टेंडर लखनऊ विकास प्राधिकरण में 25 जून को खुलेंगे। अधिक बोली लगाने वाली फर्म को टेंडर मिलेगा, जिसे 15 दिन में मलबा साफ करना होगा।

अकबर नगर प्रथम और द्वितीय में 1350 अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मलबा उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो मलबा उठाने के लिए डाले गए टेंडर 25 जून को खोलेगा। फर्म को अधिक बोली के आधार पर एलडीए टेंडर देगा। जो 15 दिन में दोनों क्षेत्रों से अपने संसाधनों से मलबा उठाकर ले जाएगी। द्वितीय क्षेत्र में 395 और प्रथम क्षेत्र में करीब 955 अवैध निर्माण तोड़े गए थे। प्रथम में ज्यादातर पक्के और तीन से चार मंजिला इमारतें थी। इस वजह से यहां मलबा अधिक है। एलडीए ने आकलन कर 40 लाख का मलबा बिक्री की दर निर्धारित की थी। लेकिन, इससे अधिक का मलबा है।

ब्राइटवे, जानकीपुरम और शिव विहार में आज गुल रहेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इंजीनियरिंग कॉलेज के ब्राइटवे, सेक्टर एच जानकीपुरम, शिव विहार, गौशाला बूंस, जानकीपुरम विस्तार के सुल्तानपुर गांव नियर बनाना काउंटी, सेक्टर आईर, जानकीपुरम के अलीशा नगर और जानकीपुरम में तार और खंभे बदले जाएंगे।

इस कारण सप्लाई सुबह 10 से 4बजे तक बाधित रहेगी। कैंट उपकेंद्र के सदर चौराहे पर लगे 250 केवीए के परिवर्तक और पोल , एबीसी केबल बदला जाएगा। सदर चौराहे और आसपास सुबह 9 से 2 बजे तक सप्लाई गुल रहेगी। विकास नगर उपकेंद्र 400 केवीए परिवर्तक कल्याणी पार्क और कमला नेहरू नगर ,कमला मार्केट, मुखर्जी पार्क की एलटी सप्लाई और खराब कंडक्टर की जगह एबी केबल लगाया जायेगा। इससे सुबह 10 से 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

विरोध

गोमतीनगर स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के पुतले की अर्थी निकाल कर प्रदर्शन करते पार्टी के छात्र विंग के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ...पेज 4

निरस्त ट्रेनों का संचालन शुरू, यात्रियों को राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लूप लाइन ब्लॉक के चलते ट्रेनों के ठहराव किए गए स्थगित

अमृत विचार: गोंडा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में प्री नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण करनैलगंज, मैजापुर एवं गोंडा कचहरी स्टेशनों के लूप लाइन ब्लॉक होने के कारण कई ट्रेनों के ठहराव को स्थगित किया गया है।

24 जून को इन ट्रेनों का ठहराव किया गया स्थगित: ट्रेन नंबर 15082 गोमती नगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस करनैलगंज स्टेशन पर नहीं रूकेगी। ट्रेन नंबर 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस करनैलगंज स्टेशन पर, ट्रेन नंबर 15081 नकहा जंगल-गोमती नगर एक्सप्रेस करनैलगंज स्टेशन पर, ट्रेन नंबर 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस करनैलगंज स्टेशन पर और ट्रेन नंबर 12531 गोरखपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस करनैलगंज स्टेशन पर नहीं रूकेगी। इस ट्रेन का अस्थाई ठहराव जरवल रोड स्टेशन पर दिया गया है। यह ट्रेन जरवल रोड 09:16 बजे पहुंचकर 09:18 बजे छूटेगी।

ट्रेन नंबर 12532 लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस करनैलगंज स्टेशन पर नहीं रूकेगी। इस गाड़ी का अस्थाई ठहराव जरवल रोड स्टेशन पर दिया गया है। यह गाड़ी जरवल रोड शाम 5:44 बजे पहुंचकर 5:46 बजे छूटेगी। ट्रेन नंबर 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस करनैलगंज स्टेशन पर नहीं रूकेगी। इस गाड़ी का अस्थाई ठहराव जरवल रोड स्टेशन पर दिया गया है। यह गाड़ी जरवल रोड रात्रि 10:13 बजे पहुंच कर 10:15 बजे छूटेगी।

दिल्ली-दरभंगा स्पेशल कल से बहाल

लखनऊ मंडल के टिनिच स्टेशन पर नान इंटरलॉक कार्य के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण कुछ गाड़ियों का निरस्तीकरण किया गया था, जिनमें कई ट्रेनों का निरस्तीकरण समाप्त कर दिया गया है। जिसमें दिल्ली से 25 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 04068 दिल्ली-दरभंगा स्पेशल तथा दरभंगा से 26 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 04067 दरभंगा-दिल्ली स्पेशल का निरस्तीकरण समाप्त कर दिया गया है। ये ट्रेनें पहले की तरह ही चलेंगी।

वडोदरा-गोरखपुर स्पेशल समेत कई ट्रेनों का हुआ विस्तार

पूर्व में वडोदरा से चलायी जा रही ट्रेन ट्रेन नंबर 09111 वडोदरा-गोरखपुर स्पेशल के संचालन अवधि का विस्तार 30 सितम्बर तक किया गया है। इसी क्रम में ट्रेन नंबर 09112 गोरखपुर-वडोदरा स्पेशल 02 अक्टूबर तक, ट्रेन नंबर 09195 वडोदरा-मऊ स्पेशल 28 सितम्बर तक, ट्रेन नंबर 09418 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल 01 अक्टूबर तक, ट्रेन नंबर 09525 हापा-नाहरलगुन स्पेशल 25 दिसम्बर तक, ट्रेन नंबर 09526 नाहरलगुन-हापा स्पेशल 28 दिसम्बर तक, ट्रेन नंबर 09183 मुम्बई सेन्ट्रल-बनारस स्पेशल 25 दिसम्बर तक, ट्रेन नंबर 09184 बनारस-मुम्बई सेन्ट्रल स्पेशल 27 दिसम्बर तक, ट्रेन नंबर 09185 मुम्बई सेन्ट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल 29 दिसम्बर तक, 09186 कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेन्ट्रल स्पेशल 30 दिसम्बर तक चलाई जायेगी।

प्रतिक्रिया | जीएसटी काउंसिल की बैठक के निर्णयों पर व्यापारी संगठनों के मुखिया एकमत नहीं

ब्याज-जुर्माना समाप्त होने से राहत लेकिन व्यापारियों पर दबाव बरकरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में लिए गए फैसलों पर सभी व्यापारी संगठन एकमत नहीं दिखे। काउंसिल की बैठक पर विभिन्न संगठनों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।

एक वर्ग ने जहां निर्णय को मध्यवर्गीय व्यापारियों को राहत देने वाला बताया तो दूसरे ने कहा कि बीत चुके वित्तीय वर्ष पर इन निर्णयों का कारोबारियों को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।

पेट्रोल और डीजल को जल्द से जल्द जीएसटी के दायरे में लाने पर भी कोई ठोस पहल नहीं दिखती है। कारोबार में कागजी काम का दबाव भी कम नहीं होने के आसार हैं।

जीएसटीआर-1ए से राहत की उम्मीद : संजय

संजय गुप्ता

आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से जीएसटी असेसमेंट में भारी जुर्माने और ब्याज से व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा था उन्हें नोटिस देकर कार्यालय बुलाया जाता था। वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018- 19, 2019- 20 के डिमांड नोटिस पर ब्याज एवं जुर्माना समाप्त करने से व्यापारियों को राहत मिलेगी। जीएसटी काउंसिल का जीएसटीआर-1ए लाए जाने का भी निर्णय उचित है क्योंकि इससे जीएसटी आर- 3बी के अंतर्गत यदि कुछ जोड़ना छूट गया है तो व्यापारी 1 ए के अंतर्गत फाइल कर सकेंगे। लेकिन, जीएसटी प्रणाली को और अधिक सरल किया जाना चाहिए ताकि व्यापारी अपने व्यापार पर ध्यान दे सके, न कि मुनीम बन कर काम करे। साथ ही पेट्रोल और डीजल को जल्द से जल्द जीएसटी के दायरे में लाया जाए ताकि महंगाई में कमी आए।

क्या जमा हो चुका अर्थदंड वापस होगा : अमरनाथ

अमरनाथ मिश्र

लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि धारा 73 के तहत अर्थदण्ड एवं ब्याज पर छूट दी गई है लेकिन वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 में तमाम व्यापारियों ने अर्थदण्ड एवं ब्याज जमा कर दिया है। क्या उसे वापस किया जाएगा? वित्तीय वर्ष 2019-20 में भी तमाम नोटिस जारी की जा चुकी हैं जिसमें व्यापारी अंतिम तिथि को देखते हुए अर्थदण्ड को बचाने के लिए राशि जमा कर चुका है। जमा ब्याज एवं अर्थदण्ड यदि वापस नहीं हुआ तो व्यापारी को इसका कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जब जीएसटी लागू हुआ था तब लगभग 2 वर्ष तक पोर्टल का सर्वर सही से काम नहीं कर पाया। यह कदम यदि दो वर्ष पहले उठाया जाता तो व्यापारी को अधिक लाभ मिलता। उन्होंने काउंसिल के 20 लाख ट्रिब्यूनल, 1 करोड़ हाईकोर्ट, 2 करोड़ सुप्रीमकोर्ट तक अपील न करने के आदेश का स्वागत किया।

डीजल-पेट्रोल को दायरे में लाते तो महंगाई से मिलती राहत : संदीप

संदीप बंसल

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर समूह की बैठक में तय हुए उन फैसलों की घोषणा की गई है जो जिसे पहले किया जाना चाहिए था। इससे व्यापारियों को लाभ होता और असंतोष और भय के बीच कारोबार कर रहे व्यवसायियों को फायदा पहुंचता। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस आदि को जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए। देश में वन नेशन वन टैक्स सही साबित हो सके यह तब हो सकता है जब डीजल-पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाया जाएगा। हालांकि उन्होंने 2017-18 से 2021 तक ब्याज और जुर्माना नहीं लगाने के फैसले को राहत योग्य कदम बताया। कहा कि जीएसटी आर 1ए को लाया गया ताकि जीएसटी 3बी के तहत यदि कोई जानकारी छूट गई है तो उसे जोड़ा जा सकता है। यह महत्वपूर्ण कदम है जो व्यापारियों को राहत पहुंचाएगा।

एक नजर

पेपर लीक रोकने में सरकार विफल : वेद

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। युवक पूरे वर्ष पढ़ाई करके तैयारी कर परीक्षा देते हैं। पता चलता है कि परीक्षा लीक हो गई। मानसिक तौर पर आज का टूटता जा रहा है। सरकार की निरंकुशता के चलते युवाओं का भविष्य अंधकार में है। भाजपा सरकार के लाख दावों के बावजूद परीक्षाएं लीक हो रहे हैं। रोक लगाने में सरकार विफल है। हम लोग हमेशा से युवाओं के साथ खड़े हैं और उनके भविष्य से खिलवाड़ नही होने देंगे।

शादी सोशल इवेंट नहीं, पवित्र बंधन : अनुराग

अमृत विचार, लखनऊ : आजकल शादी को लोगो ने सोशल इवेंट बना दिया है, जबकि शादी एक पवित्र बंधन है। जिसमें दो परिवारों का मिलन होता है। नाचने, गाने, खाने, पीने का सोशल इवेंट बनाकर इसके महत्व को खत्म नहीं किया जाना चाहिए। यह बात पारिवारिक न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग अरोड़ा ने एक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि हिंदू शादी एक संस्कार है। अधिवक्ता ने कहा कि युवाओं को गहराई से महत्ता को समझने और उस पर विचार करने की जरूरत है। शादी करके दो लोग जीवनसाथी बनते हैं। भारतीय समाज की यही बुनियाद है। भारतीय समाज में शादी को काफी मूल्यवान समझा गया है। दहेज की मांग और उसका लेनदेन शादी में न हो।

पेपर लीक मामले में आम आदमी पार्टी ने निकाली शिक्षा मंत्रालय के पुतले की अर्थी

भाजपा पर लगाया युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप, पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी पार्टी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पेपर लीक मामले को लेकर का रविवार राजधानी लखनऊ में आम आदमी पार्टी की छात्र विंग (सीवाईएसएस) ने देश के शिक्षा मंत्रालय और परीक्षा कराने वाली एजेंसी एन टी ए के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और शिक्षा मंत्रालय के प्रतीकात्मक पुतले की अर्थी निकाली।

आप कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय गोमती नगर से मुख्यमंत्री आवास की तरफ जा रहे थे तभी पुलिस ने रास्ते मे बैरिकेड लगाकर रोक लिया , जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारे बाजी शुरू कर दी, पुलिस शांत करने का प्रयास किया तो नोकझोंक के साथ झड़प भी हुई । प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पेपर लीक करा कर करोड़ों छात्रों-युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। पेपर लीक के मुद्दे पर आप की छात्र विंग पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा की नीट परीक्षा मोदी सरकार का सबसे बड़ा घोटाला है ,इस घोटाले से करोड़ों छात्रों का भविष्य बर्बाद हुआ है। प्रदर्शन में छात्र विंग के प्रदेश महासचिव अनित रावत, अरूण वर्मा, अंशुल यादव, नीलेश चतुर्वेदी, डब्लू यादव, आशीष, अभिषेक, दिलशाद, अमन सोनी, चंद्रजीत यादव, विशेष समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी के सदस्यों से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रतीकात्मक पुतले की अर्थी छीनते पुलिसकर्मी।

नगर निगम के अपर आयुक्त को ज्ञापन देते भूतनाथ मार्केट के व्यापारी। अमृत विचार

बरसात आ गई है, साफ कराएं नाले-नालियां, हटवाएं सिल्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भूतनाथ मार्केट के व्यापारियों ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: भूतनाथ और आसपास के बाजारों में बरसात से होने वाले जलभराव, नालियों की साफ सफाई और यातायात जाम की समस्या लेकर व्यापारी अपर नगर आयुक्त से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों की मांग है कि बरसात शुरू होने वाली है ऐसे में बाजारों और दुकानों में पानी न भर सके। इसके लिए तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर निगम के इंदिरा नगर स्थित जोन-7 कार्यालय पहुंचे और अपर नगर आयुक्त ललित कुमार एवं जोनल अधिकारी-7 रश्मि भारती से मुलाकात की तथा भूतनाथ की समस्याओं के समाधान की बात रखी।

भूतनाथ के व्यापारियों ने अधिकारियों के सामने भूतनाथ मार्केट की साफ सफाई की समस्या उठाई। जलभराव की समस्या को प्रमुखता से रखा गया। व्यापारियों ने कहा कि बरसात आ गई है। ऐसे नाला-नाली की सफाई जरूरी है। साथ ही सफाई के दौरान निकाली गई सिल्ट को भी उठवाया जाए। इसके अलावा अस्थाई अतिक्रमण सड़कों पर लगातार बढ़ रहा है। शिकायत की गई। उसे हटाने की मांग भी की गई है। महिला व्यापारियों एवं ग्राहकों के लिए भूतनाथ बाजार में पिक टॉयलेट बनवाया जाए।

ज्ञापन देने वालों में लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भूतनाथ के वरिष्ठ महामंत्री अमिताभ श्रीवास्तव, भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सुमित सिंह, महामंत्री मनोज अग्रवाल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार, अश्वनी जायसवाल आदि रहे।

डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़े कर्मी, धरना जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में नर्सों और स्टाफ ने रविवार को दूसरे दिन भी धरना दिया। इन लोगों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने नर्सिंग अफसर को थप्पड़ मारा था। समिति की जांच में थप्पड़ मारने का आरोप सही नहीं पाया गया था।

पीजीआई में 20 जून को ऑपरेशन दौरान नर्सिंग अफसर धर्मेंद ने सर्जन डॉ. वरुणा पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। नर्सों के प्रदर्शन के बाद संस्थान प्रशासन जांच समिति बनाकर 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में मारपीट होने से इंकार किया गया है। उपकरण देने को लेकर डॉक्टर और नर्सिंग अफसर में बहस और तनाव की बात कही गई है। डॉक्टर के पक्ष में फैकल्टी फोरम आगे आया तो कार्रवाई की मांग को लेकर नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन धरना प्रदर्शन कर रहा है। एसोसिएशन के महामंत्री विवेक सागर ने बताया रविवार को प्रशासनिक भवन के पास सुबह 10 से शाम से शाम पांच बजे तक धरना दिया गया। विवेक ने कहा कि डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई न होने की स्थिति में 27 तक एक घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। 28 से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

आपसी बातचीत से निकल सकता है हल

एसोसिएशन के महामंत्री विवेक सागर ने कहा कि फैकल्टी फोरम आरोपी डॉक्टर के बचाव में उतर आया है। जिसके चलते संस्थान प्रशासन भी डॉक्टर के खिलाफ निर्णय नहीं ले पा रहा। जांच समिति ने भी निष्पक्ष रिपोर्ट नहीं दी है। लिहाजा एसोसिएशन विरोध को लेकर विवश है। इस समस्या का हल आपसी बातचीत से आसानी से निकाला जा सकता है। डॉक्टर माफी मांगने से भी मामला शांत हो सकता है। इस पर फैकल्टी फोरम और संस्थान प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम

शिक्षक सभा के कार्यक्रम में बोले सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी शिक्षक सभा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में रविवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज और देश के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम रही है। इसे मजबूती से आगे ले जाना होगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने मुलायम सिंह यादव एवं संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया। इसके बाद प्रदेश पदाधिकारी एवं मण्डल प्रभारियों ने लोकसभा चुनाव की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अध्यक्षता कर रहे शिक्षक सभा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा कि वर्ष 2026 में होने वाले विधान परिषद चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में रणनीति बनाकर कार्य करना होगा।

उमा शंकर चौधरी, शाह आलम, कौशल किशोर, जंग बहादुर पटेल, प्रो. निर्भय गुर्जर, वंदना वर्मा, डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. आकिल हुसैन, डॉ. शरद वर्मा सहित जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष एवं महासचिव व महानगर सचिव शामिल हुए। संचालन प्रमुख महासचिव ने किया।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल का सम्मान करते शिक्षक सभा के पदाधिकारी।

▸▸ पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की

▸▸ विधान परिषद और विस चुनाव में रणनीति बनाका करना होगा काम

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र. की बैठक रविवार को अध्यक्ष संजीव पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। दारुलसफा में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कोविड के दौरान स्थगित भत्ते, जिसमें सीसीए, परिवार नियोजन भत्ता आदि बहाल कराने की मांग की। इसके अलावा केंद्र के बढ़े भत्ते, जिसमें एचआर, सीसीए आदि का 25 प्रतिशत की दर से प्रदेश के राज्य कर्मचारियों, शिक्षक एंव निगम कर्मचारियों को भी मिले।

रिक्त पदों को नियमित कर्मचारियों से भरा जाए, 1 जानवरी 2005 के बाद से नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिले व जो संगठनों के कैडर पुनर्गठन शासन में लंबित हैं, उनका भी पुनर्गठन किए जाने की मांग उठाई। बैठक में संगठन के महामंत्री वीके राय सहित पदाधिकारी वीर सिंह पटेल, हर्ष कुमार गौतम, अजय पांडेय, दिग्विजय तिवारी, विद्रा प्रसाद चौधरी, राजेश्वर सिंह, उदय भान प्रताप सिंह, मेघदत्त शर्मा, लख्मीचंद, सुरेश तिवारी, अशोक कुमार, एके सिंह मौजूद रहे।

किसानों को लीज पर नहीं फ्री-होल्ड चाहिए चबूतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीतापुर रोड योजना से प्रभावित किसानों ने की मांग

▸▸ शिविर में नहीं बनी बात, बिना रजिस्ट्री के लौटे

अमृत विचार : सीतापुर रोड योजना से प्रभावित किसानों ने लीज पर चबूतरा लेने से इनकार कर दिया है। किसानों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से अधिग्रहित जमीन की जगह फ्री-होल्ड चबूतरा मांगे हैं। जो न मिलने के कारण किसानों ने रजिस्ट्री नहीं कराई है।

भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के जिला प्रभारी रमेश राजपूत ने बताया कि सीतापुर रोड योजना में करीब 2300 किसानों की भूमि का अधिग्रहण हुआ था। पूर्व सरकार ने इन प्रभावित किसानों को मुआवजा के अलावा चबूतरा देने की घोषणा की थी। जिस पर वह कामकाज करके भरण-पोषण कर सकें। इस क्रम में 800 किसानों को एलडीए द्वारा फ्री-होल्ड चबूतरा आवंटित किए। शेष किसानों को न मिलने पर 14 जून को धरना-प्रदर्शन किया था। इसका अफसरों ने संज्ञान लेकर चबूतरा आवंटन का आश्वासन दिया था और 20 जून को एलडीए में शिविर लगाया। शिविर में 84 चबूतरों की रजिस्ट्री कराने किसान गए थे। लेकिन, चबूतरा लीज पर लेने के लिए कहा गया। जबकि सहमति फ्री-होल्ड की बनी थी। लीज पर किसान तैयार नहीं हुए।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

लैब टेक्नीशियन की मांगों को अनदेखा कर रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल के प्रेक्षागृह में रविवार को उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिक संघ प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में विशेष मुद्दों पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा सरकारी अस्पतालों में लैब टेक्नीशियन हर मुश्किलों में काम कर रहे हैं। कोरोनाकाल में संक्रमितों का नमूना लेने से लेकर जांच तक की। ज्यादातर बड़े अस्पतालों में 24 घंटे पैथोलॉजी संचालित की जा रही हैं। इसके बावजूद लैब टेक्नीशियन की मांगों को अधिकारी नजरअंदाज कर रहे हैं।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत और महामंत्री कमल श्रीवास्तव ने बताया कि वेतन विसंगति लंबे समय से दूर नहीं की जा रही है। कैडेट रिव्यू करने में भी अधिकारी हिचक रहे हैं। वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन का पद बढ़ाने की मांग भी नजरअंदाज की जा रही है। खाली पद तक भी नहीं भरे जा रहे हैं। प्रवक्ता सुनील कुमार ने कहा रिजेंट (जांच में इस्तेमाल होने वाला रसायन) की खरीद में सीनियर लैब टेक्नीशियन को शामिल नहीं किया गया है। इससे गुणवत्तापरक व जरूरत के हिसाब से रीजेंट की खरीद में अड़चन आ रही है। बैठक में सचिव अमित शुक्ला, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, राम नरेश पटेल, रमेश यादव, एके मौर्या समेत अन्य टेक्नीशियन शामिल हुए।

बैठक में शामिल उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिक संघ के पदाधिकारी।

▸▸ उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा

आयुष्मान लाभार्थी का मुफ्त में घुटना प्रत्यारोपण

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) में आयुष्मान कार्ड धारक महिला के घुटने का मुफ्त में प्रत्यारोपण किया गया है। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया सरोजनीनगर के गौरी बाजार निवासी चंद्रावती (65) करीब 10 वर्ष से घुटने के दर्द के कारण चलने-फिरने में लाचार थीं।

उन्होंने ओपीडी में आर्थोपैडिक सर्जन डॉ. जीपी गुप्ता को दिखाया। डॉक्टर ने घुटना बदलने का फैसला लिया। परिजन की सहमति से डॉ. मनोज, डॉ. अतुल, एनेस्थीसिया के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके सिंह, डॉ. प्रेमप्रकाश ने स्टाफ के साथ ऑपरेशन किया। निजी अस्पताल में करीब ढाई तीन लाख रुपये का खर्च आता। महिला आयुष्मान कार्ड धारक होने की वजह से उसका कोई भी खर्च नहीं आया।

लारी के नए भवन में रैंप का निर्माण कार्य करते मजदूर।

लारी के नए भवन में बनाया जा रहा रैंप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भवन निर्माण व उपकरण खरीद के बाद भी नहीं मिल पा रहा था लाभ

अमृत विचार : लारी के नए भवन में रैंप निर्माण के लिए आठ करोड़ रुपये जारी हो गए हैं। निर्माण की जिम्मेदारी यूपी निर्माण निगम को मिली है। इकाई ने सितंबर तक काम पूरा करने का दावा किया है। निर्माण पूरा होने के बाद नए भवन में मरीजों का इलाज शुरू हो जाएगा।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग में मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण नए भवन निर्माण व सुविधाओं के लिए शासन ने 100 करोड़ जारी किए थे। परिसर में ही छह मंजिला नया भवन बनाकर उपकरण भी खरीद लिए गए। रैंप निर्माण न होने के कारण मरीजों को भर्ती नहीं किया जा सका। 37 करोड़ से खरीदे गए बेड व अन्य उपकरण धूल फांक रहे हैं। फिर रैंप निर्माण के लिएआठ करोड़ रुपये जारी किए गए। निर्माण की जिम्मेदारी यूपी निर्माण निगम को मिली है, उसने सितंबर तक काम पूरा कराने का दावा किया है। नई और पुरानी बिल्डिंग को जोड़ा जाएगा। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि रैंप का निर्माण कार्य दो तीन महीने में पूरा करा लिया जाएगा।

नई इमारत में अभी विशेष क्लीनिक का हो रहा संचालन

रैंप न बनने की वजह से नई इमारत का संचालन पूरी क्षमता से नहीं किया जा सका है। जबकि इसके भूतल पर दिन के हिसाब से विशेष क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। जिसमें बुधवार को डॉ. आयुष शुक्ला अनियमित दिल की धड़कन का इलाज करते हैं। गुरुवार को डॉ. अखिल शर्मा एवं डॉ. नीरज कुमार (बाल रोग विभाग) जन्मजात दिल की बीमारी से पीड़ितों को इलाज उपलब्ध करा रहे। शुक्रवार को डॉ. प्रवेश विश्वकर्मा हार्ट फेल्योर क्लीनिक का संचालन करते हैं।

टेंडर में रैंप बनाने का नहीं था जिक्र

इमारत को बनाने के लिए जब टेंडर निकाला गया। उसमें रैंप का जिक्र नहीं था। जबकि किसी अस्पताल को संचालन करने के लिए रैंप का होना जरूरी होता है। ऐसे में रैंप न होने से यह नई इमारत शो-पीश बनकर रह गई है। लारी की नई इमारत में रैंप न बनने की चूक का यह यह मामला कोई पहला नहीं है। इसके पहले भी ट्रॉमा सेंटर और शताब्दी अस्पताल की इमारत निर्माण में चूक की गई है।

शोध

37 रोगियों पर किए गए शोध के बाद आयुर्वेद कॉलेज के गठिया केंद्र के निदेशक ने किया दावा

तीन माह के इलाज में ठीक हुआ वर्षों पुराना गठिया रोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शोध राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, सीबीएमआर ने मिलकर किया

अमृत विचार : वर्षों पुराना गठिया रोग आयुर्वेदिक दवाओं के तीन महीने के इलाज से ठीक हो जाएगा। ये दावा टुडियागंज राजकीय आयुर्वेद कॉलेज के गठिया केंद्र के निदेशक डॉ. संजीव रस्तोगी ने किया है। आयुर्वेद कॉलेज और सेंटर फॉर बायो मेडिकल ने गठिया रोगियों पर तीन महीने का शोध किया। इसमें रोगियों को जोड़ों के दर्द, सूजन के साथ रोग से भी मुक्ति मिली थी।

डॉ. संजीव ने बताया कि शोध में 25 से 55 वर्ष आयु के 37 गठिया (रुमेटाइड अर्थराइटिस) रोगियों और 57 स्वस्थ लोगों को शामिल किया। इलाज से पहले इन रोगियों के खून के नमूने लेकर एनएमआर से जांच की गई। गठिया की पुष्टि के बाद लगातार तीन माह तक आयुर्वेद पद्धति से इलाज किया गया। इसके बाद रोगियों और स्वस्थ लोगों के खून के नमूनों का मेटोबोलिक परीक्षण किया गया। इलाज से पहले रोगियों में गठिया के विशिष्ट मेटोबोलिक पैटर्न दिखा रहे थे, लेकिन इलाज के बाद नमूने स्वस्थ लोगों के खून के नमूनों से मेल खाने लगे। शोध में डॉ. संजीव रस्तोगी, डॉ. अंकित वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. रिमझिम, डॉ. अनुज शुक्ला शामिल रहे।

डॉ. संजीव रस्तोगी।

गठिया रोग के लक्षण

जोड़ों में जकड़न, सूजन, लालिमा, दर्द, जलन, हाथों-पैरों की उंगलियों और गांठों में दर्द, दैनिक कार्य करने में परेशानी, चलने-फिरने और उठने-बैठने में तकलीफ जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। इसके अलावा गंभीर मामलों में बुखार, वजन घटना, लिम्फ नोड्स में सूजन और थकान के अलावा फेफड़े, हार्ट और किडनी से संबंधित बीमारी जैसे लक्षण भी देखने को मिलते हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैने अपना नाम SHAZIA MOHAMMED ABBAS KHAN से बदल कर SHAZIYA KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O - MOHD IMRAN KHAN, D-246 VIBHUTI KHAND NEAR R K TIMBER GOMTI NAGAR LUCKNOW - 226010 UTTAR PRADESH, INDIA

सूचना
सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2364795 वर्ष 2018 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2235006 वर्ष 2020 है। जिसकी मूल प्रति वास्तव में कही खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। तृषा सिंह पुत्री सुरेश सिंह निवासी ग्राम चिरैया भिटौरा, तहसील व थाना मनकापुर जनपद गोण्डा –271302

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई की निवासी हूँ मेरी जीवन बीमा पालिसी नं0 224434957 व 224434958 पर सुमन पत्नी रमेश दर्ज है तथा आधार कार्ड पर अंजली कश्यप दर्ज है मै हमेशा से अंजली कश्यप व सुमन दोनों नामों से जानी व पहचानी जा रही हूँ मुझे अंजली कश्यप के नाम से जाना व पहचाना जाए ।– अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई।

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना

आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
• देवा रोड – 900 मीटर
• कुर्सी रोड – 3कि0मी0
• बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
• मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
• मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
• बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0
BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.
Facilities: • Security Tower • Park • Solar Light • Road • A-Block Gate are placed at 30ft. wide road • B-Block Gate are placed at 45ft. wide road
All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)
NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

एक नजर

विधि विवि में 9 वर्षों बाद होगा दीक्षांत समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 13 जुलाई को प्रस्तावित है। यह दीक्षांत समारोह लगभग 9 वर्षों बाद होने जा रहा है। समारोह की तैयारियों के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। समारोह में लगभग 1900 छात्र-छात्राओं को डिग्री एवं लगभग 70 छात्र-छात्राओं को विभिन्न तरह के मेडल प्रदान किए जाएंगे। 1450 छात्र-छात्राएं बीए एलएलबी (आनर्स), 200 एलएलएम, 180 डिप्लोमा और 60 से अधिक विद्यार्थी पीएचडी कोर्सेस के हैं।

सीएमएस के छात्रों ने जीते तीन गोल्ड मेडल

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के तीन छात्रों एकाग्र मिश्रा, आराध्या शर्मा एवं अक्षार्श ने नेशनल साइन्स ओलम्पियाड में गोल्ड मैडल जीता है। जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने गोल्ड मेडल जीता है। विद्यालय प्रबंधन ने इन छात्रों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए सभी को इनसे प्रेरणा लेने की अपील की है।

छात्र उच्च शिक्षण संस्थानों में करेंगे भ्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय व एडेड स्कूल के छात्रों को अब अध्ययन यात्रा का अवसर मिलने जा रहा है। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया है कि समग्र शिक्षा माध्यमिक राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने एक दिवसीय अध्ययन यात्रा को लेकर शेड्यूल जारी किया है। इसके अन्तर्गत, कक्षा 9 से 12 तक के छात्र उच्च शिक्षण संस्थानों में भ्रमण करेंगे। विद्यालय के शिक्षक भ्रमणकाल के दौरान विवि संबंधी जानकारी देंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य 16 अगस्त से 30 नवम्बर के मध्य अध्ययन यात्रा कराएंगे। इसके लिए विद्यालयों को 15 जुलाई से पूर्व अपनी कार्य योजना तैयार करनी होगी।

संसाधनों की दरकार, शासन की ओर से गाइडलाइन का इंतजार

कैसे करें इंतजाम, इंफ्रास्ट्रचर और मैनपावर है विश्वविद्यालयों के लिए सबसे बड़ी चिंता

वर्ष में दो बार प्रवेश संबंधी यूजीसी के आदेश से संशय

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

अमृत विचार : यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों के लिए साल में दो बार प्रवेश (बाई-एनुअल एडमिशन) का नियम लागू कर दिया है। ऐसे में विश्वविद्यालयों और उससे संबद्ध महाविद्यालयों के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। इसमें मुख्य इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन पावर है जिसके लिए सभी विवि चिंतित हैं।

क्या है यूजीसी का आदेश : सभी भारतीय विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर साल में दो बार प्रवेश देने की अनुमति देंगे। 2024-25 शैक्षणिक सत्र से दो प्रवेश चक्र जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी संचालित किये जाएंगे।

संसाधनों का विस्तार आवश्यक

पुनर्वास विवि

डॉ. यशवंत

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय का कहना है कि यूजीसी का आदेश सर्वोपरि है। इसी को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन समीक्षा और बैठक दोनों करने जा रहा है। वर्ष में दो बार विवि में प्रवेश और परीक्षा कराने के लिए अंत: और वाह्य दोनों का खाका तैयार किया जा रहा है। क्योंकि वर्ष में दो बार होने वाले प्रवेश के लिए कक्ष और अन्य संसाधनों को विस्तार दिया जाना आवश्यक है।

प्रशासनिक समिति कर रही मंथन

लोहिया विवि

डॉ. शशांक

डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर ने बताया कि यूजीसी का आदेश आ चुका है। शासन की गाइड लाइन का इंतजार किया जा रहा है। निर्देशों के आधार पर व्यवस्था लागू की जाएगी। आदेश के अनुसार विवि में परीक्षा संबंधी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कराई जाएंगी। फिलहाल व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक समिति की ओर से मंथन किया जा रहा है। शासन की गाइड लाइन का इंतजार है।

शिक्षकों की कमी से बढ़ेंगी समस्याएं

एपीसेन कालेज

डॉ. रचना

एपीसेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना श्रीवास्तव का कहना है कि कई डिग्री कॉलेज में शिक्षकों की कमी है। यूजीसी के आदेश का अनुपालन नए सत्र में कराया जाएगा, तो अध्ययन कार्य प्रभावित होगा। इसी के साथ शिक्षकों का अधिकतर कार्य प्रवेश-आवेदन और परीक्षा कराए जाने में बीत जाएगा। क्योंकि वर्ष में दो सत्र और परीक्षाएं करानी होंगी। आदेशों पर एक बार फिर मंथन किया जाना आवश्यक है।

स्तर बढ़ेगा, शेड्यूल में भी होगी समानता

भाषा विवि

प्रो. एनबी सिंह

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने यूजीसी के निर्णय को लाभकारी बताते हुए कहा कि वर्ष में दो बार प्रवेश की प्रक्रिया छात्र और विश्वविद्यालय दोनों के लिए बेहतर साबित होगी क्योंकि इससे परीक्षा का स्तर बेहतर बनेगा। संस्थान का शेड्यूल विदेशी संस्थानों के शेड्यूल से मेल खाता होगा। छात्रों का प्रवेश बढ़ेगा। ऐसे में छात्रों को प्रवेश और आवेदन दोनों के लिए एक वर्ष की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

एकेडमिक करियर पर होगा असर

उत्कर्ष अग्रवाल

मेधावी बोले

जेईई एडवांस में 319 वीं रैंक पाने वाले लखनऊ के टॉपर उत्कर्ष अग्रवाल का कहना है कि वे साल भर नोट्स तैयार करते थे। तब कहीं जाकर परीक्षा की तैयारी होती थी। वर्तमान में यूजीसी का आदेश कहीं न कहीं पढ़ाई की व्यवस्था और एकेडमिक करियर पर असर डालने वाला है। कहा कि वर्ष में एक बार ही प्रवेश और परीक्षा किया जाना बेहतर रहेगा। इससे परीक्षार्थी को सिलेबस तैयार करने का मौका मिलेगा। साथ ही वह प्रवेश के लिए बेहतर तैयारी कर सकेगा।

अध्ययन कार्य पर पड़ेगा प्रभाव

आरबी सिंह

शिक्षक संघ

लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) अध्यक्ष आरबी सिंह का कहना है कि इस तरह की व्यवस्थाएं विदेशों में की जाती हैं क्योंकि वहां पर छात्रों की संख्या भारतीय विश्वविद्यालयों में आवेदन करने वाले छात्रों से काफी कम है। देखा जाए, तो विवि में हजारों की संख्या में छात्र हर वर्ष आवेदन करते हैं। प्रवेश की व्यवस्था वर्ष में दो बार होंगी तो हम सीट, संकाय, कक्षाएं सहित मैनपावर कहां से लाएंगे। निश्चित तौर से अध्ययन कार्य प्रभावित होगा।

एकेटीयू में इलेक्ट्रॉनिक्स वीएलएसआई डिजाइन और एआई मशीन लर्निंग की भी होगी पढ़ाई

सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में नए सत्र से शुरू होंगे दो नए पाठ्यक्रम, उद्यम और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय नए सत्र के आरंभ में दो नए पाठ्यक्रम आरंभ करने जा रहा है। विवि के कुलपति ने बताया है कि सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में आरंभ होने वाले पाठ्यक्रम में एआई मशीन लर्निंग और इलेक्ट्रॉनिक्स वीएलएसआई डिजाइन को शामिल किया गया है। इसके माध्यम से छात्रों को उद्यम और रोजगार में बढ़ावा मिलेगा।

एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लगातार प्रतिस्पर्धा और बाजार में बढ़त बना रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग और इलेक्ट्रानिक्स वीएलएसआई डिजाइन को बीटेक के नए सत्र में आरंभ किया जा रहा है। बताया कि नए पाठ्यक्रम को लेकर सीटों के आवंटन के साथ परीक्षा के दौरान ग्रेस मार्क की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नया कोर्स छात्रों को निश्चित तौर पर उद्यमिता और नवाचार में बढ़ावा देगा। ये लाभ अन्य क्षेत्रों में भी प्रभावी होगा।

▸▸ नए पाठ्यक्रम को लेकर सीटों के आवंटन के साथ परीक्षा के दौरान ग्रेस मार्क की भी व्यवस्था

स्किल डेवलपमेंट के लिए भी शुरू होगा कोर्स : इंजीनियरिंग के छात्रों को स्किल डेवलपमेंट करने का मौका मिलने जा रहा है। कुलपति ने बताया है कि स्किल डेवलपमेंट को लेकर नया कोर्स शुरू करने को लेकर अकैडमिक काउंसिल की बैठक में प्रस्ताव रखा गया है। इसमें रिसर्च सेंटर को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। ताकि शोधों के आधार पर नई संभावनाओं को तलाशा जा सके।

हार्डवेयर के लिए बढ़ी आधुनिक तकनीकी

कुलपति ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एंड मशीन लर्निंग तकनीकी व्यवस्था कोविड के दौरान प्रभाव में आई, इसी को ध्यान में रखकर हार्डवेयर के लिए सिलिकॉन चिप का उत्पादन किया गया। चिप आपूर्ति अंतर को भरने के लिए, डिजाइन, निर्माण, परीक्षण आदि में प्रभावी साबित हुई। देश में इस तरह के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को सुनिश्चित करने के लिए उद्योग, व्यवसाय में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

बाजार के लिए इंजीनियरों को तैयार करेगा कोर्स

बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी) इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में बीटेक के लिए महत्वपूर्ण है। इसके तहत, वीएलएसआई एकीकृत सर्किट (आईसी) या सिलिकॉन चिप्स के डिजाइन तैयार होते हैं। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर की मांग में तेजी से वृद्धि को पूरा करना है। सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के क्षेत्र में इंजीनियरों को तैयार करता है।

लविवि के छात्रों ने देखी एचसीएल की तकनीकी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की प्लेसमेंट सेल ने बीटेक और बीसीए अंतिम वर्ष के 80 छात्रों को एचसीएल कंपनी का भ्रमण कराया।

प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि औद्योगिक दौरे के दौरान एचसीएल के डिप्टी मैनेजर सौरव सिंह ने तकनीकी सत्र के दौरान इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी। अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने कहा कि इस दौरे से आईटी इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं और नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिली। साथ ही छात्रों ने रियल-टाइम प्रॉब्लम सॉल्विंग तकनीकों का अवलोकन किया। दौरे में अभियांत्रिकी संकाय के शिक्षक इंजी. प्रशांत सिंह, इंजी. पवन सिंह, इंजी. संदीप गुप्ता ने प्रतिभाग किया।

'कनेक्ट' और 'कैच देम' प्रोग्राम दिलाएगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुनर्वास विवि का प्लेसमेंट सेल कंपनियों से मिलकर करेगा एडवाइजरी बोर्ड का गठन

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल जल्द ही 'कॉर्पोरेट कनेक्ट' और 'कैच देम' प्रोग्राम पर कार्य करने जा रही है। इस कड़ी में अधिक से अधिक कंपनियों को विश्वविद्यालय के साथ जोड़कर दिव्यांग छात्रों को दिव्यांग विद्यार्थियों को रोजगार व आजीविका के अवसर प्रदान करेगी।

पुनर्वास विवि के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय का कहना है कि जल्द ही विभिन्न कंपनियों के साथ मिलकर विश्वविद्यालय एडवाइजरी बोर्ड का गठन करने जा रहा है। विवि ने टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज लिमिटेड, विप्रो लिमिटेड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, टाटा कम्युनिकेशंस ट्रांसफॉरमेशन सर्विसेज लिमिटेड, ट्यूरिंग डॉट कॉम, कॉफोर्ज टेक्नोलॉजी, कैपिटल वाया ग्लोबल रिसर्च लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, बंधन बैंक, एक्सिस बैंक, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, एवीएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सीजफायर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू की योजना बनाई है।

विवि प्रवक्ता ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में प्लेसमेंट सेल ने 450 विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। छात्रों को सर्वाधिक 10 लाख रुपए का पैकेज मिला है।

इन बिन्दुओं पर कार्य करेगी प्लेसमेंट सेल

व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, कौशल विकास कार्यक्रम, समूह चर्चा अभ्यास कार्यक्रम, छद्म साक्षात्कार सत्र

संगीत जगत से जुड़ीं विभूतियों को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत रत्न लता मंगेशकर एवं फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर की स्मृति में उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में हुए उड़ान संस्था के कार्यक्रम 'तुम मुझे यूं न भुला पाओगे' में संगीत जगत से जुड़ीं कई विभूतियों को उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, फिल्म अभिनेता और वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी और लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने लखनऊ के ख्याति प्राप्त पखावज वादक पंडित राज खुशीराम, प्रसिद्ध साहित्यकार राम बहादुर मिश्र, तबला वादक मनोज मिश्रा, प्रख्यात ग़ज़ल गायक उस्ताद युगांतर सिंदूर, शास्त्रीय व उप शास्त्रीय गायिका पूनम वाजपेयी, कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह, नाट्य निर्देशिका ज्योति सिंह, ग़ज़ल गायिका प्रभा श्रीवास्तव और पर्वतीय लोक कलाकार विक्रम बिष्ट को उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से अलंकृत किया।

उर्दू अकादमी के सभागार में एमएलसी पवन सिंह चौहान द्वारा सम्मानित संगीत जगत की विभूतियां। अमृत विचार

शुरुआत स्वरा त्रिपाठी, आर्या पटेल, अदिति गौतम, जानवी, आशी और दिव्यांशी ने सरस्वती वंदना के साथ नृत्य से की। बरेली से आए ग्रुप के कलाकारों सुनीता गुप्ता, संगीता गुप्ता, उषा, प्रीति जायसवाल, शालिनी द्विवेदी, लक्ष्मी व कल्पना ने नृत्य प्रस्तुत किया। हमजोली ग्रुप के कलाकारों कृतिका पांडेय, समायरा, मिष्ठी केसरवानी, अनुप्रिया शुक्ला, तनिष्का, विकिशा अग्रवाल, आधिरा बिष्ट, आशनी दिनेश, आन्या व स्वास्तिका ने आन मिलो सजना गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

नम्रता पाठक, मिथिलेश सिंह, गिरीश चंद्र चौबे, राहुल गुप्ता, प्रभुनाथ राय, समीर रंजन पांडा और विकास सिंह आदि मौजूद रहे। संयोजन सरिता सिंह ने किया।

अमरनाथ यात्रा में भंडारे के लिए ट्रक रवाना

अमृत विचार, लखनऊ : 29 जून से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा में श्री गौरी शंकर मंदिर पहलगाम में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवार सुबह आलमबाग मेट्रो स्टेशन के सामने मौनी बाबा मंदिर पर नन्दी श्री गौरी शंकर अमरनाथ सेवा संस्थान की ओर से ट्रक से खाद्य सामग्री भेजी गई। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने झंडी दिखाकर ट्रक रवाना किया। इस दौरान शिवकुमार बाबा, अश्वनी सिंह छोटू, हरसरन लाल गुप्त समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

भंडारे के ट्रक को रवाना करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा के सम्मेलन में चुने गए पदाधिकारी। अमृत विचार

जनार्दन बुडाकोटी बने उत्तराखंड महासभा के राष्ट्रीय महासचिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा का दो दिवसीय 17वां राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को राजधानी के जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में संपन्न हुआ। इसमें राष्ट्रीय महासचिव के पद पर जनार्दन बुडाकोटी निर्वाचित हुए।

मनमोहन दुदपुडी, राधा बिष्ट और मोहन जोशी के मार्गदर्शन में हुए चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष भावन सिंह रावत, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान, धर्मानंद रतूड़ी, सलाहकार वीरेंद्र दत्त सेमवाल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र ध्यानी और प्रवक्ता महावीर सिंह पुण्डीर निर्विरोध चुने गए। संरक्षक महंत योगी राकेश नाथ ने बधाई दी। इस मौके पर प्रेम सिंह बिष्ट, हेमंत गडिया, जगदीश बुटोला, अशोक असवाल, बहादुर सिंह बिष्ट, अवधेश कोठारी, राजेंद्र प्रसाद जुयाल और चन्द्र दत्त जोशी, मौजूद रहे।

जगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई को निकलेगी

अमृत विचार, लखनऊ : भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 7 जुलाई को शाम 4 बजे माधव मंदिर से निकलेगी। इस उपलक्ष्य में पांच दिवसीय महोत्सव 4 जुलाई को सामूहिक हवन यज्ञ से शुरू होगा।

डालीगंज स्थित माधव मंदिर कमेटी के प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि 5 जुलाई को कृष्ण लीलाओं पर नृत्य नाटिका का मंचन होगा। 6 जुलाई को सुंदर कांड का पाठ और भजन संध्या होगी।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि रथ यात्रा माधव मंदिर से शुरू होकर नजीरगंज, शंकरनगर, निरालानगर स्थित राम कृष्ण मठ, अयोध्या रोड स्थित रामाधीन सिंह लान, चरही, पन्ना लाल चौराहा, डालीगंज पुल होते हुए डालीगंज बाजार, हसनगंज कोतवाली के बाद मंदिर पहुंचेगी। 8 जुलाई को संत सम्मेलन होगा।

बैठक में अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमकार जायसवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, श्याम जी साहू मौजूद रहे।

आयोजन लोक संस्कृति शोध संस्थान की स्मारिका का विमोचन, वरिष्ठ गायिका प्रो. विनीता सिंह को सावित्री देवी संगीत साधना सम्मान

लोक चौपाल में छाई कबीर की वाणी, नृत्य-संगीत की धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोक संस्कृति शोध संस्थान ने सीतापुर रोड स्थित प्रियदर्शिनी कालोनी में आयोजित लोक चौपाल में संत कबीर की वाणी छाई रही।

कार्यक्रम की शुरुआत अर्चना गुप्ता ने 'भजो रे मन, सत्य नाम सुखदायी' से की। डॉ. सुरभि सिंह ने कबीर के विचारों के सकारात्मक तत्वों को जीवन में उतारने पर जोर दिया। संस्कृतिकर्मी सौरभ कमल ने कबीर को वैचारिक क्रांति का अग्रदूत बताया। चौपाल में राम नाम रस भीनी चदरिया झीनी रे झीनी गीत पर निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में गुनाश्री, स्नेहा प्रजापति, नेहा प्रजापति, संस्कृति व किंजल ने मनमोहक नृत्य किया। अंतरा के निर्देशन में सौम्या गोयल, भव्या गुप्ता, मिहिका गांगुली, आराध्या, आद्रिका मिश्रा, कर्णिका सिंह, अव्युक्ता, अविका और अम्या सिंह ने 'कौन ठगवा नगरिया लूटल हो' की सराहनीय प्रस्तुति दी।

लोक संस्कृति शोध संस्थान के लोक चौपाल में प्रतिभाग करने वाले कलाकार। अमृत विचार

वरिष्ठ लोकगायिका नीरा मिश्रा, डॉ. विनीता सिंह, अरुणा उपाध्याय, चन्द्रेश पाण्डेय और अनीता मिश्रा ने भी गीत गाए। आकाशवाणी कलाकार सन्तोष, देवाश्री पवार और ज्योति गुप्ता ने भी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय वन सेवा के अधिकारी मनोज शुक्ल और एन रवीन्द्र ने संत कबीर के चित्र पर माल्यार्पण कर की। संस्थानकी स्मारिका लोकाभिरामम का लोकार्पण भी किया गया। वरिष्ठ गायिका व केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. विनीता सिंह को सावित्री देवी संगीत साधना सम्मान से सम्मानित किया गया।

चौपाल में राजनारायण वर्मा, शैलेन्द्र मौर्य, शम्भू शरण वर्मा, सुनील वाजपेयी, डॉ. एसके गोपाल, भावना शुक्ला, नीलम वर्मा, कैप्टन प्रखर गुप्ता और प्रकाश आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
• एचआर /एडमिन
• मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

डंपर से कुचलकर फल विक्रेता की मौत

अमृत विचार, बीकेटी : इंटौंजा थाना क्षेत्र में डंपर से कुचल कर फल विक्रेता की मौत हो गई। इंस्पेक्टर मारकंडेय यादव के मुताबिक, रविवार शाम अर्जुनपुर गांव के पास हाईवे किनारे आम बेच रहे अज्ञात युवक को तेज रफ्तार डंपर चालक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर छोड़कर भाग गया। इंस्पेक्टर ने बताया शव पहचान के लिये मोर्च्युरी में रखवा दिया है। आसपास के थानों में संपर्क कर युवक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

रिटायर्ड अधिकारी के मकान में चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर क्षेत्र में चोरों ने रिटायर्ड अधिकारी के बंद मकान को निशाना बनाते हुए टोटियां चोरी कर लीं। पुलिस के मुताबिक मूलत: उत्तराखंड निवासी वीके सक्सेना विवेक खंड -4 में रहते हैं। उन्होंने प्रार्थना- पत्र देकर बताया कि वह सदस्य अपीलीय न्यायाधिकरण पद से रिटायर्ड हैं। वे परिवार के साथ कुछ दिनों से काठगोदाम में थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर बाथरूम, किचन में लगीं करीब एक लाख की टोटियां चोरी कर लीं। मामले की जानकारी पर पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर चोरी कर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

युवती से मामा-भांजे समेत तीन ने की छेड़छाड़

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई क्षेत्र में मामा-भांजा समेत तीन लोगों द्वारा युवती से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी युवती ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 19 जून की शाम 7 बजे वह और हर्ष के परिजन घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान हर्ष की मां ने उनसे फ्रिज से पानी लाने को कहा। पीड़िता का आरोप है कि वह जब पानी लेने गईं। तभी घर में हर्ष उसके मामा सोनू व साथी सलीम घुस गया। हर्ष ने युवती के हाथ पकड़ लिया और सलीम व सोनू छेड़खानी करने लगे। शोर मचाने पर युवती का भाई पहुंचा तो आरोपियों ने उसे लात घूंसों से पीट दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है।

परिचित पर छेड़खानी और धमकाने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज क्षेत्र में युवती ने परिचित पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़िता ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह निजी कंपनी में काम करती है। पहचान का बदायूं निवासी संतोष गुप्ता उन्हें, उनकी मां व अन्य परिजनों को काल कर गाली-गलौज करता है। विरोध करने पर उसका पीछा कर छेड़खानी करता है। लोगों को उसका मोबाइल नंबर देकर फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर राम बाबू गुप्ता ने बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

मोबाइल टॉवर पर चढ़कर रोडवेज चालक ने किया हंगामा

परिवहन निगम के अधिकारियों पर लगाया मनमानी व भ्रष्टाचार करने का आरोप, मौके पर पहुंचे रोडवेज और पुलिस के अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रोडवेज बस के एक चालक ने रविवार की सुबह मोबाइल टॉवर पर चढ़ कर खूब हंगामा काटा। परिवहन निगम के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर उसने टॉवर से कूदने की धमकी दी। इस बात की जानकारी मिलते ही परिवहन निगम और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। छह घंटों तक मान मनौव्वल किये जाने के साथ ही भ्रष्टाचार के मामले में जांच का आश्वासन मिलने के बाद चालक नीचे उतरा। तब जाकर पुलिस और परिवहन निगम के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। चालक ने आरोप लगाया है कि अप्रैल में वेतन काट लिया गया। मारपीट की फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी गई। बस में डीजल खपत ज्यादा बताकर ड्यूटी से हटा दिया गया।

टॉवर पर चढ़ने वाला चालक राजू सैनी अलीगढ़ क्षेत्र के अतरौली डिपो में संविदा पर तैनात है। रविवार सुबह राजू सैनी पत्नी भावना, बेटी खुशबू, बेटा अमन के साथ कैसरबाग डिपो पहुंचा। रोडवेज के अधिकारियों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के विरोध में राजू कैसरबाग डिपो के निकट स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। सुबह आठ बजे मोबाइल टावर पर चढ़ते ही उसने ऊपर से रोडवेज के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और नीचे कूद कर जान देने का एलान किया। हंगामा होता देख वहां भीड़ लग गई। टॉवर पर चढ़ कर राजू ने रोडवेज अफसरों पर भ्रष्टाचार, मनमानी का आरोप लगाया। इस दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल से उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वजीरगंज पुलिस ने रोडवेज के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। रोडवेज मुख्यालय के जीएम और पीआरओ अजीत सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी, अवध डिपो के एआरएम सत्य नारायण भी चंद मिनटों में वहां पहुंच गए। बस चालक को उतारने की कोशिश में उसे भरोसा दिया गया कि उसकी मांग एमडी तक पहुंचा दी जाएगी। कोई अन्याय नहीं होगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद बस चालक उतरकर परिवार के साथ चला गया। राजू अब तक चार बार मोबाइल टावर पर चढ़कर खुदकुशी की धमकी दे चुका है। इस घटना से पहले वह अलीगढ़ में भी दो बार टावर पर चढ़ कर खूब हंगामा किया था। लखनऊ में इसके पहले 2022 में इसी टावर पर चढ़ा कर भी नीचे कूदने की धमकी दी थी।

जांच का आश्वासन मिलने के बाद नीचे उतरा

राजू सैनी के अप्रैल माह के वेतन का भुगतान तत्काल करा दिया गया है। आरोपों की जांच के लिए अलीगढ़ क्षेत्र से रिपोर्ट मंगाई गई है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल चालक को समझाकर परिवार के साथ भेज दिया गया है। **-अजीत सिंह, पीआरओ यूपीएसआरटीसी**

टावर पर चढ़ा बस चालक राजू सैनी।

आश्वासन मिलने के बाद नीचे उतरे चालक से बात करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

बिहार के युवक ने गोमती में लगाई छलांग गोताखोरों ने बचाया

अमृत विचार, लखनऊ: बीमारी से परेशान युवक ने आत्महत्या करने के लिये रविवार को गोमती नदी में छलांग लगा दी। युवक को डूबता देख मछली पकड़ रहे गोताखोरों ने बाहर निकाल कर जान बचा ली। पुलिस के मुताबिक, गोमती नदी में छलांग लगाने वाले युवक की पहचान बिहार के छपरा के स्थित नई बाजार निवासी आदिल के रूप में हुई है। इसके बाद वह घर से निकल आया था। ट्रेन से रविवार सुबह चारबाग रेलवे स्टेशन पर उतरा। इसके बाद आटो कर गोमती रिवर फ्रंट के पास उतरा। जहां नीले पुल के पास से सीधे गोमती में छलांग लगा दी। मौके पर मछली पकड़ रहे गोताखोर श्रीपाल निषाद ने साथी के साथ मिलकर आदिल को बचा लिया।

सुशील व प्रणव अंसल समेत पांच पर डेढ़ करोड़ ठगने की एफआईआर

गोमतीनगर निवासी बुजुर्ग ने अंसल सिटी में बुक कराए थे दो भूखंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अंसल प्रॉपर्टीज इंफ्रास्ट्रक्चर लि. के चेयरमैन सुशील अंसल, निदेशक बेटे प्रणव अंसल, अध्यक्ष राजेश्वर राव, महाप्रबंधक विनय तिवारी पर 1.57 करोड़ ठगने का आरोप है। इन सभी पर आरोप लगाते हुए गोमतीनगर निवासी बुजुर्ग ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विरामखंड-2 निवास मंजीत सिंह ने बताया कि दो साल पहले उन्होंने अंसल सिटी में दो भूखंड बुक कराया। एक भूखंड की कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपये थी। जिसके लिए 72 लाख रुपये कंपनी के खाते में जमा करा दिया था। वहीं दूसरे भूखंड की कीमत 1.30 करोड़ रुपये थी। इस भूखंड के लिए कंपनी के खाते में 85 लाख रुपये जमा कराए। कंपनी के जिम्मेदारों ने उनसे वादा किया कि रकम मिलने के कुछ दिन बाद ही आवंटन पत्र देकर रजिस्ट्री करा दी जाएगी। इसके बाद कब्जा दिला दिया जाएगा। लेकिन रुपये लेने के बाद भी कंपनी के मालिक और अधिकारियों ने न तो आवंटन पत्र दिया और न ही रजिस्ट्री कराई। कई बार इसके लिए संपर्क करने पर टालमटोल का रवैया अख्तियार किए रखा। जब रुपये वापस मांगे तो धमकी देने लगे। पीड़ित का आरोप है कि इसकी शिकायत लखनऊ पुलिस से की तो कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट ने सुनवाई के बाद अंसल प्रॉपर्टीज इंफ्रास्ट्रक्चर लि. के चेयरमैन सुशील अंसल, निदेशक बेटे प्रणव अंसल, अध्यक्ष राजेश्वर राव, महाप्रबंधक विनय तिवारी समेत अन्य पर मामला दर्ज करने का आदेश दिया। प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

दो वर्ष में नहीं की रजिस्ट्री दबाव बनाने पर दे रहे थे धमकी

ठेका दिलाने के नाम पर ठगे दो करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के नामी अस्पतालों में सर्जिकल सामान और दवा आपूर्ति का ठेका दिलाने के नाम पर जालसाजों ने दो करोड़ रुपये ठग लिए। संदेह होने पर ठेकेदार ने डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार से मिलकर शिकायत की। उनके निर्देश पर दुबग्गा कोतवाली में छह लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

बरावन कला निवासी ठेकेदार आमीर मोहम्मद की मुलाकात जून 2023 में आईआईएम रोड निवासी अभिनंदन गुप्ता से हुई थी। बातचीत के दौरान अभिनंदन ने बताया कि उसके जीजा की यश फार्मा के नाम से फर्म है। जो बड़े अस्पतालों में दवा के साथ सर्जिकल आइटम व अन्य उत्पाद सप्लाई करती है। हाल में कुछ और अस्पतालों से टेण्डर मिला है। जिसे पूरा करने के लिए रुपयों की जरूरत है। निवेश करने वाले को अच्छा मुनाफा भी मिलेगा। यह झांसा देते हुए अभिनंदन ने आमीर को बातों में उलझा लिया। कम वक्त में मुनाफा कमाने के प्रलोभन में फंस कर आमीर ने भी दो करोड़ रुपये लगा दिए। इसके बाद भी उन्हें मुनाफे में हिस्सा नहीं मिला। पूछताछ करने पर अभिनंदन, उसके रिश्तेदार अंशुमान, दीपक और आशीष धमकाने लगे। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार से मिल कर शिकायत की। जिनके निर्देश पर दुबग्गा कोतवाली मे मामला दर्ज किया गया।

नामी अस्पतालों में सर्जिकल सामान व दवा की आपूर्ति का काम दिलाने का दिया था झांसा

मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दे एक करोड़ ठगे

अमृत विचार, लखनऊ : दो कंपनियों में निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर पिता-पुत्र और बहू ने कारोबारी से एक करोड़ एक लाख रुपये ठग लिए। विशाल खंड -4 में लालचंद्र मिश्रा परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले पेपर मिल कालोनी मेट्रो सिटी निवासी अनिल टेकरीवाल, उनके बेटे अश्वनी और बहू चारु ने संपर्क किया। आरोपियों ने अपनी कम्पनी बुद्धा इंटरप्राइजेज, यूनीमैक्स और स्टील सेल्स में निवेश करने के लिए कहा। निवेश पर 24 प्रतिशत लाभांश देने का वादा किया। लालचंद्र ने तीन साल में 23 .50 लाख चेक से अनिल को दिए। इसके अलावा पत्नी उर्मिला ने 47 लाख और बेटी अर्चना ने 23 लाख रुपए दिए। 93 .50 लाख के निवेश पर आरोपियों ने तीन चार माह 9 प्रतिशत की दर से लाभांश दिया। उसके बाद रुपए न मिलने पर पीड़ित लालचंद्र ने अनिल से संपर्क किया। छह माह बाद आरोपी ने आर्थिक परेशानी बताकर जमीन और मेट्रो सिटी में 4 बीएचके फ्लैट देने का ऑफर दिया। इसके लिए 8 लाख और मांगे। लालचंद्र ने चेक से रुपये दिए। रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाया तो धमकी देनी शुरू कर दी। आरोपियों ने 1 .01 करोड़ रुपये ठग लिए। इसकी शिकायत जेसीपी कानून-व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल से की। जिनके निर्देश पर गोमतीनगर कोतवाली में अनिल टेकरीवाल, उनके बेटे अश्वनी और बहू चारू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

स्टंट में शामिल ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बीकेटी के अटेसुवा गांव में ट्रैक्टर पलटने से नीरज (30) की दबने से मौत हो गई। हादसा 15 हजार रुपये की शर्त पर स्टंट करने के दौरान हुआ। पुलिस ने इस मामले में शामिल दूसरे ट्रैक्टर चालक जोगेंद्र के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया था। रविवार को आरोपी जोगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। दो ट्रैक्टर भी जब्त किए हैं। वहीं, ट्रैक्टर मालिकों की भूमिका की जांच की जा रही है।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया शनिवार को अटेसुवा गांव में अटरिया हिम्मतनगर निवासी नीरज और अजरैलपुर निवासी जोगेंद्र शर्त लगा कर ट्रैक्टर से स्टंट कर रहे थे। दोनों ट्रैक्टरों के बीच चेन बांध कर विपरीत दिशा में खींचते वक्त ट्रैक्टर पलटने से नीरज की दब कर मौत हुई थी। डीसीपी के मुताबिक नीरज का शव लेकर उसके साथी अटरिया चले गए थे। जानकारी मिलने पर इंस्पेक्टर इटौंजा मार्कण्डेय यादव को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। स्टंट करने से जुड़ी एक वीडियो भी सामने आई। जिसके आधार पर जोगेंद्र की पहचान करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। डीसीपी के मुताबिक ट्रैक्टर मालिकों को स्टंट किए जाने की जानकारी थी या नहीं। इसकी जांच की जा रही है।

फॉलोअप

15 हजार रुपये की शर्त लगाकर दो युवकों ने किया था स्टंट

ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की हुई थी मौत, दो ट्रैक्टर जब्त

पहले भी शर्त लगाकर कर चुका है स्टंट

अजरैलपुर निवासी जोगेंद्र ने पुलिस को बताया कि नीरज पहले भी ट्रैक्टर से स्टंट कर चुका था। दो बार उसे जीत मिली थी। शनिवार को दोनों के बीच फिर से 15 हजार रुपये का दांव लगा था। दोनों ट्रैक्टर के बीच चेन बांधने के बाद स्पीड बढ़ानी थी। मैंने इशारा मिलते ही रफ्तार बढ़ाई। तभी नीरज का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया था।

चौकी इंचार्ज पर घूस मांगने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू में 20 जून को डॉक्टरों के वैक्सीन लगाने के कुछ देर बात डेढ़ माह की बच्ची की मौत हो गई थी। परिवार वाले गलत टीका लगाने का आरोप लगा हंगामा करने लगे थे। मौके पर पहुंचे मेडिकल चौकी इंचार्ज ने शव का पोस्टमार्टम कराने कहा तो परिजन उनके साथ अभद्रता कर धक्का- मुक्की करने लगे। परिवार वालों ने चौकी इंचार्ज पर पोस्टमार्टम के लिए घूस मांगने का आरोप लगाया था। घटना से संबंधित वीडियो रविवार को वायरल हुआ। इसके बाद दूसरा वीडियो वायरल हुआ, जिसमें परिजनों ने चौकी इंचार्ज के सामने आरोपों का खंडन किया।

एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक, मूलतः सीतापुर निवासी सूरज श्रीवास्तव मड़ियांव क्षेत्र में रहते हैं। 20 जून को वह केजीएमयू में वह डेढ़ माह की बेटी मिष्टी के वैक्सीन लगवाने पहुंचे थे। जहां वैक्सीन लगने के कुछ देर बाद बच्ची की मौत हो गई थी। तब परिजन ने गलत टीका लगाने का आरोप लगा हंगामा किया था। सूचना पर मेडिकल चौकी इंचार्ज नारायण वर्मा मौके पर पहुंचे थे। चौकी इंचार्ज ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। इस पर परिजन आक्रोशित हो चौकी इंचार्ज से धक्का-मुक्की करने लगे। किसी तरह परिजन को समझा कर पोस्टमार्टम कराकर शव सौंप दिया गया था। परिजन शव लेकर सीतापुर चले गए थे। एडीसीपी के मुताबिक परिवार वालों ने घूस मांगने के जो आरोप लगाए थे जांच में निराधार मिले।

दो वीडियो वायरल, दूसरे वीडियो में परिजन ने आरोप का किया खंडन

20 जून को केजीएमयू में बच्ची की मौत पर परिजन ने किया था हंगामा

परिवार ने आरोप का किया खंडन

घटना को लेकर परिवार वालों ने चौकी इंचार्ज के साथ धक्का- मुक्की कर पोस्टमार्टम के लिए घूस मांगने का आरोप लगाकर हंगामा किया। धक्का-मुक्की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके कुछ देर बाद दूसरा वीडियो वायरल हुआ, जिसमें परिवार वाले चौकी इंचार्ज के सामने घूस मांगने की बात से इंकार कर रहे हैं।

सरोसा निवासी इन्हीं बच्चों के अपहरण का किया गया प्रयास।

एकेडमी से लौट रहे दो भाइयों के अपहरण का प्रयास

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना क्षेत्र में एकेडमी से लौट रहे दो भाइयों का बाइक सवार युवकों ने अपहरण का प्रयास किया। पीड़ित पिता ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के सरोसा निवासी सरोज ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह निजी संस्थान में नौकरी करते हैं। शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे बेटे आयुष व ईशान के साथ जिम्नास्टिक अकेडमी से साइकिल से घर लौट रहे थे। गांव के बाहर बाइक सवार युवकों ने दोनों को रोक कर जबरन बाइक पर बिठाने की कोशिश की। बेटों के शोर मचाने पर आरोपी भाग गये। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घर पहुंचकर बेटों ने घटना बताई। पीड़ित का कहना है कि घटना से बेटे भयभीत हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीसीटीवी कैमरे का फुटेज वायरल हो रहा है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा बताया मामला संज्ञान में है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे कर्मी बन रचाई शादी, पोल खुली तो युवती को पीटकर घर से निकाला

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार: सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती में प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले युवक ने खुद को रेलवे कर्मी बताकर युवती से प्रेम प्रसंग के बाद शादी रचा ली। पीड़िता ने पति समेत अन्य ससुरालवालों पर मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक, एलडीए कॉलोनी के सेक्टर-एफ निवासी स्तुति ग्रेस पाल उर्फ ग्रेस डाली ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया ऐशबाग के ओल्ड लेबर कॉलोनी निवासी अखिल न्यूटन पल से स्नैप चैट पर दोस्ती हुई थी। न्यूटन मोबाइल नंबर लेकर उससे बातें करने लगा। उसने खुद को रेलवे कर्मी बता शादी का प्रस्ताव रखा। परिजन की मंजूरी के बाद 28 दिसंबर 2023 को दोनों ने शादी कर ली। ससुराल पहुंचते ही पति, सास, ससुर दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच उसे पता चला कि पति ने रेलवे कर्मी होने की बात झूठ बोली, वह मारुति कंपनी में काम करता है। इस बात की पति से शिकायत की तो उसे लात घूंसों से पीट दिया। इसके बाद वह नशा करने लगा, विरोध करने पर पीटकर ससुराल से निकाल दिया। मायके वालों ने समझाने का प्रयास किया तो 20 लाख रुपये की मांग की, परिजन ने मांग पूरी कर पाने में असमर्थता जताई। काफी मान मनौवल करने पर उसे ससुराल ले गया। जहां से 8 जून को दोबारा पीटकर निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया पति समेत अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

सोशल मीडिया पर पहचान के बाद प्रेम प्रसंग के चलते की थी शादी

20 लाख रुपये की मांग करने वाले पति समेत अन्य पर दर्ज कराई रिपोर्ट

सार-संक्षेप

सिपाही के भाई व होटलकर्मी का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के आनंदलोक में रहने वाली महिला सिपाही के भाई उपेंद्र पटेल (22) का शव शनिवार शाम फंदे से लटका मिला। वहीं, दुबग्गा इलाके के एक बाग में होटलकर्मी सूरज कश्यप (24) का शव फंदे से लटका मिला। झांसी के टैहरोली निवासी उपेन्द्र पटेल अपनी बहन प्रियंका और बड़े भाई के साथ चिनहट के आनंद लोक कॉलोनी में रहकर सिविल परीक्षा की तैयारी कर रहा था। प्रियंका बीबीडी थाने में सिपाही के पद पर तैनात है। इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया कि उपेन्द्र ने शनिवार देर रात कमरे में पंखे से दुपट्टे का फंदा लगा लिया। वहीं, दुबग्गा में रविवार सुबह होटलकर्मी सूरज कश्यप का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित बाग में फंदे से लटका मिला। मलहा निवासी राकेश कश्यप बताया कि बेटा सूरज डालीगंज स्थित एक होटल में काम कर था। शनिवार दोपहर वह ड्यूटी से घर लौटकर आया था। शाम को ने बिना किसी से कुछ बताए वह बाइक से चला गया। देर रात तक वापस न लौटने पर सूरज की तलाश की पर उसका कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह घर से कुछ दूर अपनी ही बाग में सूरज का शव पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला।

घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, बीकेटी : महिगांव क्षेत्र में घर में युवक का शव फंदे से लटका मिला है। इंस्पेक्टर शिव मंगल सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी अतुल (20) रविवार शाम को घर में अकेला था। परिजन काम से बाहर गये थे। जब लौटे तो अतुल का शव जाल में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया परिजन ने आरोप से इनकार किया है। उनका कहना है कि अतुल मानसिक बीमार था।

मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, बीकेटी : महिगंवा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद में हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया रामधीन पुरवा के मजरा गुलालपुर में दो पक्षों में मारपीट में रामरतन गंभीर घायल हो गये थे। पीड़ित पक्ष ने 19 जून को गुलालपुर निवासी नीरज पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रामरतन अस्पताल में भर्ती था। जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी नीरज को गिरफ्तार किया गया है।

बसपा प्रमुख पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, निगोहां : नगराम कोतवाली में बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती के लिए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में रविवार को कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बसपा के मोहनलालगंज विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया समेसी निवासी सरवन ने बसपा सुप्रीमो के साथ संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इससे समाज के लोग आहत हैं। वीरेंद्र के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रविवार को एक बाइक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इंस्पेक्टर के मुताबिक, 23 जून को पुलिस टीम निजामपुर मझिगंवा के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान संदिग्ध बाइक सवार पुलिस को देख कर मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। इस पर पुलिस कर्मियों ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। युवक ने आशियाना के पावर हाउस चौराहा के पास से बाइक चोरी करने की बात कबूल की। पूछताछ में आरोपी की पहचान आयुष राय उर्फ संजू निवासी सेनानी बिहार तेलीबाग रायबरेली रोड थाना पीजीआई के रूप में हुई।

अपराध गुडम्बा थाना क्षेत्र का मामला, पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

पुत्र को दुष्कर्म में गिरफ्तार बता पिता को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 1 .60 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुडम्बा क्षेत्र निवासी पिता को साइबर अपराधियों ने बेटे को दुष्कर्म के मामले में पकड़ने का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट कर 1.60 लाख रुपये ठग लिये। कॉल डिस्कनेक्ट होने पर पीड़ित ने बेटे के नंबर पर कॉल की तो वह घर में सोता मिला। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

इंस्पेक्टर नीतिश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, फूलबाग कॉलोनी निवासी सुनील कुमार तिवारी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 6 जून को दोपहर करीब 12.25 बजे उनके मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से वाट्सअप वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल में दूसरी तरफ इंस्पेक्टर की वर्दी में थाने में बैठा व्यक्ति दिखा। आरोपी ने कहा कि आपके बेटे ने मारपीट की है, उसके साथ तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। जो कि दुष्कर्म के मामले में दोषी हैं। आपका बेटा मुझे दोषी नहीं लगता है। लेकिन प्रार्थना-पत्र में उसका भी नाम शामिल है। बेटे को बचाना है तो अकेले में बात करो आपके बेटे का नाम रिपोर्ट से हटा देंगे। यदि रिपोर्ट दर्ज हो गई तो घटना सोशल मीडिया में वायरल हो जायेगी। इससे आपकी बदनामी होगी और बेटे का कॅरियर खराब हो जायेगा। जबकि केस कोर्ट में चला गया सात साल तक की सजा हो सकती है। बातें सुनकर सुनील परेशान हो गया। कॉल करीब 12.43 तक चलती रही। कहा कि रुपये दो तो बेटे का नाम हटा दें। सुनील के कहने पर उधर से उनके लड़के के रोने की आवाज भी सुनाई गई। उधर से कहा किया कि पापा मुझे बचा लो, यह लोग मारपीट कर रहे हैं।

झांसे में आकर सुनील ने सहयोगी नीरज श्रीवास्तव से अलग-अलग नंबरों पर 1.60 लाख रुपये भेज दिये। इसके बाद सुनील ने बेटे के नंबर पर कॉल की तो पता चला कि वह घर पर सो रहा है। तब उसे धोखाधड़ी का पता चला। इंस्पेक्टर ने बताया आईटी एक्ट में मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

सैन्यकर्मी और व्यापारी समेत नौ के खाते से उड़ाए 14.98 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर अपराधियों ने अलग-अलग थाना क्षेत्र निवासी सैन्यकर्मी व व्यापारी समेत नौ लोगों को झांसे में लेकर बैंक खातों से करीब 14 .98 लाख रुपये पार कर दिये। कृष्णानगर के विनय नगर निवासी प्रियांशी सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले एक फर्जी आवेदन से जालसाज ने पेज सब्सक्राइब और लाइक करने पर रुपए देने का झांसा दिया। बैंक डिटेल हासिल कर चार बार में 6,44,600 रुपये निकाल लिये। उधर, सरोजनीनगर के अमौसी के ग्राम बेहटवा निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले टेलीग्राम पर एक लिंक आया। जालसाज ने वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर टास्क दिया। इसके बाद बैंक डिटेल लेकर दो खातों से 1.51 लाख रुपए पार कर दिए। इधर, चिनहट के कमता स्थित सनातन नगर निवासी सविता शर्मा के खाते से जालसाज ने 54 हजार रुपए पार कर दिये। उधर, विवेक खंड -4 निवासी मोहम्मद अजमुद्दीन का मोबाइल हैक कर क्रेडिट कार्ड से 55 हजार रुपए निकाल लिये। इधर, पीजीआई के तेलीबाग स्थित नेपालगंज निवासी सैन्यकर्मी अनिल कुमार सिंह के खाते से 22 हजार रुपए पार कर दिए। इधर, विभूतिखंड के कालिंदी विला निवासी सुनील कुमार परिहार के खाते से 1,18,400 रुपये पार कर दिये। इसी तरह इंदिरानगर सेक्टर -14 निवासी अजय वर्मा ने बताया कि ग्रीन गैस अधिकारी बन जालसाज ने बैंक डिटेल हासिल कर 98 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिये। इसी क्षेत्र में रहने वाले अंबरीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि एक कॉल आई। कहा कि आपकी बेटी को मार दिया जाएगा। बचाना चाहते हो तो 90 हजार भेज दो। पीड़ित ने रुपए भेजे तो और डिमांड की गई। शक होने पर पीड़ित ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एक नजर

यूपी कप टेबल टेनिस में वीर की खिताबी हैट्रिक

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मंडल की सृष्टि ने सिद्धार्थनगर में आयोजित राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण और एक रजत पदक पर कब्जा किया। इसमें पांच व्यक्तिगत और दो रिले में स्वर्ण शामिल हैं। शहर की वंशिका राय ने चार स्वर्ण, दो रजत, दो कांस्य और सांची तिवारी ने चार स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक जीते। परी तिवारी ने तीन स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य और शुभांगी पूर्णा राय ने एक स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य पदक अपने नाम किए। बालक वर्ग में 19 और बालिका वर्ग में 18 पदक अपने नाम किए। अखिलेश यादव ने सबसे अधिक दो स्वर्ण, तीन रजत और राज यादव ने एक स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग में शीतल निषाद ने सबसे अधिक चार स्वर्ण, एक रजत, कलावती निषाद ने तीन स्वर्ण, एक कांस्य दिव्या चौहान ने तीन स्वर्ण, दो रजत पदक जीते।

लखनऊ बास्केटबॉल टीम फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ की लड़कियों ने बरेली में खेली जा रही 22वीं यूथ उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल में लखनऊ का मुकाबला गोरखपुर से होगा। लखनऊ की बालिकाओं ने सेमीफाइनल में वाराणसी को रोमांचक मैच में 49-45 अंकों के अंतर से हराया। लखनऊ की तरफ से मिस्बाह आब्दी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। लखनऊ की ओर से सुब्रता सिंह ने 14, मिस्बाह आब्दी ने 12, रेशमा ने 10 और नव्या सिंह ने 9 प्वाइंट बनाए। लखनऊ जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज अहमद के अनुसार लखनऊ बालिका बास्केटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आगरा को एकतरफा मुकाबले में 30-14 अंकों के अंतर से हराया था।

ओलंपिक में दिखाओ दम, पदक से बढ़ाओ देश का मान

एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए हुई ओलंपिक डे रन, 50 खिलाड़ी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पेरिस ओलंपिक में दमदार प्रदर्शन के लिए भारतीय एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को ओलंपिक डे रन आयोजित की गई। इस मौके पर 50 उदीयमान खिलाड़ियों को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विजयपथ सम्मान से सम्मानित किया गया।

विश्व ओलंपिक दिवस पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के नेतृत्व में हुए समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक (चेयरमैन, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने खेलों को गति देने का काम किया है। अब खेल नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इससे पहले ओलंपिक डे रन को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ओलंपिक डे रन के लिए खेल प्रेमी, छात्र, प्रशिक्षक एवं उनके अभिभावकों सहित तमाम खेल संघों के पदाधिकारी सुबह 6:30 बजे ही पहुंच गए थे। इन सभी ने हाथों में ओलंपिक फ्लैग पकड़कर केडी सिंह स्टेडियम के मुख्य मैदान के अंदर दौड़ लगाई। आज आयोजन में मौजूद विशिष्ट अतिथि लखनऊ ओलंपिक संघ के मुख्य संरक्षक मुरली धर आहूजा ने भी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन को प्रेरित किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को ओलंपिक डे रन में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। अमृत विचार

ओलंपिक दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि यह आयोजन लखनऊ के खिलाड़ियों के हौसले का प्रतीक है। लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बताया कि विजय पथ योजना का ये तीसरा वर्ष है, जिसमें लखनऊ ओलंपिक संघ की ओर से आर्थिक सहायता के अलावा 50 अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इसके साथ खेलों के विकास के लिए ओलंपिक सभागार की स्थापना की गई है। अंत में खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने इस आयोजन में उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व अन्य खेल प्रेमियों का आभार जताया।

इस अवसर पर लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार, उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के सचिव सुधीर शर्मा, उत्तर प्रदेश टेनिस संघ के सचिव पुनीत अग्रवाल, कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के सचिव जसपाल सिंह, किक बाक्सिंग एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के सचिव अरविंद शेरवालिया, लखनऊ ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष मो.नदीम, संयुक्त सचिव डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय सहित मोहम्मद नासिर, सुशीम बाजपेयी, एडवोकेट मुकीद खान, अनवर कादिर, संजय मिश्रा, लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा अन्नू, लखनऊ फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल, लखनऊ जिम्नास्टिक संघ की अध्यक्ष ज्योति वर्मा, बाबू स्टेडियम के हैंडबॉल कोच मो.तौहीद समाजसेवी डा.सुधा बाजपेयी, विनीत बिसारिया, सेंट्रल अकादमी की फरहा अतीक मौजूद रहे।

इनको मिला विजय पथ सम्मान

योगासन : आरना खुराना (राष्ट्रीय खिलाड़ी), नूरा इनायती (राष्ट्रीय खिलाड़ी), अनाहत सिंह (राष्ट्रीय खिलाड़ी), श्रेया चंद (राष्ट्रीय खिलाड़ी, खेलो इंडिया महिला लीग में पदक विजेता)

हैंडबॉल : मोहित यादव (लक्ष्मण अवार्डी, नेपाल में दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक), अंकित चौधरी (दोहा में सीनियर एशियाई पुरुष चैंपियनशिप), शुभम सिंह (बुल्गारिया में आईएचएफ सीनियर पुरुष ट्रॉफी), शीतल (एशियाई जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, उत्तरी मैसीडोनिया में विश्व जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप), शिवानी भारती (बांग्लादेश में आईएचएफ ट्रॉफी में रजत पदक)

कराटे : प्रशांत सिंह (नेशनल स्कूल गेम्स 2023-24 में स्वर्ण पदक), इशिता (कियो ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2023-24 में रजत पदक), ज्ञानेश कुमार सिंघल (ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप 2023-24 में कांस्य पदक), अल्तमश खान (12 वर्षीय कुमिते राष्ट्रीय स्वर्ण पदक), अरहम खान (10 साल काता राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और यूएई ओपन स्वर्ण पदक)

किक बॉक्सिंग : रिया कश्यप (वाको इंडिया जूनियर नेशनल किक बाक्सिंग चैंपियनशिप-2024 में रजत पदक), आदित्य मकोरवाल (वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक), कुणाल कुमार, तमन्ना प्रजापति, जिया केसरी, कशिश सिंह

फुटबॉल : अतुल कुमार, अविश श्रीवास्तव, शिवम वर्मा, रोशन, हुमा खान

बास्केटबॉल : अनुष्का चौहान, तेजस्विनी सिंह, समीहा युसूफ, नव्या, शिवान

पावरलिफ्टिंग : सृष्टि रावत, राजेंद्र सिंह, कार्तिकेय राजपूत

रोलबॉल : काव्या बाजपेयी, प्रांजल

वॉलीबाल : मोहम्मद अहमद, सुमैया, पद्मांशी वर्मा, निशिका वर्मा (राष्ट्रीय खिलाड़ी)

अन्य : अभिनव यादव (फुटबॉल), अली जैद बहादुर (टेनिस बॉल क्रिकेट), इशान वर्मा (वोवीनाम), मोहम्मद अहमद, सुमैया, निशिका वर्मा (वॉलीबाल), अर्जुन शर्मा (पिकल बॉल), अमन बाजपेयी (साइकिलिंग), अर्जुन दीक्षित (टेनिस), माही गुप्ता (तलवारबाजी), वंशराज जलोटा (लॉन टेनिस), दिव्यांशी शर्मा (एथलेटिक्स)

हॉकी खिलाड़ियों का दमखम परखेंगे डॉ. आरपी सिंह

अमृत विचार, लखनऊ: टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस बार पेरिस ओलंपिक में पदक के लिए मजबूत दावेदारी करेगी। सोमवार से बेंगलुरु के साई सेंटर में भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। चयन मुख्य चयनकर्ता डॉ. आरपी सिंह की मौजूदगी में होगा।

बताते चले कि एशियाई खेल-2023 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक-2024 का टिकट हासिल किया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक-2024 ओलंपिक के लिए मौजूदा चैंपियन बेल्जियम के साथ पूल बी में रखा गया है। जुलाई-अगस्त में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए पूल बी में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, आयरलैंड और न्यूजीलैंड भी है। बेल्जियम एफआईएच रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है जबकि भारत विश्व की नंबर 3 टीम है। इस पूल में टोक्यो ओलंपिक- 2020 की रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया (विश्व नंबर 6), अर्जेंटीना (7), न्यूजीलैंड (10) और आयरलैंड (11) पूल में अन्य चार टीमें हैं।

पूल ए में नीदरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका शामिल है।

हरियाणा में पारुल, रूपल और रामबाबू दिखाएंगे हुनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राष्ट्रीय सीनियर अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियशिप के लिए प्रदेश टीम में बनाया स्थान

अमृत विचार : पेरिस ओलंपिक पूर्व स्टीपलचेजर पारुल चौधरी, पैदल चाल एथलीट रामबाबू और 400 मीटर की धाविका रूपल चौधरी हरियाणा में 27 से 30 जून तक होने वाली राष्ट्रीय सीनियर अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियशिप में अपना दमखम परखेंगी।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन ने रविवार को इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम घोषित की है। पुरुष टीम में गुलवीर सिंह-कप्तान, जय शिव (अलीगढ़), आदित्य कुमार एवं आर्यन त्यागी (मेरठ), लक्ष्य एवं सचिन यादव (बागपत), सार्थक भाम्बरी (गाजियाबाद), हिमांशु भडाना एवं पुनीत कुमार (अमरोहा), प्रिंस कुमार, संदीप कुमार, बृजेंद्र एवं अभिषेक सिंह (पुलिस), कार्तिक कुमार (सहारनपुर), मो. यूनुस (पीलीभीत), शिवेंद्र सिंह (फिरोजाबाद), अभिषेक पाल (सुल्तानपुर), महेंद्र मौर्या (संभल), प्रद्युम्न एवं रोहित कुमार (आगरा), विक्षित एवं रवि (मुजफ्फरनगर), लोकेंद्र पचेला (हाथरस), मो. नूर हसन (मऊ), पवन यादव, कुलपीदर, शेखर पाण्डेय, एवं मो. शाबान (सभी प्रयागराज), शाहनवाज खान (प्रतापगढ़), आदित्य कुमार सिंह (शाहजहांपुर), मो. नदीम (सिद्धार्थनगर), रोहित यादव, सचिन यादव एवं धनंजय (सभी वाराणसी), रामबाबू (सोनभद्र), शिवपाल सिंह (चंदौली) शामिल हैं।

महिला टीम में पारुल चौधरी-कप्तान, रूपल, राखी सिंह, तन्वी मलिक, मानसी, ख्याति माथुर, विधि, शिवानी एवं अन्नू रानी (सभी मेरठ), प्रियंका सिकरवार, ममता पाल, नीतू कुमारी (पुलिस), काजर एवं प्राची (सहारनपुर), विनीता गुर्जर (मुरादाबाद), नेहा पंवार (शामली), अंतिमा पाल, रेबी पाल, कविता यादव, ममता पाल, मुनीता प्रजापत, रोजी पटेल (सभी वाराणसी), अर्चना (रायबरेली), शैली सिंह (झांसी), सुनीता देवी (कौशाम्बी), सोनम (अमरोहा), रेनू यादव, श्रुति सिंह एवं आएशा (सभी प्रयागराज), तान्या चौधरी (बागपत), साक्शुई एवं विशाखा (गाजियाबाद) को स्थान मिला है।

दृष्टिबाधित क्रिकेट सीरीज खेलने वाली उत्तर प्रदेश की टीम के साथ मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी और अन्य।

केरल ने जीत से की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राष्ट्रीय दृष्टिबाधित क्रिकेट में मेजबान यूपी को आठ विकेट से पराजित किया

अमृत विचार: अंपायर ने जैसे ही खेल शुरू करने की घोषणा की, वैसे ही गेंदबाज ने गेंद फेंकनी शुरू की। बल्लेबाज को गेंद तो नहीं दिखी लेकिन गेंद के भीतर पड़े छल्लों की आवाज को सुनकर वह उसके निकट पहुंचा और जोरदार शॉट लगाई। गेंद छनछनाते हुए सीधी सीमा रेखा के पार जा पहुंची। यह नजारा रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में देखने को मिला।

यहां पर आज उत्तर प्रदेश और केरल के बीच मैच खेला गया। आज से शुरू हुए दृष्टिबाधित क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में केरल ने मेजबान उत्तर प्रदेश के आठ विकेट से हरा कर शानदार शुरुआत की।

तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में केरल की टीम यूपी पर भारी पड़ी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी की टीम 16.2 ओवर में 124 रन बनाकर सिमट गई। रवि ने सबसे अधिक 20 और गोकुल ने 18 रन बनाये। केरल की ओर से सुजीत और मानस ने 2-2 विकेट हासिल किए।

जवाब में केरल ने 14.2 ओवर में महज दो विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सुजीत ने 32 गेंदों पर चार चौकों की सहायता से नाबाद 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। यूपी से बालमुकुंद और गौरव को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मुकाबले का उद्घाटन किया। मौके पर इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया, यूपी क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के चेयरमैन मुनव्वर अंजार, अध्यक्ष शौकत अली समेत अन्य मौजूद रहे।

फुटबाल लीग : युवा व वॉलव्स क्लब में होगा उद्घाटन मैच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चौक स्टेडियम में 7 जुलाई से होगी लीग की शुरुआत

अमृत विचार : चौक स्टेडियम में 7 जुलाई से शुरू हो रही लखनऊ फुटबॉल लीग का उद्घाटन मुकाबला युवा फुटबॉल क्लब और वॉलव्स फुटबॉल क्लब के मध्य होगा। लीग में इस बार 32 टीमों को प्रवेश दिया गया है।

लखनऊ जिला फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैयाल लाल ने बताया कि इस बार गुरु गोविंद सिंह स्पोटर्स कॉलेज के पूर्व फुटबॉल प्रशिक्षक स्व. सतवंत सिंह और ओलंपियन स्व. रविंदर पाल सिंह की याद में लीग खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में शामिल होने वाली टीमों को आठ पूलों को बांटा गया है। प्रत्येक पूल में चार टीमें शामिल की गई हैं।

पूल व उसमें शामिल टीमें

ए- टेक्ट्रो लखनऊ, सहारा जूनियर, पुलिस न्यू ब्वायज, फोटिफाई

बी- स्पोर्ट्स कॉलेज, कॉल्विन, लखनऊ, आरबीआई

सी- यूपी पुलिस, एलडीए (ए), केएस फुटबॉल क्लब, बीवाईआई (ए)

डी- युवा, टेक्ट्रो रिजर्व, लीफा, वॉलव्स

ई- मिलानी, टेक्ट्रो रिजर्व वॉरियर, डिवाइन, लखनऊ सिटी

एफ- एक्स-स्टूडेंट, एलडीए (बी), लखनऊ (एच), आरए ब्वायज

जी- न्यू ब्वायज, मिलानी (बी), अलीगंज वॉरियर, डीसीए

एच- सहारा, टेक्ट्रो, बाई (बी), इलाइट

फुटबाल लीग के आयोजन की रणनीति बनाते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

प्रेस क्लब में गीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत संग्रह 'एक बन्द के गीत' पुस्तक का लोकार्पण करते साहित्यकार।

मील का पत्थर साबित होगी एक बन्द के गीत कृति: सर्वेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साहित्यिक संस्था अमृतायन ने रविवार को प्रेस क्लब में गीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत संग्रह 'एक बन्द के गीत' पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया। समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम नरेश, विशिष्ट पंडित आदित्य द्विवेदी, रमा शंकर वर्मा, व्यंग्यकार डॉ. सर्वेश अस्थाना, राजेन्द्र वर्मा और दिनेश उन्नावी ने गीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत संग्रह का लोकार्पण किया।

पुष्पेन्द्र प्रेमी की सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। डॉ. सर्वेश अस्थाना ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य में अनेक नवीन शोध और प्रकाशन होते रहते हैं। एक बन्द के गीत कृति मील का पत्थर साबित होगी।

दिनेश उन्नावी ने कहा कि आज का आदमी कम समय में अधिक प्राप्त करना चाहता है। इस दृष्टि से एक बन्द के गीत को लोग जरूर पसंद करेंगे। डॉ. राम नरेश ने कहा कि अशोक अज्ञानी द्वारा लिखित एक बन्द के गीत संग्रह गीतों के क्षेत्र में एक नया प्रकाश पुंज है। मुख्य वक्ता राम शंकर वर्मा ने बताया कि पुस्तक का हर गीत गीतात्मक संवेदना को प्रकट करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र वर्मा ने की। समारोह में लोक गायिका डॉ. रंजना अग्रहरि ने एक बन्द के गीत का सस्वर पाठ किया। इस अवसर पर यशोधरा यादव, निशा सिंह और राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

ईद-ए-गदीर 25 को

अमृत विचार, लखनऊ : शिया धर्मगुरु मौलाना सैफ अब्बास ने ईद-ए-ग़दीर की बधाई देते हुए कहा कि अभी से इसकी तैयारी शुरू कर दें। अपने-अपने मोहल्लों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा लें। ईद-ए-ग़दीर का दिन अल्लाह और मोहम्मद साहब के परिवार की सबसे बड़ी ईद में से एक है।

मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि पैगम्बर मोहम्मद साहब ने इस दिन ईद मनाई और हर नबी इस दिन की अहमियत का कायल रहा। इसलिए लोगों को ईद-ए-ग़दीर के दिन जश्न मनाना चाहिए। अल्लाह की नजर में ईद-उल-फ़ित्र, ईद-उल-अजहा और ईद-ए-गदीर की सबसे ज्यादा अहमियत है। इस दिन का रोज़ा 60 वर्षों के गुनाहों का कफ्फारा है। ईद-ए-गदीर 25 जून को होगी। 1 जुलाई को ईद-ए-मुबाहिला है। मुसलमानों को 25 जून से 1 जुलाई तक खुशियां मनानी चाहिए।

विद्युत मजदूर संगठन ने की कर्मियों के हितों की मांग

अमृत विचार, लखनऊ: विद्युत मजदूर संगठन उप्र की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को यूपी प्रेस क्लब हजरतगंज में अध्यक्ष आरवाई शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। इसमें संविदा कर्मियों को रिक्त पदों पर समायोजित किए जाने, मार्च 2023 में हड़ताल के दौरान की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई समाप्त करने पर चर्चा की गई।

बैठक में संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक सिन्हा, प्रदेश प्रभारी आरसी पाल, बाबू प्रताप सिंह, मोहन बाबू आर्य, एसके सिंह, जलीलुर रहमान ने विचार रखे।

दिव्यांग कवियों और शायरों ने सुनाएं कलाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के सहयोग से विकलांग साथी ट्रस्ट ने रविवार को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में कवि सम्मेलन-मुशायरा व सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर कई विभूतियों को सम्मानित किया गया।

कवि सम्मेलन-मुशायरा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए दिव्यांग कवियों और शायरों ने शिरकत की। आलोक, कमलेश मौर्य मुदु, मनोज मिश्रा शीत, साबिर इमरानी, सगीर भारती, डॉ. मनोज गुप्ता, दिव्यांशु दिव्य, रफीक़ नागौरी, सुधा सिंह, बिन्दु प्रभा, राम प्रकाश बेखुद, जावेद सिद्दीक़ी और प्रदीप गंगवार ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस मौके पर आरके राजू, नारायण यादव, केपी मिश्र, प्रमोद कुमार, चन्द्रशेखर व अजय सिंह को दिव्यांगम् शिरोमणि अवार्ड से, अंजली श्रीवास्तव, प्रिया चतुर्वेदी व प्रिया श्रीवास्तव को दुर्गा शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। दिव्यांग जन के तीन बच्चों को शैक्षिक परिणाम में अच्छे नम्बर लाने के लिए अभिभावक गौरव अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में सम्मानित शायर और कवि। अमृत विचार

दिव्यांग जन द्वारा चलाए जा रहे दिव्यांगम् यू-ट्यूब चैनल को अपनी रचनात्मक शैली से कामयाबी की ओर ले जाने वाले दिव्यांग जन सुधा सिंह, रिज़वान मंसूरी, सरवत ख़ान, बसंत विश्नोई, प्रवीण सिन्हा व विशाल राजपूत को दिव्यांगम् क्रिएटिव अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एसएन लाल ने किया। दिव्यांग जन आयोग उत्तर प्रदेश के उपायुक्त शैलेन्द्र कुमार सोनकर ने दिव्यांगों का सम्मान किया।

आयोजन | जैन श्रावक शिविर में वक्ताओं ने किया संस्कार के महत्व का बखान

संस्कारों से होती है अनुशासन की वृद्धि : अभय जैन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान और इन्दिरा नगर दिगम्बर जैन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जैन श्रावक संस्कार शिविर का संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान पीठाधीश रवीन्द्रकीर्ति स्वामी ने कहा कि जैन तीर्थंकरों के पांचों कल्याणक गर्भ से मोक्ष तक सामान्य संस्कार जैन धर्मावलंबियों के लिए संस्कार के प्रेरणा स्रोत हैं। एमएलसी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि इन्द्रियों और मन पर विजय केवल धार्मिक संस्कारों से ही मिलती है। मन, वचन और कर्म की शुद्धता हमारे आचार विचार से होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि समन्वित संस्कारों से जीवन में अनुशासन की वृद्धि होती है। उत्कृष्ट संस्कार जीवन और समाज का उत्थान करते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को ऐसे संस्कारित किया जाए कि जिससे विरासत का संरक्षण हो सके।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रान्त प्रचारक अनिल ने कहा कि संस्कारों के बिना ज्ञान अधूरा है। इसलिए जीवन के हर पथ पर संस्कारित समुदाय ही आगे बढ़ता है। मंगलाचरण पं. चन्द्र कुमार चन्दर व संचालन अभिषेक जैन ने किया। अन्त में पीके जैन ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर जैन संस्थान की सदस्य प्रो. सुधा जैन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रशांत भाटिया, अमित कुमार अग्निहोत्री, धर्मवीर जैन, कैलाश चन्द्र जैन, आदीश जैन, अजय जैन कागजी, अल्पना जैन आदि मौजूद रहे।

जैन श्रावक संस्कार शिविर में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देते मुख्य अतिथि।

गर्मी से परेशान तीमारदारों को बांटा गया ठंडा पानी व फल

अमृत विचार, लखनऊः पानी के दानी बने अभियान के अंतर्गत रवि सेवा केंद्र की ओर से रविवार को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में ठंडे पानी की बोतल, बिस्किट और फल मरीजों के तीमारदार को वितरित किए गए। एक माह से भी ज्यादा समय से यहां संस्था द्वारा ठंडा पानी व खाने-पीने के सामान की निशुल्क सुविधा तीमारदार को दी जा रही है। वितरण कार्यक्रम के दौरान मीना कुमारी को जब पानी की बोतल दी गई तो वह भावुक हो गई। बताया कि वह फतेहपुर से अपने 35 वर्षीय पुत्र के इलाज के लिए एक हफ्ते से यहां रुकी है। पुत्र ट्रक चलाता है और दूसरे ट्रक से आमने-सामने की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान अन्य तीमारदारों ने भी वितरण कार्यक्रम को सराहा। तीमारदारों ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा काम है कि भीषण गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाने का काम कर रहे हैं।

बरसात का मौसम करीब, न चलें बेतरतीब, 3,387 लोग गंवा चुके हैं जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

- दुर्घटनाओं, मौत और गंभीर घायल के आंकड़ों में पहले नंबर पर साफ मौसम
- दूसरे पर कोहरा और तीसरे नंबर पर आता है बरसात का सीजन

अमृत विचारः मानसून दस्तक देने वाला है। ऐसे में बरसात की वजह से फिसलन भरी सड़कों पर रफ्तार और बेतरतीब ढंग से चलना भारी पड़ सकता है। संभल कर वाहन चलाएं, जरा सी लापरवाही आपकी जान पर भारी पड़ सकती है। सड़क सुरक्षा के प्रदेश में बीते साल हादसों के मौसमवार जो आंकड़े सामने आए हैं, वह चौंकाने वाले हैं। बीते साल 3,387 लोगों ने जान सिर्फ बरसात के मौसम में दुर्घटना के दौरान गंवाई है। रपटीली सड़क पर 6,633 हादसे हुए हैं। इनमें 3,257 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

दुर्घटनाएं और मौत साफ मौसम में सबसे ज्यादा : आमतौर पर लोगों की धारणा होती है कि बारिश के मौसम में फिसलनभरी सड़कों पर ही सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं लेकिन सच यह नहीं है। आंकड़ों को मानें तो साफ मौसम में सर्वाधिक हादसे और मौत होती हैं। बीते साल 20,799 हादसों में 11,108 लोगों की जान गई। दूसरे नंबर पर कोहरे वाला सीजन माना जाता है जिसमें दुर्घटनाएं और मौतें साफ मौसम के अनुपात में कम होती हैं। इसके बाद तीसरे नंबर पर बरसात का मौसम माना जाता है जिसमें भी दुर्घटनाओं और मौत का आंकड़ा बड़ा पाया गया है। विभागीय जिम्मेदार मानते हैं कि चमकदार साफ मौसम में घटनाएं और मृत्यु का आंकड़ा लापरवाही से वाहन चलाने की वजह से होता है। चमकता सूरज और साफ सड़क देख वाहनस्वामी एक्सीलेटर पर दबाव बढ़ा देता है। जिससे लापरवाही होती है।

हादसों का कैलेंडर वर्ष-2023

मौसम	हादसे	मौत	गंभीर रूप से घायल
बरसात	6,633	3,387	3,257
कोहरा	8,191	4,408	3,671
साफ सीजन	20,799	11,108	9,105

रपटीली सड़कें देख बरसात के मौसम में वाहन चालक सबसे ज्यादा सतर्क होता है। फिर भी हादसे और मौत का ग्राफ कम नहीं होता है। आने वाले बारिश के मौसम में लोगों को और सचेत रहने की जरूरत है। साफ मौसम में गाड़ी चलाने वाला लापरवाही से ड्राइविंग करता है। यही वजह है कि साफ मौसम में बड़े हादसे और ज्यादा मौत दर्ज की जाती हैं।

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

अपनी मौसी के घर पुरी रवाना होने के समय जगन्नाथ स्वामी को विदाई देते लोग। अमृत विचार

मौसी के घर पुरी रवाना हुए जगन्नाथ स्वामी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती तट स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर से जगन्नाथ स्वामी बलदाऊ जी, सुभद्रा जी और मामा जी सज धजकर पुरी स्थित अपनी मौसी के यहां रवाना हो गए।

इस अवसर पर होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जगन्नाथ स्वामी को अपने कंधे पर बैठा कर विदा किया। पुरी धाम में इस यात्रा को बाहुडा यात्रा के नाम से जाना जाता है। अब जगन्नाथ स्वामी के दर्शन मंदिर में 7 जुलाई को जगन्नाथ रथयात्रा के दिन किए जा सकेंगे। मंदिर प्रांगण में अभी से रथ यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के दिन आदि गंगा गोमती के जल मार्ग में यात्रा करेंगे और जगह-जगह पर घाटों पर स्थित सभी मंदिरों पर उनका स्वागत और आरती की जाएगी। इस आयोजन में मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी, डॉ. पंकज सिंह भदौरिया, रिद्धि किशोर गौड़, अनूप मिश्रा, प्रहलाद अग्रवाल और ओजस आदि मौजूद रहे।

छात्रा को चाचा ने उतारा था मौत के घाट

नशे की हालत में भतीजी से की थी दुष्कर्म की कोशिश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। महुआ बीनने निकली छात्रा को रिश्ते के चाचा ने पकड़ कर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की, उसके चिल्लाने पर नाक और मुंह दबा कर उसे मौत के घाट उतार दिया। टड़ियावां पुलिस ने एसओजी/स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से हत्यारे चाचा को दबोच लिया। उसने पुलिस से हुई पूछताछ में सारा कुछ उगल दिया।

बताते चलें कि टड़ियावां थाने के गढ़ी निवासी राजेश की 7 वर्षीय बेटी सत्यमा प्राथमिक विद्यालय की छात्रा थी, 19 जून को वह घर से महुआ बीनने निकली थी, उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उसके अगले दिन सत्यमा का शव गांव के बाहर नाले के किनारे गन्ने के खेत में पड़ा हुआ था। उसका शव गन्ने की पतावर में छिपा हुआ था और वही पतावर उसके मुंह में ठुंसी हुई थी। शुरुआत में ही उसकी हत्या किए जाने की बातें कही जा रहीं थी। पुलिस ने राजेश की तहरीर पर गांव के राघवेंद्र के खिलाफ धारा 302/201 के तहत केस दर्ज किया। साथ ही मामले की गहराई से जांच के लिए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर पुलिस टीमें लगाई गई थी। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि वारदात में कोई दूसरा भी शामिल हो सकता है। जिसका पता लगाने के लिए एसओजी/स्वाट व सर्विलांस टीम को लगाया गया था। उन्होंनें बताया कि जांच में पता चला कि उसी गांव का छुन्ना पुत्र राम स्वरूप ने वारदात को अंजाम दिया।

खुलासा

निगोहां में भंडारे के बाद हुए कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि। अमृत विचार

भंडारे के बाद कवि सम्मेलन का आयोजन

संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह में निगोहां क्षेत्र में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। निगोहां के दिगम्बर नाथ बाबा के मंदिर में बाल कन्या भोज के साथ विशाल कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कुर्री सुदौली स्थित मंगलदास बाबा मंदिर में विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, निगोहां स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

दिगम्बर नाथ बाबा मंदिर में हवन पूजन के साथ कन्याओं को भोज कराने के बाद भंडारा शुरू हुआ। देर शाम को यहां कठपुतली शो और रात 8 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें उन्नाव से रामकिशोर, हापुड़ से राजकुमार सिसोदिया, प्रतापगढ़ से लवलेश यदुवंशी, रायबरेली से सूर्यकुमार शर्मा, लालगंज से देवी बख्श सिंह, इंदू मिश्रा व रायबरेली से मधुप श्रीवास्तव उर्फ नरकंकाल ने प्रतिभाग किया।

चोरों ने दो घरों से लाखों का सामान किया पार

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के शेखवापुर मजरे गोविंदपुर वलौली गांव में दो घरों से चोर लाखों का सामान पार कर ले गए। इसमें नगदी और जेवरात भी शामिल है। चोरी की घटना की शिकायत पीड़ितों द्वारा लालगंज पुलिस से की गई है। पीड़ित विनोद कुमार ने बताया कि गर्मी के चलते सभी लोग घर के बाहर दरवाजे पर सोए हुए थे। चोरों ने घर के अंदर घुसकर 36 हजार रुपये सहित लाखों के जेवरात उठा ले गए। वहीं दूसरी चोरी की घटना सुरेंद्र कुमार के घर में हुई है। सुरेंद्र के घर से भी चोरों ने 20 हजार रुपये और जेवरात पार कर दिया है।

गोमतीनगर के अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नृत्य करते प्रतिभागी। अमृत विचार

दिव्यांग बच्चों के नृत्य ने जीता दिल

अमृत विचार, लखनऊ : पीकाक डांस अकादमी ने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में अब बोलेगा इंडिया डांस पे चांस का आयोजन किया। सलमान कुरैशी द्वारा निर्देशित इस आयोजन में दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाशाली नृत्यांगाओं के साथ नृत्य कर समां बांध दिया। दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा से दर्शाया कि उन्हें मौका मिले तो वह भी आसमान छू सकते हैं। यह कार्यक्रम वास्तव में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा का जश्न रहा।

कार्यालय नगर पंचायत कुरारा–हमीरपुर

पत्रांक :– 91 / न0पं0कु0 / पार्किंग नीलामी / 2024–25 दिनांकः– 22/06/24

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुरारा जनपद हमीरपुर के वर्ष 2024–25 की अवशेष अवधि के लिए निम्नांकित ठेकों की नीलामी बोली दिनांक 02.07.24 को कार्यालय नगर पंचायत कुरारा में अपरहान्य 2.00 बजे करायी जायेगी। जो व्यक्ति नीलामी बोली में भाग लेना चाहते हों वह निर्धारित शर्तो के तहत नीलामी बोली में भाग ले सकते है। नीलामी शर्तो की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है जिनका प्रकाशन कार्यालय नोटिस बोर्ड पर भी कर दिया गया है।

नीलामी ठेकों का विवरण

1. पार्किंग शुल्क वर्ष 2024–25 जमानत धनराशि– 25000/–
2. हड्डी चमड़ा संग्रह वर्ष 2024–25 जमानत धनराशि 2000/–
3. विज्ञापन शुल्क वसूली वर्ष 2024–25 जमानत धनराशि – 2000/–

अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

अध्यक्ष नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

एक नजर

महिला से छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, शाहाबाद : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के अनुसार वह छह जून की रात को अपने घर की छत पर सो रही थी। रात में 12 बजे गांव का युवक उसकी छत पर चढ़ आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर भाग गया।

युवक पर लगाया मारपीट का आरोप

अमृत विचार, शाहाबाद : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी मीना देवी पत्नी प्रदीप कुमार ने बताया वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव का हीरालाल पुत्र गुमानी हाथ में बांका लेकर आया और उसके पति को ललकारते हुए कहा कहां है उसे बुलाओ, उसने कहा वह खेत गए हैं। तो विपक्षी ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। उसने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।

मोटरसाइकिल सवार मोबाइल छीनकर फरार

अमृत विचार, शाहाबाद : युवक ने अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों पर मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। कांशीराम कालोनी के ब्लॉक 41 के मकान नंबर 481 निवासी अकरम पुत्र ताहिर खां ने बताया वह शनिवार की रात 9.30 बजे बस स्टैंड से घर वापस जा रहा था। तभी ब्लॉक चौराहे के आगे दो अज्ञात लाल मोटरसाइकिल सवार युवक उसके हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए।

लोडर की टक्कर से बाइक सवार व्यापारी पुत्र की मौत, साथी जख्मी

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर बिलग्राम कोतवाली के सदरपुर के पास हुए हादसे में व्यापारी पुत्र की मौत हो गई और उसका दोस्त बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। बताते है कि दोनों दोस्त समोसे खाने निकले हुए थे और हादसे का शिकार हो गए।

बताया गया है कि माधौगंज कस्बे के मोहल्ला गोखले नगर निवासी व्यापारी आनंद कुमार गुप्ता का 17 वर्षीय पुत्र नैमिष रविवार को बाइक से वहीं के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी अपने 18 वर्षीय दोस्त आयुष पुत्र धर्मेंद्र कुमार सोनी के साथ समोसे खाने के लिए सदरपुर जा रहा था, सदरपुर पहुंचने से पहले ही तेज़ रफ्तार लोडर ने बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे नैमिष के सिर में गहरी चोंट पहुंची और उसने वहीं पर दम तोड़ दिया, जबकि आयुष बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में आयुष को एम्बुलेंस-108 से पहले सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। नैमिष दो भाइयों में बड़ा था, एक उसका छोटा भाई प्रिंस है।

KANPUR MUNICIPAL CORPORATION
(Under Kanpur Smart City)
Nagar Nigam Mukhyalay, 3rd Floor, Moti Jheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tenders for the below mentioned work under Smart City Mission:-

Sr. No.	Name of Project	Tender Fees Non-Refundable	Earnest Money Deposit	End Date for Bid Submission	Technical Bid Opening Date
1.	Appointment of Chartered Accountant Firm for Restatement of Financial Statements Company during for the Financial Year 2019-20.	₹ 1,000.00 + ₹ 180.00 (18% GST)	₹ 50,000.00	01.07.2024 at 15:00 Hrs. (IST)	01.07.2024 at 17:00 Hrs. (IST)

a) Tender documents can be downloaded from the e-tendering website – http://etender.up.nic.in (in Kanpur Municipal Corporation tenders).
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **same as end date for bid submission.**
d) Any corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in only.
e) For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

Municipal Commissioner/Chief Executive Officer
Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited

कार्यालय नगर पंचायत कुरारा–हमीरपुर

पत्रांक– 90 / न0पं0कु0/नि0सू0/2024–25 दिनांक – 22.06.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / निर्माण कार्य हेतु अर्ह फर्मो को सूचित किया जाता है कि रा0वि0आ0 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्नांकित नाला सफाई कार्य हेतु टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं टेण्डर फार्म निर्धारित नगद मूल्य जमा कर दिनांक 24–06.24 से दिनांक–05.07.24 तक कार्यालय नगर पंचायत कुरारा से प्राप्त किये जा सकते हैं. तथा सीलबन्द टेण्डर दिनांक 06–07–24 को अपरान्ह 1.00 बजे तक नगर पंचायत में रखे टेण्डर वाक्स में डाले जायेंगे, जो इसी दिनांक को निकाय कार्यालय में समय अपरान्ह 3.00 बजे खोले जायेंगे। टेण्डर खोलते समय अनुपस्थित ठेकेदार की प्रतीक्षा नहीं की जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आंगणन की धनराशि (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (2%)	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6
1	नगर पंचायत कुरारा में विभिन्न स्थानों पर नालों की सफाई का कार्य।	4.83	9660.00	590.00	02 माह
2	नगर पंचायत कुरारां में मगही नाले की सफाई का कार्य।	4.95	9900.00	590.00	02 माह
	योग	9.78	19560.00	1180.00	–

निर्धारित शर्तें :–

1.2 प्रतिशत धरोहर धनराशि टेण्डर क्रय करने के साथ नगद /एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप जमा करनी होगी।
2. अनुबन्ध की कार्यवाही टेण्डर स्वीकृत होने के पश्चात् 03 दिवस के अन्दर करनी होगी।
3. किसी एक अथवा सभी टेण्डरों को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. टेण्डर स्वीकृत होने के बाद 8 प्रतिशत जमानत एफ0डी0आर0/एनएस0सी0 के रूप में अधिशाषी अधिकारी के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करनी होगी।
5. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी। आंगणन में दर्शायी गयी मात्राओं में स्थल की आवश्यकता के अनुसार सक्षम अधिकारियों द्वारा किया गया परिवर्तन टेण्डरदाता को मान्य होगा।
6. योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से अतिरिक्त व्यय रा0वि0आ0/ टाउन फण्ड अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से किया जाएगा।
7. टेण्डर के साथ 100/–रू0 व 10/रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जमा करना होगा जिसका प्रारूप नगर पंचायत से प्राप्त किया जा सकता है।
8. समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के तहत निर्माण कार्य सम्बन्धी नियम एवं शर्ते लागू रहेंगी। जिनका अनुपालन टेण्डरदाता को करना होगा।

अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

अध्यक्ष नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

पहली बारिश में 20 जगह धंसा रामपथ

6 घंटे की बारिश के बाद अयोध्या के 10 से भी अधिक इलाकों में हुआ जलभराव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पहली बारिश के बाद अयोध्या की नई तस्वीर सामने आई है। सबसे आकर्षक रामपथ लगभग 20 स्थानों पर धंस गया। कई मोहल्लों में पानी लबालब है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं मिली। यातायात के लिए पुलिस लगाई गई है। सड़क पर बैरियर हैं। रोलर और जेसीबी सड़क पर हैं। सफेद गिट्टी से गडढे भरे जा रहे है। पैबंद लगाने का काम तेज है। उम्मीद है कि सोमवार तक फिर सड़क पहले जैसी दिखने लगेगी।

अयोध्या में शनिवार रात करीब 10 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज हवा चली तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश ने राहत तो दी लेकिन इसी के साथ रामनगरी से पुराने शहर फैजाबाद की नई तस्वीर भी देखने को मिली। रामपथ के साथ शहर में डाली सीवर लाइन ने शहर के कई हिस्सों को गडढों में तब्दील कर दिया। श्रीराम मंदिर जाने के लिए सबसे आकर्षक रामपथ की दुर्गति सामने आ गई। सहादतगंज हनुमानगढ़ी से रिकाबगंज चौराहे तक लगभग 11 स्थानों पर राम पथ धंस गया। यह वही क्षेत्र है जिस पर सड़क निर्माण के समय ही जगह-जगह पेयजल पाइप लाइन से रिसाव देखा गया था। इसे पाटकर या फिर टयूब बांधकर सड़क निर्माण कर दिया गया। यह गड्ढे सीवर लाइन के चैंबर के पास और डिवाइडर पर थे। खास बात यह भी है कि ज्यादातर गड्ढे सहादतगंज से अयोध्या के बीच बांयी पटरी पर देखे गए। ज्यादा खोदाई इसी पटरी पर की गई थी, लेकिन मरम्मत ठीक से नहीं की गई। रिकाबगंज से अयोध्या के बीच नौ स्थानों पर रामपथ धंसा। बारिश तो रात भर हुई। सुबह आम लोगों की समझ में नहीं आया कि हो क्या गया। जैसे-जैसे पानी रिसकर जमीन में पहुंचता रहा। मिट्टी पटाई नीचे बैठती रही। राम पथ के गडढे सामान्य नहीं थे। ऊपर से केवल गोला दिखता था लेकिन अंदर नदी के करार की तरह था। जरा सा चूके तो गहरे गड्ढे में गिर जाएं। रिकाबगंज में तो तेज गति से जा रहा स्कूटर गडढे में जाते-जाते बचा। एक कार फंस गई।

रिकाबगंज रामपथ पर मुकुट काम्पलेक्स के पास धंसी सड़क। अमृत विचार

रामपथ ही नहीं, नई तस्वीर में और भी बहुत कुछ दिखा। इमामबाड़ा मोहल्ले में सीवर लाइन में पाइप लाइन नंगी हो गई। बगल की मिट्टी बैठी तो अगल-बगल की सड़क धंस गई। एक नहीं कई अन्य मोहल्ले में भी तस्वीर ऐसी ही है।

पुष्पराज से पुलिस लाइंस मार्ग की सड़क धंस गई। अभी यह नई बनी है। इस पर भी सीवर लाइन के चैंबर बनाए गए। फतेहगंज से सहादत ओवरब्रिज, मोदहा ओवरब्रिज सहित अन्य परियोजनाओं को निर्माण के लिए खोदे गए गडढ़े में पानी भर गया तो काम भी बाधित हुआ। रामपथ मार्ग से बछड़ा सुल्तानपुर जाने वाले मार्ग पर पानी भर गया। गंदगी ऊपर तैर रही थी। आना-जाना बाधित हो गया था।

राम पथ की रविवार को नई तस्वीर आने के बाद हलचल मच गई।आनन-फानन जैसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ छोटा रोलर और आदमी उतार दिए गए। जगह-जगह पुलिस के बैरियर लगाए गए। यातायात बाधित न हो इसके लिए अस्पताल के पास पुलिस लगाई गई। सफेद गिट्टी लाकर जेसीबी से इसकी भराई शुरू कर दी गई। रोलर से इसे बराबर किए जाने का काम देर शाम तक चल रहा था। विभाग की कोशिश है कि सोमवार तक इस बदसूरत तस्वीर को हटा दिया जाए। इस बावत लोक निर्माण विभाग खंड तीन के अधिशासी अभियंता से बात करने की कोशिश की गई लेकिन फोन काल रिसीव नहीं हुई।

शिवपाल बोले- उपचुनाव मिलकर लड़ेगा इंडिया गठबंधन

इटावा, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि संसदीय चुनाव की तरह ही उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों का उपचुनाव इंडिया गठबंधन मिलकर लड़ेगा। साथ ही सभी 10 सीटों को जीत कर रिकॉर्ड भी बनाएगा। वह आईटीआई चौराहे पर कृष्णा होटल में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की छोड़ी हुई मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। सपा इस सीट पर रिकार्ड मतों से न केवल जीत हासिल करेगी बल्कि विपक्षी दलों की जमानत भी जब्त कर देगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेगा। अब संसद में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दल अपनी मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष से जुड़े हुए सवाल पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष का निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ नेता मिल कर आम सहमति से करेंगे। नीट परीक्षा को लेकर कहा कि सरकार जांच में देरी कर रही है। जब पर्चा लीक हुआ था तभी जांच करा कर दंडित किया जाना चाहिए था। सरकार आरोपियों को बचाने के चक्कर जांच में ढिलाई बरतने में जुटी हुई है। आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार में हर परीक्षा का पर्चा लीक हुआ, जब की ऐसा कतई नहीं होना चाहिए था इस खामी से देश भर के करोड़ो बच्चो का भविष्य खराब हो रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बेदौली, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 22.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बेदौली, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री कय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीनशेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्टशीट/ टी शेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

लक्ष्मण
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेदौली
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

दिनेश कुमार
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत बेदौली
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

कार्यालय ग्राम पंचायत अघौली, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 22.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अघौली, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री कय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीनशेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्ट शीट/ टी शेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

दीपक कुमार बिन्द
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अघौली
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

दिनेश कुमार
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत अघौली
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

61 लाख की ठगी में लखनऊ का युवक बंदी

बाराबंकी , अमृत विचार : साइबर ठग ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मुकदमा लिखवा कर कस्टडी में लेने की बात की धमकी देते हुए मोहल्ला सुभाष नगर निवासी डॉ. योगेश कुमार से 61 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने अभियुक्त आशीष को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। डॉ. योगेश ने 24 अप्रैल को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल को रोहित शर्मा नाम के एक व्यक्ति का फोन आया उसने कहा कि आपके खिलाफ मुंबई थाने में 17 शिकायतें दर्ज हैं। धोखाधड़ी कर साइबर ठगों द्वारा डॉ. योगेश से 61 लाख रुपए ठग लिए गए। साइबर थाना प्रभारी विजय सिंह सिरोही के नेतृत्व में टीम ने रविवार को लखनऊ के लोक कॉलोनी निवासी आशीष शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया।

सुलतानपुर में व्यापारी की हत्या

कूरेभार, सुलतानपुर

अमृत विचार : जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारगंज बाजार में रविवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल व्यापारी को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। आशंका जतायी जा रही है कि चावल कारोबार में धान खरीद के लेन-देन के विवाद में बदमाशों व्यापारी की गोली मारकर हत्या की है।

राजेश जायसवाल फाइल फोटो।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। उधर, व्यापारी की हत्या की जानकारी मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया।

रविवार की रात करीब 9.30 बजे गुप्तारगंज कस्बे का निवासी चावल कारोबारी राजेश उर्फ रोहित जायसवाल (35) पुत्र विंदेश्वरी जायसवाल कस्बे में ही चंद्रिकाधाम के पास स्थित भोला चाय की दुकान पर खड़ा था। उसी समय एक बाइक पर सवार दो बदमाश उसके पास पहुंचे। उन्होंने बिना कोई बातचीत रोहित के सिर को निशाना बनाते हुए तमंचे से गोली मार दी। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, गोली सिर में लगने से रोहित की मौके पर ही मौत हो गयी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश बाइक से मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में लोगों ने घायल को मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल पहुंचाया, पुलिस को सूचना दी। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने बताया कि पुलिस मौके पर है। जांच की जा रही है। अभी कुछ लेनदेन का मामला सामने आ रहा है।

वारदात

- रविवार की रात करीब 9.30 बजे गुप्तारगंज कस्बे में हुई घटना
- बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

गला घोंटने से हुई थी युवक की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : एक सप्ताह पहले सरयू में डूबे युवक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट में युवक की गला घोंटने से मौत के बाद डूबने का खुलासा हुआ है। मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने युवक के साथ नहाने गए दो युवकों पर केस दर्ज किया है। बीते 15 जून को दोपहर बाद करनैलगंज के सरयू नदी में उदयपाल 23 वर्ष निवासी खोदहरी पुरवा भदैया थाना कटरा बाजार की मौत हुई थी। नदी में डूबे युवक के साथ दो अन्य युवक भी सरयू नदी में नहा रहे थे। युवक को डूबता देख दोनों मौके से फरार हो गए थे। घाट पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी।

जानवर टकराने से शताब्दी एक्स. का इंजन फेल

कानपुर। लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस से मवेशी टकरा गया। जिस वजह से इंजन फेल हो गया। जिस कारण करीब दो घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। ट्रेन खड़े होने की वजह को मैसेज कर कानपुर के यात्रियों ने जानकारी दी और ट्वीट कर कारण पूछा। लेकिन सही जानकारी नहीं मिल सकी।

तैराकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन लखनऊ मंडल का रहा दबदबा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम के तरणताल में आयोजित राज्य स्तरीय चार दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को 10 गोल्ड के साथ लखनऊ मंडल का दबदबा रहा। जबकि, सात गोल्ड के साथ गोरखपुर दूसरे नंबर पर रहा। शनिवार को 31 इवेंट का आयोजन हुआ, जिसमें लखनऊ व गोरखपुर ने अकेले ही 17 गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। वही विंध्याचल को पांच गोल्ड मेडल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को भी चार गोल्ड मेडल मिले। प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को विभिन्न इवेंट का आयोजन हुआ। जिसमें 53 वें व 54 वें इवेंट के 400 मीटर फ्री स्टाइल के जूनियर बालक वर्ग में शिवम सिंह गोरखपुर को प्रथम, विश्वनाथ आनंद विंध्याचल को द्वितीय स्थान व राज चौहान स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि बालिका वर्ग में शीतल निषाद स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को प्रथम, अर्पिता सिंह मेरठ को द्वितीय व रितु निषाद विंध्याचल को तृतीय स्थान प्राप्त किया।

55 वें व 56 वें इवेंट के 400 मीटर फ्री स्टाइल के जूनियर बालक वर्ग में अजीत यादव स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को प्रथम, अखिलेश यादव स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को द्वितीय व शिवाकांत निषाद विंध्याचल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं बालिका वर्ग में वंशिका राय लखनऊ को प्रथम, गायत्री वाराणसी को द्वितीय व मेशिका लावन्या को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 400 मीटर फ्री स्टाइल के सब जूनियर बालक वर्ग में प्रीतम निषाद विंध्याचल को प्रथम, आरव गुप्ता लखनऊ को द्वितीय व विवेक निषाद विंध्याचल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यालय ग्राम पंचायत धौरूपुर, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 22.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत धौरूपुर, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेत निम्नलिखित निर्माण सामग्री कय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीनशेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्ट शीट/ टी शेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

पप्पू चौहान
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धौरूपुर
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

दिनेश कुमार
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत धौरूपुर
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

वर्ग पहेली-110

बाएं से दाएं

1.1. छोटा–सा मठ 2. छोटा मंदिर या देवालय 3. साधु या संन्यासी की समाधि स्थल के समीप बनी हुई कुटिया, झोपड़ी 4. छोटा घर 5. छोटा मंडप।

4.1. पदसंज्ञित 2. नामज़द 3. मनोनीत, नामित, निर्दिष्ट।

6. दे. इनाम।

7.1. सरसों की एक किस्म, तोड़िया 2. स्त्रियों का एक आभूषण।

ऊपर से नीचे

1.1. मत या विचार रखने वाला 2. किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी।

2.1. अवनति करने वाला या गिराने वाला 2. जिसका पतन या नाश होने वाला हो 3. नीचे की ओर गिराने वाला या ले जाने वाला।

3.1. सूद, ब्याज 2. दूसरी या अन्य कला 3. लाभ।

4. प्रकाशित करना, रोशन करना।

5.1. चपत, थप्पड़ 2. मारपीट 3. धोखा, छल।



वर्ग पहेली -109 का हल

			1 वि	दे	श	
2 अ		3 ज़ि				
नि		4 दा	दू	पं	थी	
बं		दि				
5 ध	6 व	ली		7 टु		
	ज		8 चाँ	क	ना	
9 पी	ह	री		ड़ा		

सुडोकू-23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2	5		1	6		4	
	6		8	7				9
8		3		2				1
				4		5		
1								6
		9		3				
5				6		2		7
6				5	1		8	
	4		7	9		1	6	

सुडोकू - 22 का हल

8	6	7	1	5	4	2	9	3
2	3	4	9	8	6	1	5	7
1	5	9	3	2	7	8	6	4
9	1	6	7	3	2	4	8	5
3	7	2	5	4	8	9	1	6
5	4	8	6	9	1	3	7	2
4	9	1	2	7	5	6	3	8
7	2	3	8	6	9	5	4	1
6	8	5	4	1	3	7	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून सोमवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आषाढ़, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–तृतीया 25 जून 01.23 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल– मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तराषाढ़ा 15.54 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से उत्तम रहेगा तथा सभी के बीच आपसी स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान आपकी पुराने मित्रों से भी बातचीत हो सकती है जिससे मन भावुक हो सकता है। परिवार के साथ घूमने का विचार बन सकता है।

वृष — आज यदि आप प्राइवेट नौकरी करते हैं तो आपके बॉस आपसे खुश हो सकते हैं व पदोन्नति भी संभव है। यदि अभी–अभी आप कॉलेज में दाखिल हुए हैं तो कुछ सहपाठियों के द्वारा चुनौती मिल सकती है जिससे मन कुंठित रहेगा। धर्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा।

मिथुन — आज पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए कोई नया ऑफर मिलने की संभावना है, लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार–विमर्श अवश्य कर लें। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

कर्क — आज यदि आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में लगे हैं तो आपको अपना पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। आप अपने लिए नए विषयों का भी चुनाव कर सकते हैं। भोग और विलासिता वाली जीवनशैली के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

सिंह — आज यदि आप संगीत, कला या रचनात्मक क्षेत्र में काम करते हैं तो आपको अपने प्रतिद्वंद्वी से कड़ी चुनौती मिल सकती है, लेकिन ऐसे समय में उससे भागने की बजाए डटकर सामना करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।

कन्या — आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने सहकर्मियों का भरपूर साथ मिलेगा जो उन्हें उनके काम में सहयोग देगा। अध्यापक भी आपसे प्रसन्न होंगे तथा कॉलेज में आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। पिता से परामर्श लेना आपके लिए हितकर होगा।

तुला — आज आर्थिक दृष्टि से खर्चों में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यापार के क्षेत्र में हैं तो आप अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से खर्चे करेंगे जिससे मानसिक तनाव होने की भी आशंका है। ऐसे में कोई भी बड़ा खर्चा करने से पहले उस पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ विचार–विमर्श अवश्य कर लें।

वृश्चिक — आज यदि आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद या लड़ाई–झगड़ा चल रहा है तो वह समाप्त हो जाएगा। यदि आपके मन में कोई शंका है तो उनसे बात करने के लिए अनुकूल है। इसलिए उनसे खुलकर बात करें।

धनु — आज परिवार के सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा तथा वे आपके लिए कुछ नया करने का प्रयास कर सकते हैं। किसी से बात करते समय अपने शब्दों के चुनाव पर ध्यान दें तथा कटु वचन कहने से बचें।

मकर — आज दिन की शुरुआत में आपका जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है तथा दोनों के बीच मतभेद उभरकर आयेंगे। किसी भी प्रकार की द्वेष भावना को मन में न आने दें तथा उनसे खुलकर बात करें।

कुंभ — आज मानसिक रूप से आपको सिर दर्द, चिंता व तनाव की समस्या हो सकती है जिससे मन बेचैन रहने की संभावना है। ऐसे में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दें।

मीन — आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो किसी तीसरे के द्वारा आपको भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि आप उसके जाल में आसानी से नही आएंगे, लेकिन इससे आपके रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए पहले से ही इसको लेकर सतर्क रहें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा सुबह : 11.21
चाइना गेट रात : 07.20

&pictures
आई सुबह : 10.45
लव हास्टल रात : 08.00

SONY PIX
टार्जन सुबह : 10.57
जॉन रैंबो रात : 09.00

ZEE CINEMA
चेन्नई वर्सेज चाइना सुबह : 08.53
रावणासुर रात : 08.00

colors CINEPLEX
बेमिसाल सुबह : 11.35
तनु वेड्स मनु शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली– आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति– क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी– मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति– मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन–कौन आ रहा है?
पत्नी– मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला– तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा– इंग्लिश चलेगी न?
लड़की– जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

संपादकीय

नक्सलवाद की समस्या

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है। राज्य में नक्सलवादियों की सक्रियता सरकार के नक्सल-विरोधी अभियान से संबंधित नीतियों पर प्रश्नचिह्न है। सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया। साफ है,नक्सली घात लगाकर आधुनिकतम घातक हथियारों से हमला बोलने में सक्षम व समर्थ हैं। साथ ही नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों ने अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। संगठन के बड़े कैडरों ने अपने लड़ाकों को नकली नोट छापने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। पुलिस ने रविवार को तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाने की मशीन, नकली नोटों के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किए। तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे राज्य में पहली बार नक्सलियों के नकली नोट बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों के दबाव में और धन की कमी के कारण, नक्सली क्षेत्र के आंतरिक इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की खरीद के लिए नकली नोटों का उपयोग करने और स्थानीय आदिवासी विक्रेताओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य है कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा जाली नोट छापे जाने को लेकर एनआईए को भनक तक नहीं है। नक्सली इस कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की भी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य की संवैधानिक व्यवस्था को यह गंभीर चुनौती है। जाहिर है, इनसे न केवल सख्ती से निपटने की जरूरत है, बल्कि खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क करने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार की जासूसी संस्थाएं असफल रही हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या वर्ष 2000 के आसपास सामने आई। यहां स्थिति गंभीर व चुनौतीपूर्ण थी। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पंहुचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के मुकाबले कमी आई है। शुक्रवार को सुकमा में चार नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इसके बावजूद अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में बदलाव किया है। इसलिए इन्हें नेस्तनाबूद करने की जिम्मेदारी अब सेना व सुरक्षा बलों को संयुक्त रूप से सौंप देनी चाहिए।

बढ़ते तापमान का कारण और स्थायी समाधान

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिन: का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।

विकास के नाम पर कृत्रिम धन को संचित करने के लिए , जो मानव जीवन के लिए जरूरी वास्तविक धन है, उसको लूटने की होड़ मची हुई है। हम सहअस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्रकृति के संसाधनों को निचोड़ रहे है, इसके कारण ही आज धरती हीट वेव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। अब तो तापमान बढ़ने की बात सिर्फ दिन के समय की नहीं रही, बल्कि अब रातें भी गर्म होने लगी है, भूमिगत जल का तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो चुका है। इतना तापमान भारत में हीट वेव की रेड कैटगरी के अंतर्गत आता है। जो कि मानव के स्वास्थ्य के हिसाब से बहुत अधिक है या नुकसानदायक है। इतना ही नहीं इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना इजाफा हो सकता है। अगर तापमान बढ़ने के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों (कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन आदि) के अलावा इन निम्न पहलुओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स जैसे कारणों को अनदेखा किया जाना, भूमिगत जल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला आदि का मनमाना दोहन, नदियों, तालाबों, कुंओं, बावड़ियों में जल स्तर घाट जाना यानी पृथ्वी की सतह पर पानी का कम हो जाना, घरों में एसी के उपयोग होने के कारण स्थानीय तापमान में वृद्धि होना, जंगल कटान के कारण पशु पक्षियों का कम होना, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी होना एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना व सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का घटना बढ़ना इत्यादि । भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है। इसमें सबसे पहला तो यही काम है जो कॉप -28 में निर्णय जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लेकर लिए गए उनका पालन व क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो तभी हम इस परेशानी को एक अवसर के रूप में बदल सकते है। स्पष्ट है कि हमको धरती की स्थानीय वहन क्षमता के अनुसार खनिजों का खनन करना होगा। इससे कम समय में काफी सार्थक और उपयोगी परिणाम प्राप्त हो पाएंगे। दूसरा दुनिया में 'सहअस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में एक सामान पर्यावरणीय कानून और नियम लागू किए जाएं। इसके अलावा भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए देश में प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज़ किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है।

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके। बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो जिसमे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाए एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत पूरी दुनिया में लागू हो। इसके लिए हमको कुछ बदलाव अपने में करने होंगे तभी हम इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पा सकेंगे। इसीलिए पैसे के मूल्य और चक्र को देखते हुए, विश्व में वस्तु विनिमय प्रणाली को प्रोत्सासहित किया जाए। सर्कुलर इकोनॉमी का सबसे बड़ा फायदा ये है, कि ये स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी । यानि भारत सरकार को चाहिए कि जो कौशल विकास के नाम पर जो केंद्र चलाए जा रहे है वो स्थानीय संसाधनों के आधार पर चलाए। जिससे कि प्रशिक्षित लड़के - लड़कियों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सके। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रोजगार मिलने के साथ साथ उस क्षेत्र की जैव विविधता भी समृद्ध बनी रहेगी एवं पलायन, शहरीकरण, पर्यावरण, झुग्गी झोपड़ी का विस्तार, भी नहीं होगा व कुटीर उद्योग बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता बनी रहेगी । इस तरह के प्रयास से किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। तभी हम भारत के संविधान व पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार एक मजबूत इको साइड कानून की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके लिए हमको कुछ नियम बैंको या ऋण देने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में मजबूत और प्रकृति के नियमों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व परियोजनाओं को ऋण उपलब्ध हो। इसके लिए प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए सर्वोच्च कार्य का दर्ज़ा प्राप्त हो। इसके बाद अंत में बात जीवन शैली की आती है। इसमें हमको ऋतू के अनुसार अपने खान पान और पहनावे पर भी ध्यान देना होगा ताकि मानव शरीर का इम्म्यून पावर भी ताप को सहन करने योग्य हो सके।

उपरोक्त उपायों के साथ साथ हमको स्थायी समाधान तलाशना होगा। क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन या रूपांतरण का स्थायी हल नहीं है। न ही इसका स्थायी समाधान देश और दुनिया की किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ दुनिया के किसानों के पास है। क्योंकि किसान ही है जिसका सीधा संबंध मिटटी से होने के कारण, जैव विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। किसान ही है जो जल की नदियों का पुनः धरती से आकाश यानि जल का लंबवत बहाव सुनिश्चित कर सकता है। जिस दिन ये लंबवत जल का प्रवाह फिर से सही मात्रा में होने लगेगा, हम प्रकृति को व्यवस्थित कर संतुलन में ला सकेंगे । यानि बारिश, ताप, दाब, आर्द्रता आदि मानकों को सही अनुपात में ला सकेंगे। कुल मिलाकर हम प्रकृति के चक्रण को व्यवस्थित कर लेंगे । ये जो एकल कहानी ग्रीन हाउस गैसों के बारे में जलवायु परिवर्तन को लेकर बताई जा रही है, ये दुनिया को अव्यवस्थित कर देने लिए काफी है। अगर हम जलवायु परिवर्तन को सुधारने के चक्कर में सिर्फ इन गैसों को कम करने के प्रयास करते रहे तो निश्चित मान कर चलो कि ये प्रक्रिया दुनिया के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी। धरती पर दो तरह की नदियों का प्रवाह होता है एक क्षितिज के समानान्तर दिशा में दूसरा क्षितिज के लंबवत दिशा में। हमने पेड़ पौधे व मिटटी में कार्बन की मात्रा कम करके इस लंबवत प्रवाह को प्रभावित किया है जिसके कारण ये तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगर प्रकृति की दृष्टि से सोचें तब शायद हमको अच्छे परिणाम विज्ञान के माध्यम से मिल सकेंगे।

प्रसंगवश

स्मार्ट वर्क के युग में हार्ड वर्क की उपादेयता

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

डिजिटल उपकरणों से लैस आधुनिकीकरण, शहरीकरण और पाश्चात्यकरण के इस दौर में स्मार्ट वर्क की संकल्पना का जोर है। अब यह संकल्पना केवल भौतिक जीवन शैली को समृद्ध करने तक सीमित नहीं रह गई है, वरन यह मानवीय संबंधों, व्यवहार तथा भावनाओं पर भी बड़ी तेजी से पकड़ बनाती जा रही है। दूसरे शब्दों में मानवीय मनोविज्ञान तथा व्यवहार को भी बहुत गहरे तक प्रभावित कर रही है। मनुष्य स्वचालित यंत्र की भांति व्यवहार कर रहा है, अपने स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु मशीनों की भांति व्यवहार करने लगा है।

एक और विवेक प्रधान, भावना प्रधान मनुष्यों में मशीनी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया जा रहे हैं, जिससे जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सके। कदाचित मानव की जीवन को आसान बनाने की प्रवृत्ति उसमें कठोर श्रम के प्रति अलगाव उत्पन्न कर रही है। वह केवल मस्तिष्क की गणनाओं व बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर जीवन को संचालित करना चाहता है।

केवल मस्तिष्क के अनुसार जीवन को संचालित करने की प्रवृत्ति वास्तविक संबंधों में भी प्रवेश करती जा रही है। यही कारण है आज चौतरफा हिंसा, तनाव, अलगाव विद्वेष आदि की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भौगोलिक दूरिया जितनी तेजी से घट रही है, मानसिक दूरियां बढ़ती जा रही हैं । सुख सुविधाओं के पालने में पलने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अवसाद ग्रस्त हैं। प्रश्न यह है कि क्या कोरा स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का स्थान ले सकता है ? बेशक डिजिटल क्रांति के विस्तार और विकास के साथ जीवन सरल होता चला जाएगा लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त मशीनें कभी भी मानवीय भावनाओं, प्रेम , करुणा , दया और मौलिक सृजन का स्थान नहीं ले सकते।

उदाहरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक से निर्मित भगवान राम का चित्र ही लीजिए । यह चित्र भावनाओं के स्तर पर अधूरा सा लगता है क्योंकि इसमें कलाकार का समर्पण, भक्ति और भावना नहीं है जो उसके स्पर्श से चित्र में नैसर्गिक सौंदर्य एवं उत्कृष्टता लाती है , जिससे चित्र अतीत के परिपेक्ष्य में जीवंत हो उठते है। जिस प्रकार चैटजीपीटी माध्यमों से विभिन्न क्षेत्रो मे लेखन और काव्य सृजन की बात प्रचारित की जा रही है, उसमें भी भावनाओं और मौलिकता का अभाव होगा जिससे तमाम शब्दों से अलंकृत और व्याकरण की सटीकता के बावजूद अधूरापन रहेगा। व्यक्ति द्वारा हृदय की कोमल भावनाओं की गहराइयों में डूबकर और मस्तिष्क की पूर्ण स्मृतियों और वर्तमान परिदृश्य के आधार पर जो दृश्य खिंचा जाता है वह अनुपम , अतुल्यनीय होता है , मशीनों से ऐसी उम्मीद बेमानी है ।

उदाहरण के लिए हस्तशिल्प को ही लीजिए। आज मशीनों से निर्मित तमाम प्रकार के परिधान बाजार में सस्ती कीमतों में उपलब्ध है , लेकिन क्या यह हाथ की कारीगरी की खूबसूरती व कला सौंदर्य को उकेर सकते हैं । यही कारण है संभ्रांत वर्ग में आज भी इसकी उच्च स्तरीय मांग बनी हुई है।

डिजिटल क्रांति से पेपरलेस का दावा किया गया लेकिन किताबों का विकल्प ई-बुक नहीं हो सकता। जो आनंद पुस्तकों के शब्द सागर में डूबने में है , वह ई-बुक्स में कहां? यह तो पाठक ही भली भांति जानता है । अतः डिजिटल क्रांति समय और श्रम को बचाने का कार्य तीव्रता और सटीकता से करने के मामले में मानवीय श्रम से कहीं बेहतर है, लेकिन भावनात्मक , मौलिक सृजन मानवीय श्रम का स्थान कभी नहीं ले सकती।

इसलिए आवश्यक है मनुष्य मशीनों पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहकर अपनी भावनाओं को नव आयाम दे, मौलिकता को बनाए रखते हुए उत्पादकता बढ़ायी जाए। यही मानव जीवन की उपादेयता और सुंदरता है, प्रकृति के साथ समरसता का प्रतीक है । प्रकृति के अंश को प्रकृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जो मानवीय प्रकृति व संस्कृति को सही दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है।

बाजार बनी दुनिया में क्या है जिसकी बोली न लगे



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें?

प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्वेश्चन आउट होकर बिकना हमारे बाजार का हिस्सा बन चुका है। वही बाजार, जिसे हम अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की भाषा में ' बाजारवादी व्यवस्था का सिरमौर' कहते हैं। बाजार खरीदार बनाता है और खरीदार भी अक्सर नए बाजार को खड़ा करते हैं।

फिल्मों में देखते हैं कि जिलों में हाकिमों की पोस्टिंग बिकती है, अखबारों में पढ़ते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों, कुलसचिवों के पद बिकने के आरोप लग रहे हैं, टीवी में देखते हैं कि एमपी और एमएलए कभी खुदरा तो कभी थोक के भाव में बिक जाया करते हैं, सुनते आए हैं कि मालदार थानों में दारोगा जी की पोस्टिंग की बोलियां लगती हैं, मनचाहा शहर और कॉलेज में पोस्टिंग पाने के लिए प्रोफेसर साहेबानों को अक्सर मोटा माल डाउन करना पड़ता है तो फिर परीक्षाओं के पहले उसके क्वेश्चन पेपर्स क्यों न बिकें?

जब दुनिया बाजार बनने लगती है तो ऐसा क्या है जिसकी बोलियां न लगें? बाजार की अपनी कोई नैतिकता नहीं होती। उसे नियमों और कानूनों से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन, जब रेगुलेटर्स ही बिकने के लिए तैयार हों तो नियम और कानून गया भाड़ में। उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें? बचपन से बाप के वैध-अवैध पैसों के बल पर फर्राटे से एसयूवी उड़ाते दोस्तों के साथ पिज्जा खाने जाने की आदत है। तो, उसे भी कमाई वाली नौकरी चाहिए। हर पैसे वाले का बेटा मेधावी ही हो जरूरी नहीं। चाहे जितना कोटा में कोचिंग करवा लो, नीट या जेईई कठिन एक्जाम हैं, नेट में अच्छा स्कोर लाना कठिन है। सीटें सीमित हैं, अभ्यर्थी अपरम्पार हैं। लेकिन पैसा भी एक चीज है जो बहुत कुछ खरीद सकता है। किसी भी कीमत पर अपनी संतान के लिए करियर खरीद लेने की उत्कंठा पाले लोगों का एक अलग, नव धनाढ्य वर्ग डेवलप हुआ है। वैसे भी, इस देश में अब रीति नीति भी यही बनती जा रही है कि अच्छे संस्थानों में और अच्छे कोर्सों में पैसे वालों के ही बेटे पढ़ सकें।

अब, शॉर्ट कट का तकाजा है कि क्वेश्चन पेपर ही आउट करवा लिया जाए। आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लो जी, इसका भी मार्केट तैयार हो गया। एक से एक टैलेंटेड लोग लग गए क्वेश्चन आउट कर बेचने के धंधे में। पता नहीं, ये हुनर सीखी कहां से। कोई प्रिंटिंग प्रेस से ही क्वेश्चन उड़ा ले रहा है कोई रास्ते में हथौड़ा मार कर सील तोड़ ले रहा है। लाखों, करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं, जोड़ कर देखो तो अरबों का बाजार है यह। दुनिया जब बाजार बन जाती है तो हर शै का अपना बाजार सजता है। क्वेश्चन पेपर्स का भी अपना मार्केट है। सिपाही बहाली के सवालों का इतना रेट, दारोगा बहाली का इतना, मास्टर बहाली का ये रेट, इंजीनियर डॉक्टर का रेट इतना। फिर, रेट इस पर भी निर्भर करता है कि कहीं किसी सेफ जगह में किसी रिसार्ट में या होटल में मटन चिकन पनीर की प्लेटें सामने सजवा कर एक एक क्वेश्चन का आंसर भी रटवा दिया जाएं। फिर, एयरकंडीशंड गाड़ियों में अहले सुबह एक्जाम सेंटर तक पहुंचा देने का जिम्मा भी। बोले तो कंप्लीट पैकेज।

आजकल बाजार में कंप्लीट पैकेज का जमाना है। तो, पैसे वालों को अधिक आराम है। पैसा ही तो लगना है। वह तो देश को लूट कर, सरकार को लूट कर, पब्लिक को लूट कर है ही इतना कि कुछ भी खरीद लें। अब, जब बाजार सजते हैं तो कुछ सीमित आमदनी वाले मिडिल क्लास के होशियार लोग भी लपकते हैं उधर। जमीनें बेच कर, गहने गिरवी रख कर, लोन ले कर इस अंधेरे बाजार में पैसे लगा डालते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर बन गया तो क्या कहने। पिछले साल यूपी में खबरें आई थी कि प्रोफेसर बनवाने का बाजार 35-40 लाख तक चला गया था। वह भी तब जब अपने मेरिट से बीए, एमए, नेट, पीएचडी किए रहो। बाजारों के बड़े बड़े खिलाड़ी बड़ी ही सफाई से बचते हैं, बचाए जाते हैं, जांच समितियों के द्वारा, मीडिया के द्वारा, ताकि वे अगली बार अगले गुर्गों के सहारे अपने अगले खेल कर सकें। बाजार बनती दुनिया में पोस्टिंग बिकती है, सेलेक्ट होना बिकता है, एक्जाम सेंटर बिकता है, क्वेश्चन पेपर बिकता है, बहुत कुछ बिकता है। जब खरीदने वाले झोली भर कर मुंह बाए खड़े हैं तो बेचने वाला तो धरती फोड़ के निकल कर आ जाएगा। बाजार का यही नियम है।

सोशल फोरम

कृषि विज्ञान के जनक

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

दुनिया के अन्य महाद्वीपों के लोग जब वर्षा, बादलों की गड़गड़ाहट के होने पर भयभीत होकर गुफाओं में छुप जाते थे... जब उन्हें एग्रीकल्चर का ककहरा भी मालूम नहीं था.. उससे भी हजारों वर्ष पूर्व ऋषि पाराशर मौसम व कृषि विज्ञान पर आधारित भारतवर्ष के किसानों के मार्गदर्शन के लिए" कृषि पाराशर" नामक ग्रंथ की रचना कर चुके थे।

ऋषि पाराशर ग्रंथ में लिखते हैं जीवन का आधार कृषि है कृषि का आधार वृष्टि अर्थात बारिश है । हर किसान को बारिश के विषय में जरूर जानना चाहिए।

ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ के द्वितीय खंड वृष्टि खंड में बादलों को 4 भागों में वर्गीकृत किया है। आवरत मेघ,) सम्रत मेघ , पुष्कर मेघ और द्रोण मेघ । पहले वाला मेघ एक निश्चित स्थान में बारिश करता है। दूसरा मेघ एक समान बारिश करता है। तीसरे मेघ से बहुत कम वर्षा होती है। चौथे मेघ से उत्तम वर्षा होती है। ऋषि पाराशर ने कृषि भूमि को तीन भागों में विभाजित किया अनूप कृषि भूमि ,जांगल कृषि भूमि विकट भूमि। पहली से दूसरी, दूसरी से तीसरी भूमि को कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया। कृषि खंड में उन्होंने बताया किस महीने में बीजों का संग्रह करना चाहिए बीजों की रक्षा कैसे करनी चाहिए बीजों का रोपण किस विधि से होना चाहिए।

सचमुच अतीत का भारत विश्व गुरु था.. जहां ज्ञान विज्ञान कला कौशल की भरमार थी.. कोई ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे ऋषि-मुनियों ने अमूल्य ग्रंथों की रचना ना की हो..!

दुर्भाग्य से महाभारत के महायुद्ध में हजारों लाखों ऋषि महर्षि , योद्धा मारे गए.. परिणाम स्वरूप गुरुकुल शिक्षा पद्धति और शिक्षा परंपरा विद्या की वैदिक संस्थाएं लुप्त हो गईं। 90 फ़ीसदी से अधिक ज्ञान परंपरा व ग्रंथ लुप्त हो गए। आज जलवायु परिवर्तन के कारण अमेरिका ऑस्ट्रेलिया की भूमि बंजर होती जा रही है। यह भारत के ऋषि महर्षियो का ज्ञान ही था कृषि के क्षेत्र में लाखों करोड़ों वर्ष के पश्चात भी भारत भूमि बंजर नहीं हो पाई ।

-फेसबुक वॉल से

भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक था नालंदा विश्वविद्यालय

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में शिक्षा का एक प्रसिद्ध केंद्र था, जो वर्तमान बिहार में स्थित है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान हुई थी और पाल वंश के शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुंच गया था। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर से विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध था। ईसा से 1200 साल पहले। खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में बुद्ध और महावीर के समय से पहले भी इंसानी बसाहट हुआ करती थी।

नालंदा जिसका प्रारंभिक नाम "बड़गांव"और जैन धर्म मे इसे कुण्डलपुर कहा जाता था। यह बौद्ध धर्म के साथ हिंदू और जैन धर्म का भी केंद्र रहा है। शक्रादित्य ने नालंदा में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। छठवीं शताब्दी आते-आते, ये एक बहुत बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो गया। गुप्त काल के अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में तब हिंदू, जैन, बुद्ध, तीन धर्मों का प्रभाव था। जो यहां की निर्माण शैली, वास्तुकला और मूर्तियों में दिखाई देता है।

बौद्ध धर्म के ग्रंथ बताते हैं कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा में एक उपदेश दिया था। उनके एक शिष्य शारिपुत्र के नाम पर नालंदा म् एक स्तूप भी बना हुआ है। नालंदा का एक संबंध जैन धर्म से भी है। जैन सूत्रों के अनुसार भगवान महावीर ने भी कुछ वर्ष नालंदा में बिताए थे। गुप्त काल के बाद कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने नालंदा को अनुदान दिया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों का निर्माण कराया। आठवीं सदी के बाद बंगाल के पाल वंश ने नालंदा की देखरेख की। चीनी यात्री ह्वेनसांग लिखते हैं, "नालंदा में दाखिला लेने वालों में सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को प्रवेश मिलती थी।" नालंदा के सभी छात्रों ने महायान के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अठारह (हीनयान) संप्रदायों के ग्रंथों का अध्ययन किया। उनके पाठ्यक्रम में वेद , तर्कशास्त्र, संस्कृत व्याकरण, चिकित्सा, षटदर्शन, व्याकरण, एस्ट्रोनॉमी, गणित जैसे तमाम विषयों की पढ़ाई हुआ करती थी। पढ़ाई का तरीका भी अनूठा हुआ करता था।

ह्वेन सांग के लिखे अनुसार नालंदा में एक वक्त में दस हजार छात्र पढ़ाई करते थे। और उन्हें पढ़ाने के लिए लगभग 1500 शिक्षक हुआ करते थे। इन सबके ऊपर एक चांसलर हुआ करता था। ह्वेनसांग ने नालंदा के एक चांसलर, शिलाभद्र का जिक्र किया है। जो ह्वेन सांग के अनुसार योग शास्त्र के सबसे बड़े शिक्षक थे।

नालंदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही एशिया में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्दविद्या, चिकित्सा शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा था कि नालंदा के एक सहस्त्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 3 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी।

धर्मस्वामिन के अनुसार बख्तियार खिलजी की मौत के कई साल बाद नालंदा पर एक और आक्रमण हुआ था। जिसके बाद नालंदा लगभग पूरा खाली हो गया। तुर्क आक्रमणों के चलते बौद्ध भिक्षुओं में डर बैठ गया था। जिसके बाद ये इलाका खाली कर दिया गया। नालंदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास के रुप में देखा जाना चाहिए।

महत्वपूर्ण होगा स्पीकर का चुनाव

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अठारवीं लोकसभा में किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं है। भाजपा की अगुवाई में राजग यानी एनडीए की मिली-जुली सरकार है। ऐसे में लोकसभाध्यक्ष यानी स्पीकर का पद बेहद महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के कुल 240 सांसद ही हैं,जो पूर्ण बहुमत से 32 कम हैं। भाजपा का इतिहास दल बदल कराकर विपक्षी सरकारें गिराने और अपनी बनाने का रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के 2018 वाले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई थी और कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन भी गई थी;किंतु तोड़ फोड़ करके भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इसके लिए उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलाया था। कोशिश राजस्थान में भी की गई, हालाँकि योजना परवान नहीं चढ़ी। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की महा अघाड़ी सरकार में दल बदल कराया गया और उसे गिराकर शिवसेना के नए बने एकनाथ शिंदे गुट की राजग सरकार बनी। उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कॉग्रेसियों को भाजपायी बनाया गया और विजय बहुगुणा को इस्तेमाल किया गया। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट के जज जोसेफ ने इसे 'पाप'करार दिया। अपने इस स्वभाव और रीति नीति के चलते यदि स्पीकर भाजपा का बन गया तो छोटे दलों की खैर नहीं,वे चाहे जिस तरफ के हों। वो तोड़े और भाजपा में विलीन किए जाएंगे। ऐसे में 26 जून को होने वाला स्पीकर चयन बहुत महत्व रखता है तथा सांसदों,विशेषकर छोटे दलों को बहुत विवेक लगाना होगा और सूझबूझ से काम करना होगा। सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी। अभी फिलहाल भाजपा अपना ही स्पीकर बनाने पर तुली है और विपक्ष का कहना है कि यदि चंद्रबाबू नाइडू की तेदेपा का स्पीकर कैंडीडेट सामने आता है,तो वे समर्थन करेंगे; भाजपाई यदि खड़ा हुआ,तो विरोध होगा और चुनाव लड़ा जायगा। युद्ध की दुंदुभी तो बज चुकी है,प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर ही। कांग्रेस सांसद के.सुरेश ज्यादा सीनियर थे। उन्हें बाईपास करके भाजपाई भर्तिहरि महताब को इस पद पर बिठाया गया है। अगले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण और सावधानी बरतने के हैं।

ट्राला और पिकअप की भिड़ंत चालक व क्लीनर जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, विधनू/कानपुर

- शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार तड़के हुआ हादसा
- रायसेन से कानपुर मंडी आम लेने जा रहे थे

अमृत विचार : बिधनू थाना क्षेत्र के शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार सुबह चार बजे ट्राला और पिकअप में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में पिकअप के चालक और परिचालक केबिन में फंसने से जिंदा जल गए। ट्राला का चालक फरार हो गया।

घाटमपुर से नौबस्ता (कानपुर) की ओर जा रहे पिकअप की शंभुआ रेलवे पुल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ईंट लदे ट्राला से टक्कर हो गई। पिकअप के बोनट में धमाके से साथ आग लगने से चालक व क्लीनर केबिन में फंस गए। दोनों करीब 20 मिनट तक जान बचाने के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई पास नहीं पहुंच पाया। आग से ट्राला का केबिन भी जल गया। लेकिन उसका चालक भाग निकला। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घाटमपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई।

लेकिन तब तक पिकअप के चालक- क्लीनर के शव जलकर राख हो चुके थे। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया मृतक 50 वर्षीय पूरन सिंह लोधी, ग्राम पनवा, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश का निवासी था। वह पिकअप का मलिक और चालक था। दूसरा मृतक इस्माइल भी तहसील गैरतगंज का रहने वाला था। दोनों रायसेन से कानपुर आम लेने निकले थे। पिकअप में रखी 20 हजार नकदी भी जली मिली है। मौके पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के 10 मिनट में पुलिस पहुंच गई थी। आग विकराल थी जिसे बुझाने तक चालक-क्लीनर जिंदा जल चुके थे।

लकड़ी से भरे ट्रक से भिड़ा कंटेनर, चालक की मौत

मिलक (रामपुर), अमृत विचार : लखनऊ से रामपुर आ रहा कंटेनर लकड़ी भरे ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में कंटेनर चालक की मौत हो गई। चालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मिलक थाना क्षेत्र के गांव अकौदा निवासी 50 वर्षीय नासिर खान ट्रक चालक था। शनिवार को वह कंटेनर लेकर लखनऊ से रामपुर आ रहा था। रविवार की सुबह करीब पांच बजे हाईवे स्थित भैरो बाबा मंदिर के पास पहुंचा तो आगे चल रहे लकड़ी से भरे ट्रक में उसका कंटनेर जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक नासिर की उसमें फंसकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को काटकर नासिर का शव बाहर निकाला। दोनों वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कराया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। अस्पताल पहुंचे परिजन शव को देख बुरी तरह बिलखने लगे।

तेज रफ्तार डंपर ने दंपति को कुचला, मौके पर ही मौत

पाकबड़ा/मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा थाना क्षेत्र में गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दंपति को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। डंपर को कब्जे में लेकर पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। कुंदरकी थाना क्षेत्र के मोहनपुर तख्तपुर निवासी योगेश की शादी एक साल पहले असमोली थाना क्षेत्र के मालपुर मिलक निवासी हिमांशी से हुई थी। योगेश के छोटे भाई ललित ने बताया कि रविवार को योगेश अपनी पत्नी के साथ बाइक से कान की दवा लेने ससुराल मालपुर जा रहे थे। इसी दौरान लोदीपुर राजपूत गांव के पास गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। मौके पर ही दंपति ने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोग और राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बताया है कि परिजनों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। योगेश के छोटे भाई ललित ने बताया है कि, योगेश के एक कान का इलाज चल रहा था। जिसकी दवा वह ससुराल के एक डॉक्टर से लेता था। रविवार को भी वह दवा लेने जा रहा था। योगेश ने पत्नी हिमांशी से साथ चलने को कहा। परिजनों ने पत्नी को साथ ले जाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना।

30 लाख में हुआ था 15 करोड़ के प्लॉट पर कब्जे का सौदा

माफिया के बढ़ते हौसले और ताकत के खुले प्रदर्शन के पीछे थी कई दिनों की तैयारी, किराए पर इकट्ठा किए थे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर करीब 15 करोड़ कीमत के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार को सड़क पर डेढ़ घंटे तक फायरिंग की जिस घटना ने बरेली में अपराध का नया इतिहास बना दिया, उसे अंजाम देने के लिए 30 लाख रुपये कीमत अदा कर किराए के गुंडे बुलाए गए थे। कथित रूप से कोर्ट के एक आदेश के साथ राजीव राणा पक्ष पुलिस को लेकर सुबह छह बजे प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचा तो वहां हथियारों से लैस ये गुंडे भी मौजूद थे। इज्जतनगर पुलिस ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी तो दिखाई लेकिन माना जा रहा है कि यह अंदाजा उसे भी नहीं था कि मौके पर गैंगवार की भी पूरी तैयारी पहले ही की जा चुकी है।

पुलिस गिरफ्त में फायरिंग करने वाले आरोपी। : अमृत विचार

एंटी भूमाफिया और अपराधियों के पलायन कर जाने के दावों बीच शनिवार को बरेली में जो माफिया के बढ़ते हौसले और ताकत का खुला प्रदर्शन किया गया, उसके पीछे कई दिनों की लंबी तैयारी बताई जा रही है। इस मामले में गिरफ्तार एक आरोपी के मुताबिक प्लॉट पर कब्जा करने के लिए 30 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। यह सौदा हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने अपने एक दोस्त के जरिए तय कराया था। इसके बाद अवैध हथियारों के साथ शहर से देहात तक के किराए के तमाम गुंडों को बुलाया गया था।

- हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने अपने दोस्त के जरिए तय कराया था पूरा सौदा

राजीव राणा पक्ष की ओर से इन गुंडों के साथ शहर से कुछ दूर की गई पार्टी में पहले ही पूरी प्लानिंग भी समझा दी गई थी। इस प्लानिंग के बाद शुक्रवार देर रात ये सभी शहर के एक होटल में इकट्ठे हो गए थे। कुछ घंटे यहीं काटे और फिर योजना के तहत शनिवार सुबह पीलीभीत बाईपास पर पहुंचकर प्लॉट पर कब्जा शुरू कर दिया गया।काफी तोड़फोड़ होने के बाद जब आदित्य उपाध्याय पक्ष को इसका पता चला तो विरोध हुआ और फिर ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गईं।

पहले ही पता था हमले के बाद क्या करेगी पुलिस

पुलिस अधिकारियों ने इस मामले के आरोपियों की हफ्ते भर की कॉल डिटेल निकालने के साथ और उनकी लोकेशन का पता लगाने का निर्देश दिया है लेकिन वे लोग पहले ही जानते थे कि पुलिस क्या करेगी और उससे बचने के लिए तैयारी भी कर चुके थे। बताया जा रहा है कि भाड़े के बदमाशों के साथ जब पार्टी की गई थी तो उन्हें समझा दिया गया था कि हमले से पहले उन्हें क्या करना है ताकि बाद में पुलिस छानबीन करे तो यह पुष्टि न हो सके कि वे मौके पर थे। रविवार को आरोपी राजीव राणा ने अपना पक्ष साफ करते हुए जो वीडियो जारी किया, उसमें भी वह पुलिस को अपनी और अपने लोगों की लोकेशन का पता लगाने की चुनौती देता दिख रहा है।

शादी के बंधन में बंधे सोनाक्षी और जहीर

मुंबई, एजेंसी

अभिनेता जहीर इकबाल और अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा रविवार को परिवार और करीबी मित्रों की मौजूदगी में शादी के बंधन में बंध गए। सोनाक्षी (37) और जहीर (35) ने अपने परिवारों की मौजूदगी में बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में शादी की।

नवविवाहित जोड़े ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में शादी की खबर साझा की। युगल ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि आज से सात साल पहले 23.06.2017 को हम दोनों

ने एक-दूसरे की आंखों में प्यार को उसके खूबसूरत रूप में देखा था और बस तय कर लिया था कि साथ रहेंगे। ईश्वर के आशीर्वाद की बदौलत हम पति-पत्नी बन चुके हैं।

गोरखपुर में जिस महिला के शव का हुआ अंतिम संस्कार, वह झांसी में जिंदा मिली

गोरखपुर, एजेंसी

जिले के बांसगांव क्षेत्र में सामने आई एक अजीबोगरीब घटना में जिस महिला को मरा समझ कर शव का अंतिम संस्कार किया गया वह झांसी में जिंदा मिली। पुलिस ने शनिवार शाम को महिला को उसके पति से मिलवाया।

पुलिस ने बताया कि बांसगांव निवासी के राम सुमेर ने हाल में पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी पत्नी फूलमती (40) 15 जून को लापता हो गई है। उसने बताया कि 19 जून को उरुवा बाजार में एक महिला का शव मिला जिसकी

- मोबाइल की लोकेशन से महिला तक पहुंची पुलिस, छानबीन जारी

पहचान सुमेर ने अपनी पत्नी के रूप में की और उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम जांच में पता चला था कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई थी, इसलिए पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने फूलमती के मोबाइल फोन का पता लगाया तो वह गोरखपुर से 600 किलोमीटर दूर झांसी जिले में सक्रिय मिला और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) में सुल्तानपुर के शुभम नामक व्यक्ति के नंबर पर लगातार बातचीत होना पाया गया। उसने बताया कि पूछताछ करने पर शुभम ने पुलिस को बताया कि फूलमती जीवित है और वह उसे गोरखपुर से झांसी लेकर आया है जिसके बाद पुलिस ने शुभम द्वारा बताए गए स्थान पर फूलमती को ढूंढ़ लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि फूलमती का बयान दर्ज करने के बाद उसे उसके पति के साथ वापस भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि राम सुमेर, फूलमती, शुभम और उस महिला के बीच संबंध क्या संबंध था जिसका अंतिम संस्कार फूलमती समझ कर किया गया।

धार्मिक स्थल के सामने किया पेशाब, तनाव

संवाददाता टांडा (रामपुर)

अमृत विचार : धार्मिक स्थल के सामने लगे हैंडपंप पर दूसरे समुदाय के युवक ने पेशाब कर दिया। इसके बाद एक समुदाय के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ कीर्तिनिधि आनंद भी गांव पहुंच गए।

मामला टांडा थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि गांव में बने एक धार्मिक स्थल के सामने हैंडपंप लगा है। धार्मिक स्थल में लोग रोजाना पूजा करने के लिए इसी हैंडपंप से पानी लेकर जाते हैं। रविवार की शाम दूसरे समुदाय के किशोर ने हैंडपंप पर पेशाब कर दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद समुदाय के लोगों में रोष फैल गया। कुछ ही देर में तमाम लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस भी गांव पहुंच गई। पुलिस ने किशोर को हिरासत में ले लिया है। उसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही थी। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने भी गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

ईटानगर में बादल फटने से भूस्खलन, बाढ़ से असम में 4 लाख प्रभावित, 37 की मौत

ईटानगर/गुवाहाटी, एजेंसी

- जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में जलभराव हुआ।

राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं।

बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 134 रिलीफ कैंप लगाए हैं। जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अनुसार रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।

एमपी समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। अगले 3-4 दिनों में इन राज्यों को मानसून पूरी तरह कवर कर लेगा।

बस्तर में अब नकली नोट भी छाप रहे नक्सली

सुकमा (बस्तर)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाए जाने की मशीन,नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। एसपी किरण चौहान ने बताया कि संयुक्त सुरक्षा बल को विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र में भेजा गया था।

नीट पेपर लीक मामले में पुलिस ने मारा छापा

मसवासी (रामपुर)

- पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही फरार हुआ मुरादाबाद निवासी युवक

अमृत विचार : नीट पेपर लीक के मामले में लखनऊ से आई पुलिस की टीम ने चौकी क्षेत्र के बिजारखाता में एक युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल सकी।

शनिवार मध्य रात्रि के बाद पुलिस ने बिजारखाता में नीट पेपर लीक के मामले से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी। पुलिस के पहुंचने से कुछ समय पहले ही युवक रिश्तेदारी से फरार हो गया। बताते हैं कि पुलिस को मुरादाबाद के युवक की तलाश थी। पुलिस को उसके बिजारखाता में ठहरने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर एक मकान को घेर लिया। मकान की तलाशी भी ली। लेकिन युवक नहीं मिल सका। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण स्थानीय पुलिस को कोई जानकारी नहीं है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने इस मामले में कोई जानकारी होने से इन्कार किया है।

उत्तराखंड

बदरीनाथ और यमुनोत्री में चार तीर्थयात्रियों की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- चारधाम यात्रा में अब तक 157 यात्रियों की हो चुकी है मौत

अमृत विचार : चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की मौतों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को बदरीनाथ व यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारधाम यात्रा पर अब तक 157 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

चारधाम यात्रा इस वर्ष 10 मई से प्रारंभ हुई। यात्रा को लेकर शुरू से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालांकि शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा को लेकर तमाम व्यवस्थाएं की हैं लेकिन भीड़ की वजह से दिक्कतें भी सामने आती रही हैं। चारधाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन के बाद ही यात्री व वाहनों के आने की व्यवस्था है। रजिस्ट्रेशन के वक्त भी संबंधित व्यक्ति को स्वास्थ्य परीक्षण आदि का भी उल्लेख करना होता है। वहीं इस संबंध में शासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए समय-समय पर मौसम आदि से संबंधित एडवाइजरी जारी की जाती है। इसके बाद भी यात्रा पर आए दिन श्रद्धालुओं की मौत की खबरें आ रही हैं।

राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक रविवार को बदरीनाथ और यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए चार यात्रियों की जान चली गई। वहीं, अब चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 157 पहुंच गई है। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 73 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 38, गंगोत्री में 13 और यमुनोत्री धाम में 29 यात्रियों की मौत हुई है। ज्यादातर मौतें हृदयगति रुकने से हुई हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में थम नहीं रहा पानी संकट

संवाददाता, अल्मोड़ा

- दिन भर पानी की जुगत में जुट रहे लोग, जल संस्थान सड़क से लगे क्षेत्रों में टैंकर से बांट रहा पानी

अमृत विचार : जिले के ग्रामीण इलाकों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पेयजल आपूर्ति नहीं होने का सबसे ज्यादा दिक्कतें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को झेलनी पड़ रही है। रविवार को अवकाश के दिन भी ग्रामीण पानी को जुटे रहे। मुख्यालय समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में पिछले तीन माह से पेयजल की किल्लत बनी हुई है।

मजबूरन ग्रामीणों को पानी की जुगत को नदी नौलों की दौड़ लगानी पड़ रही है। इससे भी लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। रविवार को जल संस्थान ने वृद्ध जागेश्वर, रैचना मेर गांव, भाना देवली, डीनापानी, मनान, कठपुड़िया, पनुवानौला, उड़लगांव, घनेली समेत कई जल संकट वाले इलाकों में टैंकर और पिकअप के माध्यम से पानी का वितरण किया गया।

पिथौरागढ़ के बच्चे ने मजाक में भेजा था फ्लाइट में बम होने का ईमेल

हल्द्वानी/दिल्ली

अमृत विचार : दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की घटना का पटाक्षेप हो गया है। सनसनी फैलाने वाला यह ई-मेल उत्तराखंड के सीमांत पिथौरागढ़ जिले के रहने वाले एक बच्चे ने किया था। पूछताछ में पता चला कि ये मेल उसने सिर्फ मजाक के तौर पर भेजा था।

बीती 18 जून को दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की सूचना से सनसनी फैल गई थी। आनन-फानन सुरक्षा एजेंसियों ने फ्लाइट की तलाशी ली। तलाशी में विमान में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। यह मेल पिथौरागढ़ जिले के कक्षा नौ में पढ़ने वाले 13 वर्षीय किशोर ने किया था। उसे हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने किशोर से पूछताछ के बाद रविवार को घटना का खुलासा किया। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) ऊषा रंगनानी ने बताया कि लड़के ने कुछ दिन पहले बम की झूठी सूचना देते हुए फोन करने वाले एक अन्य किशोर से जुड़ी खबरों से प्रभावित होकर मजाक में ईमेल भेजा था। जांच के दौरान यह पता चला कि ईमेल भेजने के तुरंत बाद ईमेल आईडी हटा दी गई थी। किशोर ने बताया कि उसके माता-पिता ने पढ़ाई के उद्देश्य से उसे एक मोबाइल फोन दिया था जिससे उसने एक फेक ई-मेल आईडी बनाई। उसके बाद उसने इंटरनेट पर रिसर्च कर बम की धमकी देने वाला मैसेज तैयार किया और उसे दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी को भेज दिया।

काउंसिलिंग के बाद बच्चे को परिजन को सौंपा

पिथौरागढ़ की एसपी रेखा यादव ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस जांच पड़ताल करते हुए पिथौरागढ़ पहुंची थी। जहां लोकल थाने को इसकी सूचना दी और बच्चे को अपने साथ ले गई। घटना की सत्यता पता लगने के बाद दिल्ली पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद बच्चे को परिजनों को सौंप दिया।

लगातार पेपर लीक होने पर फूंका पुतला

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

चम्पावत में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कांग्रेस ने प्रदर्शन कर निष्पक्ष परीक्षा कराने की मांग की
- युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया

अमृत विचार : नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-अंडर ग्रेज्युट) परीक्षा से लेकर नेट परीक्षा पेपर लीक धांधली को लेकर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के निर्देश पर रविवार को

चम्पावत में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष पूरन सिंह कठायत के नेतृत्व में मोटर स्टेशन रोड पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का पुतला फूंका। पार्टी ने कहा कि निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराने में फेल रही मोदी सरकार युवाओं के भविष्य की अनदेखी कर रही है, 5 मई को आयोजित मेडिकल परीक्षा में धांधली के बाद 18 जून को हुई नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) का इम्तिहान स्थगित करने के साथ सीबीआई जांच के आदेश देने पड़े। आरोप लगाया कि मोदी राज में छह साल पहले बनी एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) परीक्षाओं की निष्पक्षता बनाने में नाकाम रही है। इससे देश के नौजवानों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह अधिकारी, बालादत्त थ्वाल, जिला प्रवक्ता अशोक वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. महेश ढेक, नगर उपाध्यक्ष विवेकानंद जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह बोहरा, केदार सिंह सामंत, कमल सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, कमल सिंह भंडारी, विवेक बोहरा, मुकेश राम, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार निलंबित

ब्यूरो, देहरादून

एक्शन

- 15 जून को टैंपो ट्रैवलर खाई में गिरने से हुई थी 15 तीर्थयात्रियों की मौत

अमृत विचार : रुद्रप्रयाग में चारधाम यात्रियों से भरे टैंपो ट्रैवलर के हादसे के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर परिवहन विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। चेकिंग में लापरवाही पर तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार परिवहन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया।

रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में 15 जून को हुए टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गया था। हादसे में चारधाम यात्रा पर आए 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। चारधाम यात्रा पर हुए इस हादसे को शासन ने खासी गंभीरता से लिया। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए। वहीं परिवहन विभाग ने भी हादसे की जांच की थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर खासी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आरटीओ पौड़ी ने हादसे की जांच कर दो दिन पहले परिवहन मुख्यालय भेजी थी। अब परिवहन विभाग ने तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी यशवीर सिंह बिष्ट, कार्यालय सहायक विवेक उनियाल, परिवहन उप निरीक्षक मेहताब अली व आरक्षी अमर सैनी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए को निलंबित कर दिया है। जबकि दो पीआरडी जवानों को उनके मूल विभाग में लौटा दिया गया है।

इधर, उपजिलाधिकारी ने भी मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। रिपोर्ट में परिवहन विभाग के सचल दल की भी लापरवाही मानी है। इस पर सचल दल प्रभारी परिवहन कर अधिकारी वरुणा सैनी व जगदीश चंद्र को आरोप पत्र जारी कर दिया है। वहीं पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए डीजीपी को पत्र भेजा गया है।

रोडवेज बसों की कमी से यात्री परेशान

नैनीताल, अमृत विचार : पर्यटक सीजन में शहर में यात्रियों की भीड़ लगी हुई है, जहां एक ओर दिनभर सड़कें जाम हैं। वहीं रोडवेज बस स्टैंड में भी यात्रियों की भीड़ लग रही है। बसों की कमी होने के कारण यात्रियों को घंटों तक बस का इंतजार करना पड़ रहा है। रविवार को भी नैनीताल बस स्टैंड में यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई, जिससे रोडवेज की ओर टिकट काउंटर से टिकट लेने पर ही यात्रियों को बस में बैठने दिया गया। रोडवेज की स्टेशन अधीक्षक विमला रौतेला ने बताया कि पर्यटक सीजन में रोडवेज की बसें नैनीताल से हल्द्वानी रोजाना 76 चक्कर लगा रही हैं। उसके बावजूद भी बसों की कमी है।

आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच से बढ़ रहा : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने की बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा, आधुनिक तकनीक के विस्तार पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा हुई।

उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।

नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

- **सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बाढ़ प्रबंधन परामर्श लागू करने की अपील**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की।

उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए।

ब्रह्मपुत्र का पानी मोड़कर कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन करें विकसित

शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ मॉक ड्रिल की ज़रूरत पर बल दिया। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग से निपटने के लिए मैनुअल तैयार करने को भी कहा। बैठक में भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी विभागों ने मानसून को लेकर हुई तैयारियों और कार्ययोजना के बारे में बताया। दो घंटे चली बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव, एनडीआरएफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म के आरोप में एसआई के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक शादीशुदा महिला कांस्टेबल के साथ दुष्कर्म और उत्पीड़न के आरोप में 32 वर्षीय पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह अपराध 2020 से जुलाई 2022 के बीच सानपाड़ा इलाके में हुआ था। आरोपी ने 26 वर्षीय पीड़िता से दोस्ती की और उसे शादी का झांसा देकर सानपाड़ा के फ्लैट में उससे कई मौकों पर कथित दुष्कर्म किया। दोनों ही मुंबई पुलिस में हैं। आरोपी ने पीड़िता से समय-समय पर 19 लाख रुपये भी लिए, लेकिन उसने केवल 14.6 लाख रुपये ही लौटाए। आरोपी ने महिला का पीछा भी किया। साथ ही पीड़िता को अपने पति को छोड़ने के लिए भी कहा और ऐसा न करने पर उसे मारने की धमकी दी। महिला द्वारा मुंबई के पंत नगर पुलिस थाने में दी गई शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी।

तमिलनाडु शराब कांड की हो सीबीआई जांच : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार की ओर से संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब

- **बोलीं- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी को इस मामले पर देना चाहिए बयान**

परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

उन्होंने उस मामले में गांधी और खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी का शव बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने घुसपैठ-रोधी अभियान के दौरान मारे गए एक आंतकवादी का रविवार को शव बरामद किया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किए गए घुसपैठ-रोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद उरी सेक्टर के गोहल्लान इलाके में घुसपैठ-रोधी अभियान शुरू किया था।

आत्महत्या से पहले बेटी मां व कुत्ते को मारी गोली

चंडीगढ़। पंजाब के बरनाला जिले में एक व्यक्ति ने अपनी मां, बेटी और कुत्ते की गोली मारकर हत्या करने के बाद अपनी भी जान ले ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रामराज्य कॉलोनी में व्यक्ति के घर यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि कुलबीर मान सिंह ने रिवॉल्वर से पहले अपनी बेटी निमरत कौर (21) को और अपनी मां बलवंत कौर (85) तथा पालतू कुत्ते को गोली मारी। इसके बाद व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मान लंबे समय से तनाव में था। मान की बेटी हाल ही में कनाडा से लौटी थी। उसने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

शिक्षा व्यवस्था माफिया के हवाले : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को माफिया और भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय एनटीए के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए समिति गठित की है। केंद्र सरकार ने शनिवार को एजेंसी के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी।

प्रियंका ने एक्स पर कहा कि नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट रद कर दिए गए। देश की बड़ी परीक्षाओं का यह हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफिया-भ्रष्टाचारियों के हवाले है। लालची-चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

नीट घोटाले का जिम्मा सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं पर एनटीए की नौकरशाही में फेरबदल पर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए को स्वायत्त निकाय बताया गया लेकिन असल में इसे भाजपा/आरएसएस के हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया। उन्होंने ये बाते एक्स किए पोस्ट में कही।

गोहत्या मामलाः मध्यप्रदेश के मुरैना में दो आरोपियों के खिलाफ लगाई रासुका

मुरैना (मध्यप्रदेश)। मुरैना जिले के गांव से गोमांस बरामद होने के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोहत्या की शिकायत के बाद पुलिस ने जिले के नूराबाद गांव की बंगाली कॉलोनी स्थित मकान से गोमांस और गाय की खाल जब्त की थी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदर्श शुक्ला ने बताया कि अनिपाल गुर्जर ने शिकायत दी थी कि उसने कुछ लोगों को गोहत्या करते देखा और जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उस पर हमला किया। दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। एएसपी अरविंद ठाकुर ने बताया कि आरोपी असगर और रेतुआ पर रासुका के तहत मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया।

मणिपुर में फिर गोलीबारी, सुरक्षा बलों को भेजा गया

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है। रविवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं।

- **एक घंटे हुई गोलीवार, कोई हताहत नहीं हुआ :पुलिस**

उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी गोलीबारी की। इलाके में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया गया है। अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

बैराज के सभी फाटक हरियाणा ने किए बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी।

आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आप ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी

कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, लेकिन शनिवार जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा सरकार से विनती करती हूं कि हथिनीकुंड बैराज के गेट खोल दीजिए। दिल्ली वालों का पानी छोड़ दीजिए। दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए।

जल संकट पर आप प्रतिनिधि उपराज्यपाल से मिले

नई दिल्ली। आप के प्रतिनिधिमंडल ने जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने कहा, मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है। सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

महिला की हत्या कर ट्रेनों में रखे शव के टुकड़े, 60 वर्षीय व्यक्ति धराया

इंदौर (मध्यप्रदेश)। उज्जैन में दुष्कर्म में नाकाम रहने पर महिला की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े अलग-अलग यात्री ट्रेनों में रखने के आरोप में जीआरपी ने रविवार को 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

जीआरपी अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय महिला के हाथ और पैर ऋषिकेश में यात्री ट्रेन में 10 जून को मिले थे, जबकि उसके शरीर के बाकी हिस्से इंदौर में एक अन्य यात्री ट्रेन से नौ जून को मिले थे। जीआरपी की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बताया कि महिला की नृशंस हत्याकांड के आरोप में कमलेश पटेल (60) को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले की महिला पति से झगड़े के बाद 6 जून को घर छोड़कर चली गई थी। परिवार ने 12 जून को बिलपांक पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। पटेल महिला को घर ले गया और उसे भोजन में नींद की गोली मिलाकर दी। नींद आने पर पटेल ने दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन नींद खुल गई और महिला ने शोर मचा दिया। पटेल ने रस्सी से गला घोटकर महिला की हत्या कर लाश के टुकड़े ट्रेन में रख दिए ताकि उसकी पहचान न हो सके।

कारोबार/कृषि

इलेक्ट्रॉनिक की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर होगी 240 अरब डॉलर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक और सब-असेंबली की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ प्रमुख कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है।

रिपोर्ट में सरकार से आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 35-40 प्रतिशत की सीमा में उच्च प्रोत्साहन के साथ संशोधित इलेक्ट्रॉनिक घटक की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं लाने की सिफारिश की गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का समर्थन करने के लिए घटकों और 'सब-असेंबली' की मांग 45.5 अरब डॉलर थी।

राज्यों को समय से पहले मुआवजा दे सकता है केंद्र

जीएसटी क्षतिपूर्ति : केंद्र ने 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ का लिया था कर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति के तहत राज्यों को मुआवजा देने को लिए गए कर्ज का समय से पहले भुगतान कर सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने बताया कि कर्ज को तय समय से चार महीने पहले नवंबर, 2025 तक चुकाया जा सकता है। बाजार से लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान मार्च, 2026 तक किया जाना था। अधिकारी ने कहा कि अगस्त में जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। माल और सेवा कर लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए मुआवजा उपकर को शुरू में पांच साल के लिए लाया गया था। क्षतिपूर्ति

- **तय समय से चार महीने पहले नवंबर 2025 तक चुकाया जा सकता है कर्ज**
- **बाजार से लिए कर्ज का भुगतान मार्च 2026 तक किया जाना था**

उपकर जून, 2022 में खत्म हो गया, लेकिन लेवी के जरिये जमा की गई राशि का उपयोग केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान उधार लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन को चुकाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में शनिवार को कर्नाटक ने क्षतिपूर्ति उपकर लगाने, ऋण राशि के पुनर्भुगतान और आगे की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाया था। अधिकारी ने कहा कि राज्यों को बता दिया गया है कि ऋण राशि का भुगतान जल्दी किया जा सकता है। मार्च, 2026 के बजाय नवंबर, 2025 तक ऐसा हो सकता है। इसलिए नवंबर, 2025 से आगे उपकर राशि का बंटवारा कैसे किया जाएगा, इस सब पर अगली परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का करेगी पुनर्गठन

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। गठित समूह में ओडिशा से वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है।

जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

नई दिल्ली। जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन का विकल्प होगा। परिषद ने बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1ए के जरिए नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख और पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटीआर-1 में दिए विवरण में संशोधन की अनुमति से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

सऊदी अरब में इस्पात संयंत्र जल्द स्थापित करेगा एस्सार

नई दिल्ली, एजेंसी

एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा।

समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक रुइया ने कहा कि हमें अब भी सभी अंतिम मंजूरियां नहीं मिली हैं। यह संयंत्र सऊदी अरब की घरेलू इस्पात मांग को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब एक बड़े वृद्धि

- **4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा एस्सार**

के दौर में है। वहां आज बड़ी मात्रा में इस्पात का आयात किया जाता है। ऐसे में मूल रूप से यह एक घरेलू संयंत्र होगा। तेल से समृद्ध सऊदी अरब की नजर इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण केंद्र बनने पर है। 2030 तक उसका लक्ष्य सालाना तीन लाख कारों के विनिर्माण पर है। एस्सार समूह ऐसी कारों के साथ-साथ अन्य उपभोक्ता सामान उद्योग की ओर से आने वाले इस्पात की मांग का लाभ उठाना चाहता है।

एफपीआई ने जून में अब तक शेयरों में 12,170 करोड़ रुपये किए निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये निवेश किए हैं।

नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586

करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है।

ई-कॉमर्स निर्यात बढ़ाने को राजस्व विभाग व डीजीएफटी कर रहे काम

कोलकाता। देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। देशभर में निर्दिष्ट ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन निर्यात को सुसंगत बनाया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार देश का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर है, जबकि चीन का 350 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक सहयोगी ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके इस अंतर को पाटना है। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने कहा कि इस संबंध में बहुत चीजें सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। हम राजस्व विभाग के साथ ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित करने पर काम कर रहे हैं, ताकि माल की खेप को मंजूरी में तेजी लाई जा सके। इन केंद्रों में समर्पित सीमा शुल्क और जांच जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे पहले से मंजूरी प्राप्त पार्सल को हवाई अड्डों पर ग्रीन चैनल से आगे बढ़ाया जा सकेगा और आगे इनकी जांच की जरूरत नहीं होगी।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट

- **1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ी, 831 अन्य देरी से चल रहीं**
- **मई, 2024 तक इन पर 17,07,190.15 करोड़ हो चुके हैं, खर्च जो लागत का 51.3% है**

में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3% है। मंत्रालय ने कहा है कि समयसीमा के हिसाब से देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या 554 पर आ जाएगी। 831 परियोजनाओं में से 245 एक से 12 महीने, 188 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने देरी से चल रही हैं।

10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित

हमारे खिलाड़ी हर परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परख रहे हैं

एंटीगा, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए।

मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण थी। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल दिखा सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि इंटेंट के साथ बल्लेबाजी करना अहम है।

भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है और आठ नंबर पर बल्लेबाजी विकल्प के रूप में भारत के पास रवींद्र जडेजा हैं। इससे भारत के शीर्षक्रम को छूट के साथ बल्लेबाजी करना का अवसर मिला है।

शर्मा अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को जल्द बाहर करने की फिराक में

ग्रोस आइलेट। आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा।

- विराट कोहली पर होंगी सभी की निगाहें
- टीम शीर्षक्रम के प्रदर्शन का कर रही इंतजार
- भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा मैच
- पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर दिया जवाब

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया : मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

मेरी सबसे कठिन परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी : कुलदीप यादव

ग्रोस आइलेट, एसेंसी। कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं। जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिये और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

खेल डायरी

नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

श्रीजा ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में दो स्वर्ण पदक जीते

लागोस (नाईजीरिया)। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला रविवार को फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 4-1 से हराकर डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर महिला युगल में हमवतन दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 से हराकर दूसरा स्वर्ण भी जीता। इस तरह भारत ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारत ने पुरुष युगल वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता कांस्य

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं।

रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

जीत के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल में

ब्रिजटाउन, एजेंसी

गत चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में सह मेजबान अमेरिका को 62 गेंद रहते 10 विकेट से हराकर अपना सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बन गई।

इससे पहले इंग्लैंड के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम ने सुपर आठ के अपने आखिरी मैच में 18.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गयी। अमेरिका के लिए नितीश कुमार 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कोरी एंडरसन ने 29 रन और हरमीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया।

क्रिस जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। सैम करन और आदिल रशीद ने दो दो जबकि रीस टॉप्ले और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में अमेरिका के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

अमेरिका को 10 विकेट से हराने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ खेलों में भारत को रिकॉर्ड 32 पदक

नयी दिल्ली। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के चार अधिकारियों ने फ्रांस में आयोजित 'वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ' खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन डानिया जेम्स (महिला वर्ग में) ने सेंट ट्रोपेज में आयोजित खेलों के 43वें चरण में 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पेशेवर चिकित्सकों के 'ओलंपिक खेल' माने जाने वाले इन खेलों में कैप्टन सेबेस्टियन ने छह स्वर्ण पदक जीते।

भारत ने किया द. अफ्रीका का सूपड़ा साफ

दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सीरीज पर कब्जा करने के बाद भारतीय महिला टीम ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा। लॉरा ने 57 गेंद पर 7 चौकों लगाए और तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले। अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

तीन मैचों की श्रृंखला

- स्मृति मंधाना शतक से चूकीं, 90 रन की खेली तूफानी पारी
- भारतीय महिला टीम ने सीरीज पर किया 3-0 से कब्जा

वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय

खिलाड़ी	बनाम	वर्ष	रन
स्मृति	द. अफ्रीका	2024	342
जया शर्मा	न्यूजीलैंड	2003	309
मिताली	ऑस्ट्रेलिया	2004	289
मिताली	इंग्लैंड	2010	287
पूनम	द. अफ्रीका	2021	263

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका 215/8 (50 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
लॉरा वोलवार्ट का एवं बो अरुंधति	61	57	7/0
तैजमिन रन आउट (श्रेयंका/ रिचा)	38	66	2/1
मारिजेन कैप का एवं बो पाटिल	07	20	0/0
एनेके बॉश का एवं बो अरुंधति	05	09	1/0
सुने लूस बो वस्त्राकर	13	23	1/0
नेदिन डि क्लर्क बो दीप्ति	26	46	2/0
नोनदुमिसो रन आउट (दीप्ति / घोष)	16	29	2/0
मेइके डि रिडर नाबाद	26	31	2/0
नॉनकुलुलेको म्लाबा बो दीप्ति	00	01	0/0
तुमी सेखुकुने नाबाद	06	18	0/0

अतिरिक्त -17 रन, विकेट पतन : 1-102, 2-104, 3-114, 4-120, 5-143, 6-174, 7-178, 8-178

गेंदबाज : श्रेयंका 10-0-35-1, अरुंधति 10-0-36-2, वस्त्राकर 9-0-54-1, दीप्ति 10-0-27-2, राधा 10-0-46-0, मंधाना 1-0-10-0।

भारत 220/4 (40.4ओवर)

	रन	गेंद	4/6
स्मृति मंधाना कैच खाका बो म्लाबा	90	83	11/0
शैफाली वर्मा कैच बॉश बो सेखुखुने	25	39	4/0
प्रिया पुनिया कैच बॉश बो खाका	28	40	3/1
हरमनप्रीत रन आउट	42	48	2/0
जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद	19	31	1/0
रिचा घोष नाबाद	06	03	0/1

अतिरिक्त- 10 रन, विकेट पतन : 1-61, 2-123, 3-171, 4-214

गेंदबाज : खाका 9-0-38-1, डि क्लर्क 8-0-45-0, सेखुकुने 8.4-0-43-1, म्लाबा 10-1-55-1, शेनगेस 5-0-37-0।

ऑस्ट्रेलिया पर अफगान की ऐतिहासिक जीत

ऑस्ट्रेलिया पर जीत की खुशी मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

किंग्सटाउन, एजेंसी

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी की और 148 रनों का लक्ष्य हासिल किया। इसके बाद गेंदबाजी में अफगान के गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) लेकर ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 127 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया, वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगान की गुरबाज और जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर में स्टॉयनिस ने गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली। जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इनकी तरफ से सिर्फ मैक्सवैल ने 3 छक्के और 6 चौकों की मदद से 59 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान मिशेल मार्श व स्टोइनिस ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने दहाई का आंगडा छुआ। ऑस्ट्रेलिया पूरी टीम को अफगन के गेंदबाजों ने ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप

- अफगानिस्तान ने 21 रनों से दी करारी शिकस्त
- रहमानउल्ला गुरबाज और इब्राहिम ने जड़ा अर्धशतक

60 रन गुरबाज ने 4 छक्के व 4 चौके की मदद से बनाए

51 रन जदरान ने 6 चौकों की मदद से 48 गेंदें खेल कर बनाए

सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	2	2	0	4	2.425
ऑस्ट्रेलिया	2	1	1	2	0.223
अफगानिस्तान	2	1	1	2	-0.650
बंगलादेश	2	0	2	0	-2.489

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
इंग्लैंड	3	2	1	4	1.992
दक्षिण अफ्रीका	2	2	1	4	0.625
वेस्टइंडीज	2	1	1	2	1.814
अमेरिका	3	0	3	0	-3.906

जीत की खुशी में पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)। ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

यूरो कप | बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंचे

बेल्जियम ने रोमानिया को दी शिकस्त

कोलोन (जर्मनी), एजेंसी

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।

बेल्जियम के गोलकीपर कोएन कैस्टेल्स (ऊपर बाईं ओर) गोल को रोकत हुए।

यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा

फ्रैंकफर्ट। यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा।

विंडीज व अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत जरूरी है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी नेट रनरेट पर टिकेगा।

टीमें : दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

मैच का समय : सुबह छह बजे से।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में कजाकिस्तान नहीं जाएंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 3-4 जुलाई को अस्ताना में आयोजित होगा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन
- मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया निर्णय

तीसरी बाद भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सम्मेलन में उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन में मोदी के शामिल नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े होंगे। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, पहले वह एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाने थे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल, एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जायसवाल ने सिर्फ इतना कहा कि इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है।

कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई

ओटावा, एजेंसी

- घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों की मौत हो गई थी

कनाडा की राजधानी ओटावा और टोरंटो शहर में भारतीय मिशन ने रविवार को 1985 के कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई। इस घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों की मौत हो गई थी। उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

वर्मा ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया की किसी भी सरकार को राजनीतिक लाभ के लिए अपने क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मानव जीवन राजनीतिक हितों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। सरकारों, सुरक्षा एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने, उनके वित्तपोषण को रोकने और उनकी विकृत विचारधाराओं का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इससे पहले, टोरंटो में स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर लिखा, महावाणिज्य दूत सिद्धार्थ नाथ ने 39 साल पहले इसी दिन एआई 182 में हुए बम विस्फोट में जान गंवाने वाले 329 लोगों की याद में एअर इंडिया 182 स्मारक, हंबर पार्क, एटोबिकोक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नयी दिल्ली, एजेंसी

अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर में विदेश मंत्री एस जयशंकर। ● एजेंसी

- द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर भी चर्चा की उम्मीद

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के लिए रविवार को अरब देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर और अल-नाहयान के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के समग्र परिदृश्य की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगी। उसने एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में बेहतर हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए फरवरी 2022 में विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

एक नजर

हिमाचल के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

शिमला। हिमाचल प्रदेश के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आदिवासी लाहौल स्पीति जिले के कई हिस्सों में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला प्रशासन के अनुसार भूकंप से जान माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय-तिब्बत सीमा से लगे राज्य के कई हिस्सों में सुबह 10 :56 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 .4 मापी गई।

जिया के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध का लगाया आरोप

ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री शेख हसीना पर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के खिलाफ व्यक्तिगत राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि जिया मृत्युशय्या पर हैं, क्योंकि उन्हें आगे का इलाज कराने के लिए विदेश जाने की अनुमति नहीं दी गई है। डेली स्टार की एक खबर में कहा गया है कि जिया (78) को गुलशन स्थित आवास फिरोजा पर अचानक तबीयत खराब होने के बाद शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे एंबुलेंस से एवरकेयर अस्पताल ले जाया गया।

पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया।

अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी में 10 घायल

ओहायो। अमेरिका के ओहायो राज्य की राजधानी कोलंबस में हुई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि गोलीबारी रविवार तड़के शॉर्ट नॉर्थ आर्ट्स जिले में हुई। कोलंबस पुलिस विभाग ने कहा कि सभी घायल पुरुष हैं। गोलीबारी के संदिग्ध की पुलिस तलाश कर रही है जो सफेद रंग की होंडा सिटी में फरार हो गया था।

ताइवान के आसमां पर गरजे चीनी फाइटर, तट के समीप पहुंचे पोत

कब्जे के प्रयास को लेकर अपनी दादागीरी दिखाने से बाज नहीं आ रहा चीनी

ताइपे, एजेंसी

- ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब 15 चीनी फाइटर प्लेन और छह समुद्री पोत देखे
- चीनी फाइटरों के दुस्साहस को लेकर ताइवान की सेना अलर्ट मोड पर रही

ताइवान पर कब्जे के प्रयास को लेकर चीनी अपनी दादागीरी दिखाने से बाज नहीं आ रहा। ताइवान की सेना ने पिछले 24 घंटों में उसके समुद्र तटों के आसपास छह चीनी समुद्री पोत और आसमान में 15 फाइटर प्लेन उड़ते देखे। चीनी फाइटरों के दुस्साहस को लेकर ताइवान की सेना अलर्ट मोड पर रही। इस तरह की हरकत कर चीन ने एक बार फिर ताइवान को घेरने की कोशिश की।

ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रविवार सुबह छह बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शनिवार रात 10 बजे) चीन की हरकत रिकार्ड की गई। चीनी फाइटर प्लेन ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीनी सशस्त्र बलों ने मई में भी द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया था।

ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित

ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान (स्वयं की निर्वाचित सरकार वाला क्षेत्र) मानता है कि वह एक स्वायत्त देश है। बीजिंग ताइपे के साथ अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है।

चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी, साथ ही पुनर्मिलन को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। साथ ही, सेना देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी।

फिलीपींस बोला- नहीं डरते चीन से, युद्ध हुआ तो पीछे नहीं हटेंगे

मनीला, एजेंसी। फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश चीन के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध हुआ तो पीछे भी नहीं हटेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह उन नौसेना कर्मियों को पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी।

विकसित किया कवच का नया संस्करण

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया और अधिक सक्षम एवं प्रभावशाली संस्करण कवच 4.0 विकसित किया है तथा परीक्षण के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा।

सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कवच की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। रेल मंत्री को बताया गया कि कवच के सभी तीन अनुमोदित निर्माता संस्करण 4.0 के परीक्षण के उन्नत चरण में हैं।

रूस में आतंकी हमला, सात की मौत, 2 आतंकी ढेर

मॉस्को, एजेंसी

- आतंकियों ने 40 से ज्यादा लोगों को बंधक बना रखा है

रूस के दागिस्तान में रविवार रात को एक बड़े आतंकी हमले में आतंकियों ने चर्च और पुलिस पोस्ट को निशाना बनाया। हमले में अभी तक सात लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसमें एक पादरी और छह पुलिसकर्मी शामिल हैं। रूसी नेशनल गार्ड ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। वहीं आतंकियों से मुठभेड़ जारी बताई जा रही है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात आतंकियों ने दागिस्तान और माखचकाला में दो चर्च और एक प्रार्थना घर को निशाना बनाया है। अभी भी आतंकियों ने 40 से ज्यादा लोगों को बंधक बना रखा है, जिनकी रिहाई की कोशिश लगातार की जा रही है। रूसी नेशनल गार्ड ने मोर्चा संभाल लिया है और उसकी तरफ से आतंकियों की गोली का मुहंतोड़ जवाब दिया जा रहा है। जिस प्रार्थना घर और चर्च में हमला हुआ है, वो दोनों ही मुस्लिम बाहुल्य डर्बेंट शहर में स्थित हैं।

श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया

श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी।

समाचार पोर्टल द न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गायन विक्रमसूर्या ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया जाएगा। पिछले सप्ताह, चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में उनके ट्रॉलर (मछली पकड़ने में इस्तेमाल की जाने वाली नौका) को जब्त कर लिया था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि ताजा घटना से पहले 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 180 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनके 25 ट्रॉलर जब्त किए गए थे।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को मंजूरी दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया फैसला

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को रविवार को मंजूरी दे दी। पीओके में पिछले महीने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की छह पलाटून तीन महीने के लिए क्षेत्र में तैनात की जाएंगी।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती का यह फैसला, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के खिलाफ नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ एक बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। महंगाई और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने किया और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में व्यापारी इसमें अग्रणी भूमिका में थे। जियो न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया, यह घटनाक्रम विवादित क्षेत्र के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात के बाद हुआ। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने कानून और व्यवस्था की स्थिति, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, साथ ही विवादित क्षेत्र के अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर चर्चा की।

चुनाव की तारीख को लेकर सट्टेबाजी में घिरा कंजर्वेटिव पार्टी का एक और नेता

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बोले- आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रविवार को एक बार फिर आलोचना का सामना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी पर आम चुनाव की तारीख पर सट्टा लगाने का आरोप लगा है। देश में आम चुनाव के लिए चार जुलाई की तारीख तय की गई है। यह मामला चुनाव की तारीख घोषित किए जाने से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने से संबंधित है। इससे पहले भी सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पर आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का मामला सामने आ चुका है, जिसकी जांच जारी है।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सामने आए आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे जबकि अब पता चला है कि कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्य डेटा अधिकारी की भी जुआ-रोधी नियामक द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने के आरोप में जांच की जा रही है। इस संबंध में द संडे टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद निक मेसन ने किसी भी तरह का गलत कार्य करने से इनकार किया है। यह सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक नया झटका है, जो पहले से ही सभी चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों में विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे चल रही है।

इससे पहले, सुनक के चुनाव अभियान की अगुवाई कर रहे टोनी ली और उनकी पत्नी लॉरा सैंडर्स पर चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का आरोप लगा था। ब्रिटेन में सट्टेबाजी कानूनी है, लेकिन अंदरूनी जानकारी का लाभ उठाकर सट्टा लगाना गैरकानूनी है। सुनक ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था, कई जांच चल रही हैं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे न केवल कानूनी कार्रवाई का सामना करना चाहिए, बल्कि मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि उसे कंजर्वेटिव पार्टी से बाहर निकाल दिया जाए।

गाजा संघर्ष को लेकर नहीं बदलेगा श्रीलंका का रुख

कोलंबो, एजेंसी

- विक्रमसिंघे बोले- पांच साल में हो फिलिस्तीन की स्थापना

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को पांच साल के अंदर एक अलग फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के लिए श्रीलंका के अटूट समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की वर्तमान दिवालिया अर्थव्यवस्था के बावजूद उदार सार्वजनिक योगदान से उनकी सरकार के गाजा बाल कोष में दस लाख डॉलर एकत्र किए गए, जिन्हें दान कर दिया गया है।

विक्रमसिंघे ने ये टिप्पणियां गाजा के प्रभावित लोगों के लिए पूर्वी प्रांत के मुस्लिम बहुल कट्टनकुडी में जुम्मा मस्जिद में आयोजित विशेष सेवा में भाग लेने के दौरान कीं।

उन्होंने कहा, गाजा संघर्ष को लेकर श्रीलंका का रुख कभी नहीं बदलेगा, पांच साल में एक स्वतंत्र फलस्तीन देश की स्थापना के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए और नागरिकों की हत्या बंद होनी चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, हमास से जुड़ी समस्याओं का फर्क आम लोगों पर नहीं पड़ना चाहिए। इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का समाधान अलग से किया जाना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था के दिवालिया होने के बावजूद गाजा बाल कोष की स्थापना का निर्णय लिया।

बॉलीवुड हलचल

पवन सिंह की बायोपिक का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक पवन सिंह की रियल और रील लाइफ बनी भोजपुरी फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी स्टार के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म में खुद उसी अभिनेता ने खुद का किरदार जिया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार है जब फिल्म पवर स्टार खुद पवन सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फ़िल्म पवन सिंह की लाइफ स्टाइल पर आधारित है, रीयल लाइफ में जैसे पवन सिंह हैं, वैसे ही इस फ़िल्म में भी वे दिखेंगे। मैड्ज मूवीज बैनर के तले बिग स्केल पर बनाई गई भोजपुरी फिल्म पावर स्टार के प्रोड्यूसर मधु शर्मा और समीर आफ़ताब हैं। इस फ़िल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है। फिल्म पावर स्टार में पवन सिंह, मधु शर्मा, पीयूष सुहाने, मनोज सिंह टाइगर, प्रकाश जैस, युगांत पांडे, संजय वर्मा, अजय पटेल, इंद्रेश त्रिपाठी, उजैर खान, हेमलाल कौशल, सुजीत सार्थक, अभिषेक नजर आएंगे।

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 72 वर्ष के हो गये। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ। वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे। राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया।

एसएस राजामौली ने कल्कि के ट्रेलर की तारीफ की

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशंसकों से लेकर मशहूर हस्तियों तक, हर कोई ट्रेलर की सराहना कर रहा है। निर्देशक एसएस राजामौली ने भी ट्रेलर की सराहना की है। निर्देशक एसएस राजामौली ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह पावर पैक्ड ट्रेलर है। यह फिल्म एफडीएफएस देखने के लिए सही मूड और टोन सेट करता है। अमिताभ जी, डार्लिंग और दीपिका के किरदारों में बहुत गहराई है। यह वाकई दिलचस्प है।

आतंकवाद बढ़ने का माध्यम बन रहा इंटरनेट

जम्मू, एजेंसी

- डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा- पाकिस्तानी हैंडलर घुसपैठ और हथियारों की तस्करी के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे

इंटरनेट जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने के माध्यम के रूप में उभर रहा है, क्योंकि पाकिस्तानी हैंडलर इस केंद्र शासित प्रदेश में घुसपैठ और हथियारों की तस्करी के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यह बात पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने कही।

उन्होंने कहा इंटरनेट जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने का माध्यम बनता जा रहा है, और 75 प्रतिशत चुनौतियां इससे जुड़ी हैं। हो सकता है कि कुछ अधिकारी इसे 60 से 80 प्रतिशत के बीच में रखें, लेकिन यह बयान देते हुए मैं सच्चाई से दूर नहीं हूं। डीजीपी ने कहा विदेशी व्हाट्सएप और टेलीग्राम ने अपनी सेवाओं और मंचों को बढ़ाकर हमारे लाइसेंस प्राप्त दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की संप्रभुता को कमजोर कर दिया है। मैंने इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया है, क्योंकि यह एक सुरक्षा चुनौती है।

पाकिस्तान के एक हैंडलर ने अपने स्थानीय एजेंटों के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग करके हमले की साजिश रची। वे (आतंकवादियों की) घुसपैठ के लिए भौगोलिक स्थान चुनते हैं, हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक गिराते हैं और इंटरनेट का उपयोग करके बिना किसी की नजर में आए इसे कब और कहां से उठाना है, इसकी योजना बनाते हैं। डीजीपी ने कहा कि पहले हमले को अंजाम देने की साजिश एक निजी बैठक या टेलीफोन संपर्क के माध्यम से तैयार की जाती थी।

शत्रु एजेंट अधिनियम के तहत मददगारों से निपटा जाएगा

जम्मू, एजेंसी

- दावा- कुछ महीनों में जम्मू क्षेत्र से सभी विदेशी आतंकवादियों का सफाया कर दिया जाएगा

डीजीपी ने कहा कि विदेशी आतंकवादियों का समर्थन करने वाले स्थानीय लोगों से शत्रु एजेंट अधिनियम के तहत निपटा जाएगा, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) से कहीं अधिक कठोर है। स्वैन ने दावा किया कि अगले कुछ महीनों में जम्मू क्षेत्र से सभी विदेशी आतंकवादियों का सफाया कर दिया जाएगा।

पुलिस प्रमुख ने यहां एक समारोह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनआईए ने रियासी जिले में नौ जून को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले की जांच अपने हाथ में ले ली है। यहां की पुलिस ने 12 जून को कठुआ जिले में हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है और मामले को राज्य जांच एजेंसी को सौंप दिया गया है। रियासी, डोडा और कठुआ जिलों में 9 से 12 जून के बीच चार आतंकी घटनाओं में शिव खोरी मंदिर से लौट रहे सात तीर्थयात्रियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान सहित दस लोगों की मौत हो गई थी तथा कई अन्य घायल हो गए थे। कठुआ में हुई एक मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए।